राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





12 प्रवासी कार्यकताओं का अनुभव हरियाणा में भाजपा की............ इन्लुएंसर्स पर मेहरबान योगी सरकार; योजनाओं के प्रचार वाले ट्वीट, रील........ 12

वर्ष : 15 | अंक : 138 | नई दिल्ली, गुरूवार, 29 अगस्त, 2024 | विक्रम संवत 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

## संक्षिप्त खबरें

### सीबीआई ने कोलकाता पुलिस के एएसआई की पॉलीग्राफ जांच शुरू की

नई दिल्ली। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में एक प्रशिक्षु चिकित्सक के बलात्कार और हत्या के मामले में गिरफ्तार संजय रॉय से कथित संबंधों का पता लगाने के लिए कोलकाता पुलिस के एएसआई अनूप दत्ता के पॉलीग्राफ टेस्ट की प्रक्रिया बुधवार को शुरू कर दी। सीबीआई ने सहायक पुलिस उपनिरीक्षक दत्ता की पॉलीग्राफ जांच करने के लिए कोलकाता की एक अदालत से अनुमति ली थी। एजेंसी ने मामले में पहले भी दत्ता से पूछताछ की थी। दत्ता इस मामले में पॉलीग्राफ जांच का सामना करने वाले आठवें व्यक्ति हैं। अधिकारियों के अनुसार, कोलकाता पुलिस कल्याण समिति में तैनात दत्ता ने यातायात पुलिस स्वयंसेवी रॉय को कथित तौर पर कई फायदे पहुंचाये थे।

### झारखंड के हित में भाजपा में शामिल होने का निर्णय लिया : चंपई

रांची। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने बुधवार को कहा कि उन्होंने झारखंड के हित में भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने का निर्णय लिया है और वह झारखंड मुक्ति मोर्चा से एवं मंत्री पद से इस्तीफा दे देंगे। वरिष्ठ आदिवासी मंत्री चंपई सोरेन ने कहा कि कि वह किसी भी स्थिति से डरे हुए नहीं हैं। उन्होंने इस सप्ताह के प्रारंभ में नई दिल्ली में केंद्रीय गृहमंत्री और पूर्व भाजपा अध्यक्ष अमित शाह से मुलाकात की थी और भाजपा में शामिल होने की घोषणा की थी। वह बुधवार को अपने बेटे के साथ रांची पहुंचे जहां बड़ी संख्या में उनके समर्थकों ने उनका स्वागत किया। चंपई सोरेन ने यहां कहा, फैसला (भाजपा में शामिल होने का) झारखंड के हित में है मुझे संघर्षो की आदत है। जब उनसे इस आरोप के बारे में पूछा कि उन पर नजर रखी जा रही है, तब पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि वह किसी भी स्थिति से भयभीत नहीं हैं। उन्होंने संकेत दिया कि बुधवार को ही वह झामुमो और मंत्री पद से इस्तीफा दे देंगे।

### झारखंड पुलिस के दो उपनिरीक्षकों से दिल्ली पुलिस ने की पूछताछ

नई दिल्ली। पिछले कुछ दिनों से यहां एक पांच सितारा होटल में ठहरे झारखंड पुलिस के दो उपनिरीक्षकों से दिल्ली पुलिस ने पूछताछ की है। दिल्ली पुलिस के सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संदेह है कि ये दोनों उपनिरीक्षक राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन की जासूसी कर रहे थे। सूत्रों के मुताबिक कि इन दोनों को मंगलवार रात यहां चाणक्यपुरी थाने की एक टीम ने पकड़ा एवं उनसे पूछताछ की। दोनों उपनिरीक्षक झारखंड पुलिस की विशेष शाखा में तैनात हैं। सूत्रों का कहना है कि दोनों को पांच सितारा होटल से थाने लाया गया और पूछताछ के बाद उन्हें छोड़ दिया गया।

## प्रधानमंत्री ने जन धन योजना के 10 वर्ष पूरे होने पर लाभार्थियों को दी बधाई

# जन धन योजना ने वित्तीय समावेशन को आगे बढ़ाने में निभाई महत्वपूर्ण भूमिका : मोदी

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री जन धन योजना के 10 वर्ष पूरे होने पर बुधवार को कहा कि यह योजना सम्मान, सशक्तीकरण और राष्ट्र के आर्थिक जीवन में भागीदारी के अवसर का प्रतीक है। मोदी ने जन धन योजना को सफल बनाने के लिए काम करने वालों की भी सराहना की और कहा कि यह योजना वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण रही है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपने आधिकारिक खाते पर लिखा, आज एक ऐतिहासिक दिन है जन धन योजना के 10 वर्ष पूरे हो गए हैं। सभी लाभार्थियों को शुभकामनाएं और इस योजना को सफल बनाने के लिए दिन-रात एक करने वाले सभी लोगों को भी बहुत-बहुत बधाई। उन्होंने कहा कि जन धन योजना वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने और करोड़ों लोगों खासकर महिलाओं, युवाओं तथा वंचित समुदायों को सम्मान देने में सबसे आगे रही है। प्रधानमंत्री ने पेशेवर मंच लिंक्डइन पर बाद में लिखा आज प्रधानमंत्री जन धन योजना को शुरू हुए एक दशक हो गया है और यह पहल महज एक नीति नहीं है। यह एक ऐसे भारत के निर्माण का प्रयास है, जहां हर नागरिक, चाहे उसकी आर्थिक पृष्ठभूमि कुछ भी हो, उसकी औपचारिक बैंकिंग प्रणाली तक पहुंच हो। मोदी ने कहा, आप में से कई लोग, खासकर युवा सोच रहे होंगे..यह इतना महत्वपूर्ण क्यों है? आखिरकार, इस युग में बैंक खाता होना बेहद ही बुनियादी बात है और इसे सामान्य बात भी माना जाता है। हालांकि, जब हमने 2014 में सत्ता संभाली, तो स्थिति बहुत अलग थी। आजादी के करीब 65 साल हो चुके थे, लेकिन हमारे लगभग आधे परिवारों के लिए बैंकिंग प्रणाली तक पहुंच दूर का सपना थी।

उन्होंने कहा कि उनकी दुनिया ऐसी थी जहां बचत घर पर रखी जाती थी, जिसके खोने तथा चोरी होने का खतरा बना रहता था। मोदी ने कहा, कर्ज तक पहुंच साहूकारों की दया पर निर्भर थी। वित्तीय सुरक्षा के अभाव से कई सपने पूरे नहीं हो पाते थे। उन्होंने कहा, जब जन-धन योजना शुरू की गई तो मुझे याद है कि इसे लेकर भी संशय की स्थिति थी। कुछ लोगों ने पूछा था क्या इतनी बड़ी संख्या में लोगों को बैंकिंग प्रणाली में लाना वास्तव में संभव है? क्या इस प्रयास से कोई ठोस बदलाव आएगा? हां। चुनौतियां काफी व्यापक थीं लेकिन इसे हकीकत बनाने के लिए भारत के लोगों का दृढ़ संकल्प भी उतना ही बड़ा था। मोदी ने कहा कि जन धन योजना की सफलता के दो पहलू हैं। एक पहलू यह है कि 53 करोड़ से अधिक लोगों ने कभी सोचा भी नहीं था कि वे बैंकिंग प्रणाली से जुड़ पाएंगे लेकिन अब उनके पास बैंक खाते हैं। उन्होंने कहा कि इन खातों में 2.3 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि जमा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 65 प्रतिशत से अधिक खाते ग्रामीण या अर्द्धशहरी क्षेत्रों में हैं, जिससे वित्तीय समावेशन की प्रक्रिया महानगरों तक सीमित नहीं रही। करीब 39 लाख करोड़ रुपये का प्रत्यक्ष हस्तांतरण हुआ है। उन्होंने कहा, लेकिन, दूसरा पहलू प्रभावशाली आंकड़ों से कहीं आगे है। जहां तक महिला सशक्तीकरण का सवाल है, जन धन योजना परिवर्तनकारी साबित हुई है। करीब 30 करोड़ महिलाओं को बैंकिंग प्रणाली में लाया गया है।

### पीएमजेडीवाई के तहत अब तक जारी किए गए 36.14 करोड़ रुपे डेबिट कार्ड

नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री जन-धन योजना के दस साल पूरा हो गए हैं। यह योजना दुनिया की सबसे बड़ी वित्तीय समावेश पहल है। पीएमजेडीवाई के तहत 14 अगस्त, 2024 तक 36.14 करोड़ रुपे डेबिट कार्ड जारी किए गए हैं, जबकि 2015 में यह संख्या 13.15 करोड़ थी। वित्तीय समावेशन के तहत रुपे डेबिड कार्ड धारक को 2 लाख रुपये तक का दुर्घटना बीमा कवर भी प्रदान किया जाता है। वित्त मंत्रालय ने बुधवार को देश में वित्तीय समावेशन के लिए राष्ट्रीय मिशन प्रधानमंत्री जन-धन योजना के सफलतापूर्वक एक दशक पूरा होने पर रुपे पीएमजेडीवाई डेबिट कार्ड की विशेषताओं के बारे में विस्तारपूवर्क जानकारी दी। मंत्रालय ने बताया कि रुपे पीएमजेडीवाई डेबिट कार्ड धारक को प्रति संपर्क रहित लेन-देन के लिए 5,000 रुपये तक की निकासी पर किसी पिन की जरूरत नहीं है। ये कार्ड उपयोगकर्ता को सभी एटीएम, पीओएस टर्मिनल और ई-कॉमर्स वेबसाइटों पर लेन-देन करने की अनुमति देता है। मंत्रालय के मुताबिक रुपे पीएमजेडीवाई डेबिट कार्ड धारक को प्रतिदिन संपर्क रहित तीन लेन-देन करने की अनुमति दी गई है। वहीं, भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम 2 लाख रुपये के कवरेज के साथ आकस्मिक मृत्यु और स्थायी कुल विकलांगता बीमा भी प्रदान करता है। उल्लेखनीय है कि वित्तीय समावेशन पीएमजेडीवाई के तहत सरकार ने 14 अगस्त 2024 तक 36.14 करोड़ रुपे डेबिट कार्ड जारी किए हैं, जबकि 2015 में यह संख्या 13.15 करोड़ थी। रुपे प्रधानमंत्री जन-धन योजना कार्ड उन लोगों को जारी किया जाता है, जिन्होंने पीएमडीजेवाई के तहत खाते खोले हैं।

## बिहार के डीजीपी आरएस भट्टी बनाए गए सीआईएसएफ के नए डीजी

### केंद्र सरकार ने सीआईएसएफ का डीजी बनाने की जारी की अधिसूचना



प्रात : किरण

पटना। बिहार के पुलिस महानिदेशक राजविंदर सिंह भट्टी अब केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के प्रमुख बन गए हैं। केंद्र सरकार ने उनको सीआईएसएफ का महानिदेशक नियुक्त किया है। केंद्र सरकार की अप्वाइंटमेंट कमेटी ऑफ द कैबिनेट ने गृह मंत्रालय की सिफारिश पर भारतीय पुलिस सेवा के दो अधिकारियों को महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्त किया है। जिसमें बिहार पुलिस के महानिदेशक राजविंदर सिंह भट्टी और सशस्त्र सीमा बल के महानिदेशक दलजीत सिंह चौधरी का नाम शामिल है। समिति ने बिहार पुलिस के महानिदेशक राजविंदर सिंह भट्टी को केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल का महानिदेशक नियुक्त किया है। 1990 बैच के आइपीएस अधिकारी भट्टी फिलहाल बिहार के पुलिस महानिदेशक हैं। वे 30 जून 2025 तक या अगले आदेश दिए जाने तक इस पद पर बने रहेंगे। उनके केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाने के बाद बिहार में नये डीजीपी की तलाश शुरू हो चुकी है। ब्यूरोक्रेसी में इस बात को लेकर कयास लगाए जाने लगे हैं कि अगला पुलिस महानिदेशक कौन होगा? दूसरा नाम दलजीत सिंह चौधरी का है। जो वर्तमान में सीमा सुरक्षा बल के महानिदेशक हैं। उन्हें बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (बीएसएफ) का महानिदेशक नियुक्त किया गया है। उनका कार्यकाल 30 नवंबर, 2025 तक या आगे के आदेशों तक जारी रहेगा।

## यूपी में बदले गए आठ रेलवे स्टेशनों के नाम




### अखिलेश बोले- नाम नहीं, हालात भी बदलें

प्रात : किरण

लखनऊ/एजेंसी। उत्तर प्रदेश में आठ रेलवे स्टेशनों के नाम बदल दिए गए हैं। उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के आठ रेलवे स्टेशनों का नाम बदलने का मंगलवार को आधिकारिक तौर पर ऐलान किया गया। इन स्टेशनों के नाम संतों और स्वतंत्रता सेनानियों के नाम पर रखे गए हैं। उत्तर रेलवे की ओर से जारी आदेश के अनुसार, जिन रेलवे स्टेशनों के नाम बदले गए हैं, उनमें जायस रेलवे स्टेशन, अकबरगंज रेलवे स्टेशन, फुरसतगंज रेलवे स्टेशन, वारिसगंज हाल्ट रेलवे स्टेशन, निहालगढ़ रेलवे स्टेशन, बनी रेलवे स्टेशन, मिसरौली रेलवे स्टेशन और कासिमपुर हॉल्ट रेलवे स्टेशन शामिल हैं। आदेश के मुताबिक, कासिमपुर हॉल्ट रेलवे स्टेशन का नाम जायस सिटी रेलवे स्टेशन, जायस रेलवे स्टेशन का नाम गुरु गोरखनाथ धाम, मिसरौली रेलवे स्टेशन का नाम मां कालिकन धाम, बनी रेलवे स्टेशन का नाम स्वामी परमहंस, अकबरगंज रेलवे स्टेशन का नाम नाम मां अहोरवा भवानी धाम, फुरसतगंज रेलवे स्टेशन का नाम तपेश्वर धाम, वारिसगंज हाल्ट स्टेशन का नाम अमर शहीद भाले सुल्तान के नाम पर रखा गया है। इसके अलावा निहालगढ़ स्टेशन का नाम बदलकर महाराजा बिजली पासी रेलवे स्टेशन किया गया है। ज्ञात हो कि अमेठी की पूर्व सांसद और भाजपा नेता स्मृति ईरानी ने इन जगहों की सांस्कृतिक पहचान और विरासत को संरक्षित करने की मांग की थी। इसके बाद इन स्टेशनों का नाम बदला गया है। रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि जायस स्टेशन के पास गुरु गोरखनाथ धाम आश्रम है, इसलिए स्टेशन का नाम आश्रम के नाम पर रखने का प्रस्ताव रखा गया था। अधिकारी ने बताया कि मिश्रौली, बानी, अकबरगंज और फुरसतगंज रेलवे स्टेशनों के पास भगवान शिव और देवी काली के कई मंदिर हैं और उनके नाम उसी के अनुसार रखे गए हैं। निहालगढ़ स्टेशन ऐसे इलाके में स्थित है, जहां पासी समुदाय की अच्छी खासी आबादी है। यहां ज्यादातर किसान रहते हैं, इसलिए इसका नाम बदलकर महाराजा बिजली पासी के नाम पर रखा गया है। उन्होंने बताया कि वारिसगंज को भाले सुल्तान की बहादुरी के लिए जाना जाता है। उन्होंने 1857 में अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी और इसलिए स्टेशन का नाम उनके नाम पर रखा गया। वहीं, रेलवे स्टेशनों के नाम बदलने के फैसले पर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सवाल उठाए हैं। अखिलेश ने योगी आदित्यनाथ सरकार पर हमला बोलते हुए कहा, भाजपा सरकार से आग्रह है कि रेलवे स्टेशनों के सिर्फ नाम नहीं, हालात भी बदलें। और जब नाम बदलने से फुरसत मिल जाएं तो रिकॉर्ड कायम करते रेल दुर्घटना की रोकथाम के लिए भी कुछ समय निकालकर विचार करें।

## सूबे में 25 आईएएस अधिकारियों का तबादला

प्रात : किरण

पटना। राज्य सरकार ने बुधवार को बड़े पैमाने पर आईएएस अधिकारियों का तबादला कर दिया है। कुल 25 आईएएस अधिकारियों का ट्रांसफर कर दिया गया है। इनमें डीडीसी, नगर आयुक्त और एसडीएम रैंक के अधिकारी शामिल हैं। जिन आईएएस अधिकारियों को हटाया गया है, उनमें 14 को नई पोस्टिंग मिली है। जबकि 11 अधिकारियों को वेटिंग फॉर पोस्टिंग रखा गया है। राजधानी पटना के तीन अनुमंडल अधिकारी यानि एसडीएम को हटा दिया गया है। हाल में ही पटना में हुए लाठीचार्ज में पुलिस की लाठी खाने से चर्चे में आये पटना सदर के अनुमंडल पदाधिकारी श्रीकांत कुण्डलिक खाण्डेकर को तबादला कर दिया गया है। उन्हें नालंदा का डीडीसी बनाया गया है। वहीं, पटना सिटी की एसडीएम गुंजन सिंह का भी ट्रांसफर कर दिया गया है। उन्हें वेटिंग फॉर पोस्टिंग रखते हुए सामान्य प्रशासन विभाग में योगदान देने को कहा गया है। दानापुर के एसडीएम प्रदीप सिंह को भागलपुर का डीडीसी बनाया गया है। 6 नगर आयुक्त बदले गये : सरकार ने कई नगर आयुक्त का तबादला किया है। सारण के नगर आयुक्त सुमित कुमार को पश्चिम चंपारण का डीडीसी बना कर भेजा गया है। मुजफ्फरपुर के नगर आयुक्त नवीन कुमार को गया का डीडीसी बनाकर भेजा गया है। सासाराम के नगर आयुक्त यतेंद्र कुमार पाल को सारण का डीडीसी बनाया गया है। नालंदा के नगर आयुक्त शेखर आनंद, मुंगेर के नगर आयुक्त निखिल धनराज निप्पणीकर, भागलपुर के नगर आयुक्त नितिन कुमार सिंह का भी ट्रांसफर कर दिया गया है। इन तीनों को वेटिंग फॉर पोस्टिंग में रखते हुए सामान्य प्रशासन विभाग में योगदान देने को कहा गया है। राज्य सरकार ने खगडिया की डीडीसी प्रीति को भागलपुर का नगर आयुक्त बनाया है। आरा के डीडीसी विक्रम विरकर को मुजफ्फरपुर का नया नगर आयुक्त बनाया गया है। नवादा के डीडीसी दीपक कुमार मिश्रा को नालंदा का नया नगर आयुक्त बनाया गया है। राज्य सरकार ने इसके अलावा भी कई और आईएएस अधिकारियों का ट्रांसफर किया है। सारण की डीडीसी प्रियंका रानी को नवादा का डीडीसी बनाया गया है। मोतिहारी सदर के एसडीएम श्रेष्ठ अनुपम को मुजफ्फरपुर का डीडीसी बनाया गया है। बिहारशरीफ के एसडीएम अभिषेक पलसिया को खगड़िया का डीडीसी बनाया गया है। बगहा की डीडीसी अनुपमा सिंह को आरा का डीडीसी बनाया गया है। वैशाली के महुआ की एसडीएम चन्द्रिमा अत्री को पूर्णिया का डीडीसी बनाकर भेजा गया है। सारण जिले के सोनपुर के एसडीएम निशांत विवेक को गोपालगंज का डीडीसी बनाकर भेजा गया है।

11 आईएएस वेटिंग फॉर पोस्टिंग : राज्य सरकार की अधिसूचना के मुताबिक मुजफ्फरपुर के डीडीसी आशुतोष द्विवेदी, नालंदा के डीडीसी वैभव श्रीवास्तव, गया के डीडीसी विनोद दूहन, गोपालगंज के डीडीसी अभिषेक रंजन, पूर्णिया की डीडीसी साहिला, पश्चिम चंपारण, बेतिया की डीडीसी प्रतिभा रानी और भागलपुर के डीडीसी कुमार अनुराग का ट्रांसफर कर दिया गया है। उन्हें वेटिंग फॉर पोस्टिंग रखते हुए सामान्य प्रशासन विभाग में योगदान देने को कहा गया है। इसके साथ ही पटना सिटी की एसडीएम गुंजन सिंह, नालंदा के नगर आयुक्त शेखर आनंद, मुंगेर के नगर आयुक्त निखिल धनराज निप्पणीकर, भागलपुर के नगर आयुक्त नितिन कुमार सिंह का भी ट्रांसफर कर दिया गया है। इन सभी को वेटिंग फॉर पोस्टिंग में रखते हुए सामान्य प्रशासन विभाग में योगदान देने को कहा गया है।

## सरकार ने गरीबों के खाते बंद कर जन-धन को बनाया लूट का जरिया : खडगे

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने कहा है कि सरकार जिन योजनाओं को उपलब्धियां बता रही हैं वे योजनाएं कांग्रेस सरकार में बनी थीं लेकिन मोदी सरकार ने उनके नाम बदले और अब उन्हीं योजनाओं को जन धन की लूट का जरिया बनाया जा रहा है। श्री खडगे ने कहा कि मोदी सरकार ने बैंकों को जन-धन की लूट का साधन बनाया है और खाते में न्यूनतम राशि नहीं होने का बहाना बनाकर हजारों खाते बंद कर गरीबों का पैसा डकारा है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार ने गरीब जन-धन बैंक खाताधारकों को धोखा नहीं दिया है तो उसे उनके सवालों का जवाब देना चाहिए। उन्होंने सरकार से तीन सवाल किए और पूछा क्या ये सच नहीं कि 10 करोड़ से ज्यादा जन-धन बैंक खाते बंद हो चुके हैं जिनमें करीब 50 प्रतिशत खाते महिलाओं के हैं। इनमें दिसंबर 2023 तक 12,779 करोड़ रुपए जमा थे। बीस फीसद जन-धन खाते बंद होने का ज़िम्मेदार कौन है। क्या यह सही नहीं है कि पिछले 9 वर्षों में जनधन खातों में औसत बैलेंस 5000 रुपये से कम यानी सिर्फ 4,352 रुपये है। इतने से पैसों में भाजपाई कमरतोड़ महंगाई के बीच, एक गरीब व्यक्ति कैसे अपना जीवन यापन कर सकता है।

**फैसला** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 28,602 करोड़ रुपये से 12 नए परियोजना प्रस्तावों को दी स्वीकृति

## कैबिनेट फैसला : 10 राज्यों में 12 नए औद्योगिक शहरों की स्थापना को मंजूरी

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए बुधवार को 28,602 करोड़ रुपये के अनुमानित निवेश से 10 राज्यों में 12 नए औद्योगिक शहरों की स्थापना को मंजूरी दी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए इस अहम फैसले की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम के तहत 28,602 करोड़ रुपये के अनुमानित निवेश से 12 नए परियोजना प्रस्तावों को मंजूरी दी है। ये औद्योगिक शहर उत्तराखंड के खुरपिया, पंजाब के राजपुरा-पटियाला, महाराष्ट्र के दिघी, केरल के पलक्कड़, उत्तर प्रदेश के आगरा एवं प्रयागराज, बिहार के गया, तेलंगाना के जहीराबाद, आंध्र प्रदेश के ओर्वकल एवं कोपर्थी और राजस्थान के जोधपुर-पाली में स्थित होंगे। इन औद्योगिक शहरों की परिकल्पना छह प्रमुख गलियारों के करीब रणनीतिक रूप से की गई है। ये परियोजनाएं भारत की विनिर्माण क्षमताओं और आर्थिक वृद्धि को रफ्तार देने में एक महत्वपूर्ण पहल को दशार्ती हैं। यह कदम देश के औद्योगिक परिदृश्य को बदल देगा। इससे औद्योगिक क्षेत्र एवं शहरों का एक मजबूत नेटवर्क तैयार होगा जो आर्थिक वृद्धि और वैश्विक प्रतिस्पर्धा को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ावा देगा। इन शहरों को वैश्विक मानकों के नए स्मार्ट शहरों के रूप में विकसित किया जाएगा। ये शहर उन्नत बुनियादी ढांचे से लैस होंगे जो टिकाऊ और कुशल औद्योगिक संचालन का समर्थन करते हैं। एनआईसीडीपी से रोजगार के महत्वपूर्ण अवसर पैदा होने की उम्मीद है। इन शहरों के गठन से करीब 10 लाख प्रत्यक्ष रोजगार और नियोजित औद्योगिकीकरण के माध्यम से 30 लाख अप्रत्यक्ष रोजगार पैदा होने का अनुमान है। इन परियोजनाओं से लगभग 1.52 लाख करोड़ रुपये की निवेश क्षमता भी पैदा होगी। इन औद्योगिक शहरों की स्थापना की परिकल्पना वित्त वर्ष 2024-25 के बजट में पेश की गई थी। बजट में घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए राज्यों और निजी क्षेत्र के साथ साझेदारी में देश के कई शहरों में या उसके आसपास ह्यप्लग एंड प्लेह्व औद्योगिक पार्क विकसित करने की घोषणा की गई थी। इस तरह के आठ औद्योगिक शहर पहले से ही कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं। चार शहरों- धोलेरा (गुजरात), ऑरिक (महाराष्ट्र), विक्रम उद्योगपुरी (मध्य प्रदेश) और कृष्णपट्टनम (आंध्र प्रदेश) में उद्योगों के लिए भूमि आवंटन का काम चल रहा है। अन्य चार शहरों में भी सरकार का विशेष उद्देश्य वाहन (एसपीवी) सड़क संपर्क, पानी और बिजली आपूर्ति जैसे बुनियादी ढांचे के निर्माण की प्रक्रिया में है। देश में 12 नए औद्योगिक शहरों की स्थापना की घोषणा के साथ इस तरह के शहरों की कुल संख्या 20 हो जाएगी। इस कदम से देश के सकल घरेलू उत्पाद में विनिर्माण की हिस्सेदारी बढ़ाने और रोजगार सृजन में मदद मिलने का अनुमान है।

## हुडको के माध्यम से ऋण प्राप्त कर आधारभूत संरचना का होगा विकास : विजय

प्रात : किरण



पटना। हुडको के मुख्य प्रबंध निदेशक संजय कुलश्रेष्ठ के साथ प्रतिनिधि मंडल उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा से उनके कार्यालय कक्ष में मिला। हुडको द्वारा उपमुख्यमंत्री के समक्ष विस्तृत प्रस्तुति दी गयी जिसमें राज्य में आधारभूत संरचना के विकास के लिए ऋण उपलब्ध कराने के संबंध में स्थिति स्पष्ट की गयी। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि राशि की कमी के कारण बिहार में कई योजनाएं लंबित हैं। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में बिहार सरकार विकास की गति बढ़ाने के लिए सभी विकल्पों पर तेजी से विचार कर रही है। इसी संदर्भ में विभागीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में हुडको के माध्यम ऋण प्राप्त करने पर विचार-विमर्श हुआ था। आज की यह बैठक उसी संदर्भ में आयोजित की गयी और अगली बैठक में विस्तार से आवश्यकतानुसार विकल्पों पर चर्चा किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य के सीमित संसाधन से सभी क्षेत्रों में आवश्यकता के अनुरूप कार्य किया जाना व्यावहारिक रूप से संभव प्रतीत नहीं हो रहा है। इसी क्रम में मैंने विभागीय पदाधिकरियों को विकल्पों पर विचार करने का निदेश दिया था। पथ निर्माण के क्षेत्र में मुख्यतः नावार्ड द्वारा ऋण प्रदान किया जाता है किन्तु इससे ग्रामीण क्षेत्रों में ही पथों का निर्माण संभव है। हुडको द्वारा दिए जाने वाले ऋण में ऐसी कोई बाध्यता नहीं है। हुडको योजना के कुल लागत का 90 प्रतिशत तक ऋण स्वीकृत करता है, जिसमें भूमि अधिग्रहण पर होने वाले व्यय को भी शामिल किया जाता है। साथ ही किसी परियोजना में केवल भूमि अधिग्रहण के लिए भी राशि उपलब्ध कराता है। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि विभागीय पदाधिकारियों को मैंने निदेश दिया है कि राज्य में सुगम यातायात की प्राथमिकता के आधार पर योजनाओं का चयन कर एक प्रतिवेदन तैयार करें, उसके आधार पर हुडको के साथ शीघ्र ही बैठक कर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित होगी। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि हुडको के मुख्य प्रबंध निदेशक को भी मैंने बिहार के विकास के लिए एक रोडमैप तैयार कर प्रस्तुत करने को कहा है। उसके आधार पर बिहार में विभिन्न क्षेत्रों में कार्य किये जायेंगे।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com
राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, गुरूवार, 29 अगस्त, 2024



## संक्षिप्त समाचार

### ब्रिगेडियर से भूमि में निवेश के नाम पर 49 लाख की ठगी

**हरिद्वार, एजेंसी।** जमीन में निवेश के नाम पर एक ब्रिगेडियर से करीब 49 लाख की धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय रक्षा मंत्रालय के ब्रिगेडियर वैभव अग्रवाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि पी बेस्ट इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड भूखंडों के नाम पर धोखाधड़ी से बिक्री कर नागरिकों ठगी कर रही है। कंपनी के निदेशक पंकज ने उन्हें और उनकी पत्नी भावना अग्रवाल को अच्छे रिटर्न का झूठा आश्वासन देकर बहादराबाद में एक भूखंड परियोजना में निवेश करने के लिए कहा। इसके बाद एक करोड़ रुपये का निवेश करा दिया। इसमें 50 लाख का लाभ होने का भरोसा दिलाया। आरोप है कि निदेशक पंकज ने उन्हें किसी अन्य कंपनी के नाम के चेक दिए गए। 51 लाख रुपये ही उन्हें वापस लौटाए गए। लक्सर हाईवे पर शाहपुर और सुल्तानपुर में दो प्लॉटिंग योजनाओं में निवेश करने के लिए भी उन्हें प्रेरित किया। इसकी शिकायत लक्सर पुलिस से भी की गई है। पुलिस ने आरोपी निदेशक पंकज निवासी आवास विकास मॉडल कॉलोनी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। बहादराबाद थानाध्यक्ष नरेश राठौड़ ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### 30 किमी दूर ऋषिकेश जाकर बुखार की दवा लाते हैं ग्रामीण

**ऋषिकेश, एजेंसी।** घाटी के बुकंडी, बिंध्यबासनी, आमकाटल, घुरगड्डी, खैराना, ताल, बदनी, कंट्रा, सिलसारी, तिमली, गुजराड़ी, घुरकाटल आदि गांवों की लगभग पांच हजार से अधिक की आबादी बुखार और सिर दर्द होने पर ऋषिकेश जाने को मजबूर हैं। अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सक उपलब्ध न होने पर ग्रामीणों को निजी अस्पतालों के चक्कर काटने पड़ते हैं। तालघाटी क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग की व्यवस्थाएं धरातल पर धूल फांक रही है। क्षेत्र में बीमार लोगों को दवाइयां उपलब्ध नहीं होती। जिन रोगियों की दवाइयां चलती हैं या रूटीन जांच के लिए अस्पताल जाना जरूरी होता है वह बरसात में सड़क बंद होने के कारण समय से अस्पताल भी नहीं पहुंच पाते। स्वास्थ्य सेवाएं नहीं होने के कारण यहां एक वर्ष में दो मरीजों की जान जा चुकी है। जिसमें बुकंडी और गुजराड़ी गांव के मरीज शामिल हैं। जिनका समय पर स्वास्थ्य उपचार न होने के कारण मौत हो गई थी। क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधा नहीं होने पर ग्रामीणों ने चिंता व्यक्त की है।

### 80 लाख रुपये से बदली जाएंगी 40 साल पुरानी सीमेंट की पेयजल लाइनें

**ऋषिकेश, एजेंसी।** पेयजल की लगभग 40 साल पुरानी लाइनों को बदलने के लिए जल संस्थान ने 80 लाख रुपये का प्रस्ताव बनाया है। प्रस्ताव को स्वीकृति मिलने और नई लाइनें बिछ जाने पर बार-बार लीकेज की समस्या समाप्त हो जाएगी। नगर वासियों के घरों में पानी की सुचारू आपूर्ति हो सकेगी। डोईवाला नगर से लेकर मिल रोड, प्रेमनगर बाजार, हंसूवाला, कुड़कावाला तक अभी भी 40 साल पुरानी पेयजल लाइनों से ही घरों में पानी की आपूर्ति हो रही है। अब पुरानी लाइनें दिक्कतें खड़ी कर रही हैं। सीमेंट की पेयजल लाइनें यातायात के अलावा पानी का प्रेशर बढ़ जाने पर लीकेज हो रही है और सड़कों पर पानी फैल रहा है। मिल चौक से लेकर कुड़कावाला तक आए दिन जल संस्थान के कर्मचारियों को लीकेज की मरम्मत करनी पड़ती है। सड़कों पर पेयजल फैलने से आवाजाही में भी बाधा पड़ती है। स्थानीय लोग जल संस्थान से कई बार समस्या का स्थायी समाधान निकालने की मांग करते रहे हैं।

### किशोर की दुर्घटना में मौत से परिवार छाया मातम

**हरिद्वार, एजेंसी।** हरिद्वार-नजीबाबाद हाईवे पर चिड़ियापुर निवासी एक किशोर रविवार को सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो था। परिजनों ने गंभीर हालत में किशोर को हरिद्वार अस्पताल में भर्ती कराया। यहां चिकित्सकों ने किशोर को हायर सेंटर रेफर कर दिया। सोमवार को किशोर की देहरादून में उपचार के दौरान मौत हो गई। जानकारी के अनुसार चिड़ियापुर निवासी नितिन सैनी (17) पुत्र धर्मवीर सिंह बाइक से किसी काम से चिड़ियापुर से भागूवाला जा रहा था। जैसे ही वह चिड़ियापुर के ढाबे से आगे निकला तो हाईवे पर अचानक भैंस आई गई।

# चौकी इंचार्ज के निलंबन और ट्रांसफर की मांग, छात्र नेताओं के समर्थन में उतरा प्रधान संगठन

**नैनीताल , एजेंसी।**
हल्दूचौड़ में सोमवार रात छात्रनेता और हल्दूचौड़ चौकी इंचार्ज के बीच हुआ विवाद अब बढ़ता जा रहा है। छात्र नेताओं के समर्थन में प्रधान संगठन और जनप्रतिनिधि भी आ गए हैं।



हल्द्वानी के हल्दूचौड़ में सोमवार रात छात्रनेता और हल्दूचौड़ चौकी इंचार्ज के बीच हुआ विवाद अब बढ़ता जा रहा है। छात्र नेताओं के समर्थन में प्रधान संगठन और जनप्रतिनिधि भी आ गए हैं। प्रधान संगठन, जनप्रतिनिधियों और छात्र नेताओं ने मंगलवार को हल्द्वानी में एसपी सिटी से मुलाकात की। उन्होंने चौकी इंचार्ज को निलंबित करने और उनके ट्रांसफर की मांग की। ऐसा नहीं करने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी। चौकी इंचार्ज पर चोरी, अवैध शराब को न रोक पाने सहित कई गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

सोमवार की रात हुए विवाद के बाद प्रदर्शनकारी छात्र नेताओं ने मंगलवार तड़के चार बजे तक हल्दूचौड चौकी में धरना दिया। इसके बाद सुबह प्रधान संगठन की अध्यक्ष रुक्मणी नेगी, ग्राम प्रधान हरेंद्र असगोला, जनप्रतिनिधि सुरेश शर्मा के नेतृत्व में छात्र नेता हल्द्वानी स्थित बहुउद्देशीय भवन पहुंचे। यहां उन्होंने एसपी सिटी प्रकाश चंद्र से मिलकर नाराजगी जाहिर की। साथ ही एसपी सिटी को वीडियो फुटेज भी दिखाए। कहा कि जन्माष्टमी कार्यक्रम में जाने के लिए छात्र घर के बाहर खड़े थे। इस दौरान हल्दूचौड़ चौकी इंचार्ज ने उनके साथ मारपीट की।

वीडियो बनाने के दौरान उनके साथ गालीगलौज की गई। उनका फोन भी छीना गया। जब छात्रों ने उच्चाधिकारियों से बात करने की बात कही तो चौकी प्रभारी ने धमकी तक दे डाली। वहीं प्रधान संगठन की अध्यक्ष रुक्मणी नेगी ने कहा कि चौकी प्रभारी और अन्य स्थानीय पुलिसकर्मियों के इस व्यवहार से क्षेत्र के लोगों में पुलिस के प्रति रोष है। आरोप लगाया कि चौकी इंचार्ज अवैध शराब, स्मैक और चोरी रोक पाने में पूरी तरह विफल रहे हैं। ग्राम प्रधान संगठन और छात्र नेताओं ने कहा कि जब तक चौकी इंचार्ज को निलंबित और उनके साथ ही मारपीट करने वाले अन्य पुलिस कर्मियों का ट्रांसफर नहीं किया जाता, आंदोलन जारी रखा जाएगा। मौके पर एसपी सिटी ने हल्दूचौड़ चौकी प्रभारी से भी फोन पर बातचीत की और लोगों से जांच के लिए चार दिन का समय मांगा।

जनप्रतिनिधियों ने कहा कि जब तक हल्दूचौड़ में पुलिस चौकी नहीं थी, पुलिस बेहतर काम करती थी। पुलिस चौकी होने के बाद से क्षेत्र में खुलेआम अवैध शराब बिक रही है। आबकारी विभाग के छापे में पकड़ी गई शराब इसका उदाहरण है। कहा कि उन्हें हल्दूचौड़ में पुलिस चौकी खुलवाने का अफसोस हो रहा है। कहा कि पुलिस हाल में हुई चोरियों का खुलासा भी नहीं कर पाई है। बताया कि आए दिन सोलर लाइटों की बैटरी चोरी हो रही हैं। लोगों ने बताया कि हल्दूचौड़ इलाके में बीती 16 अगस्त की रात को महिलाओं से चेन स्नेचिंग के दौरान छीनाझपटी भी की गई।

## बस में महिला अधिवक्ता को छेड़ते रहे दो युवक, चालक-परिचालक से लेकर यात्रियों ने नहीं किया विरोध

**ऊधम सिंह नगर, एजेंसी।** शोहदों और अपराधियों के हौंसले यूं ही बुलंद नहीं है इसके लिए जिम्मेदार हम सभी हैं। भीड़भाड़ भरी सड़क पर मनचले किसी की भी बहू-बेटी को छेड़कर चले जाते हैं लेकिन रहागीर विरोध करने के बजाय तमाशबीन बन जाते हैं।

सितारगंज में शनिवार को सिविल कोर्ट से अपना कार्य निपटाकर सुनवाई के लिए किच्छा कोर्ट जा रही महिला अधिवक्ता से चलती बस में दो युवकों ने छेड़छाड़ की। दोनों आरोपी सिसैया से बस में चढ़े थे। अधिवक्ता की शिकायत पर पुलिस ने दोनों आरोपियों बरेली के बहेड़ी निवासी नौशाद और हल्द्वानी निवासी यासीन के विरुद्ध केस दर्ज कर उन्हें हिरासत में लिया।

एक वार्ड निवासी महिला अधिवक्ता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि बीते शनिवार को वह सितारगंज सिविल कोर्ट से अपना काम निपटाकर अन्य सुनवाई के लिए करीब पौने दो बजे निजी बस से किच्छा कोर्ट जा रही थीं। बस में भीड़ होने के कारण वह पीछे की सीट पर बैठी थी। तभी रास्ते में ग्राम सिसैया से दो युवक बस में चढ़े और उसकी बराबर वाली सीट पर बैठ गए। आरोप है कि थोड़ी देर बाद दोनों ने महिला अधिवक्ता से बदतमीजी करते हुए अश्लील इशारा किया।

विरोध जताने पर दोनों आरोपी महिला अधिवक्ता से गाली-गलौज करने लगे। इतने में, उनका स्टॉप कटंगरी आ गया तो आरोपियों ने बस को रोकने का इशारा करते हुए महिला अधिवक्ता को धमकी देते हुए उसका दुपट्टा खींचकर भाग निकले।

दरोगा बबीता ने बताया कि पीड़ित महिला अधिवक्ता की शिकायत पर बहेड़ी, यूपी निवासी नौशाद पुत्र फिरोज और हल्द्वानी निवासी यासीन पुत्र शकील को हिरासत में लिया है। कोतवाल भूपेंद्र सिंह बृजवाल ने बताया कि महिला अधिवक्ता के बयान दर्ज किए गए हैं। दोनों आरोपियों के विरुद्ध चालान की कार्रवाई की जा रही है।

पीड़ित महिला अधिवक्ता ने बताया कि बदतमीजी और छेड़छाड़ के दौरान उन्होंने बस कंडक्टर सहित अन्य सवार यात्रियों से मदद मांगी।

## बदरीनाथ हाईवे पर बह रही है कंचन गंगा, ऑलवेदर रोड का काम भी तहस-नहस



**चमोली, एजेंसी।** अतिवृष्टि से बदरीनाथ हाईवे कमेड़ा से कंचन गंगा तक बदहाल पड़ा है। रड़ांग बैंड में हाईवे का 20 मीटर हिस्सा धंसा है। अतिवृष्टि से बदरीनाथ हाईवे बेहद खस्ता हालत में पहुंच गया है। गौचर के समीप कमेड़ा से कंचनगंगा (135 किमी) तक हाईवे पर जगह-जगह मलबा पसरा हुआ है। रड़ांग बैंड के समीप हाईवे करीब 20 मीटर तक धंस गया है। ऑलवेदर रोड परियोजना कार्य भी तहस-नहस हो गया है। बदरीनाथ से दो किमी पहले हाईवे पर पत्थरों की ढेर के बीच कंचनगंगा बह रही है। पिछले कई दिनों से हो रही भारी बारिश से अलकनंदा के साथ ही गाड़-गदेरे उफान पर बह रहे हैं। 22 अगस्त की रात को अतिवृष्टि से बदरीनाथ हाईवे पर जगह-जगह भू-धंसाव, भूस्खलन और टनों मलबा आ गया है। हनुमानचट्टी गांव के बरसाती नाले के उफान पर आने से बदरीनाथ हाईवे पर स्थित पुल की नींव भी खोखली हो गई है। दूधधारा नाले से कटाव से बदरीनाथ हाईवे का करीब 60 मीटर हिस्सा भूस्खलन की चपेट में आ गया है। यहां कई जगहों पर हाईवे मलबे में तब्दील हो गया है। हालांकि कार्यदायी संस्था भारत कंस्ट्रक्शन और आरजेवी कंपनी की मशीनों से हाईवे को वाहनों की आवाजाही के लिए खोला गया है। कंचनगंगा नाला हाईवे पर बह रहा है। यहां हाईवे के दोनों ओर से पत्थरों के ढेर जमा हो गए हैं। पिछले एक वर्ष से यहां मोटर पुल का निर्माण कार्य किया जा रहा था।

# चमोली के जिला अस्पताल में मरीज की अचानक बिगड़ी तबीयत, बीच में रोका गया ऑपरेशन

**चमोली, एजेंसी।**
उत्तराखंड के चमोली में गोपेश्वर स्थित जिला अस्पताल में एक महिला मरीज का चल रहा ऑपरेशन उस समय रोक दिया गया, जब मरीज की अचानक तबीयत बिगड़ने लगी। साथ ही मरीज को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। चिकित्सकों द्वारा परिजनों को सूचना मिलने के बाद उनके होश उड़ गए। वहीं इसी बीच राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मरीज को हायर सेंटर तक पहुंचाने के लिए हेलीकॉप्टर की सुविधा उपलब्ध करवाई गई। दरअसल, विकासखंड जोशीमठ के पोखनी गांव की 35 वर्षीय प्रमिला देवी पत्नी बाल सिंह डॉक्टर के पास परीक्षण के लिए गई थी। डॉक्टरों के द्वारा उसे बताया गया कि उनकी




बच्चेदानी में समस्या है और उसका ऑपरेशन करवाना जरूरी है। इसके बाद निश्चित तारीख पर डॉक्टरों द्वारा प्रमिला का ऑपरेशन शुरू कर दिया गया। ऑपरेशन के दौरान अचानक से प्रमिला देवी की हालत खराब होने लगी तो डॉक्टरों ने बीच में ही ऑपरेशन रोक दिया। साथ ही परिजनों को बताया कि यह ऑपरेशन अब उनके हाथ में नहीं है। ऐसे में परिजनों के हाथ-पांव फूल गए क्योंकि बरसात के चलते सड़कों की स्थिति खराब बनी हुई थी। इस स्थिति में बाल सिंह के जानकार संदीप भंडारी ने राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट को फोन पर पूरी घटना बताई। इसके बाद राज्यसभा सांसद द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए प्रमिला को हायर सेंटर तक पहुंचाने के लिए हेलीकॉप्टर की सुविधा उपलब्ध करवाई गई। वहीं इस मामले में गोपेश्वर जिला अस्पताल के सीएमएस अनुराग धनिक ने कहा कि मरीज का ऑपरेशन शुरू किया गया था। इस दौरान मरीज की गंभीर हालत व बिगड़ती तबीयत को देखते हुए हायर सेंटर रेफर करने का निर्णय लिया गया। इसके अतिरिक्त अगर मरीज का ऑपरेशन करने की कोशिश करते, तो मरीज की जान भी जा सकती थी।

## थाना धौलछीना और सोमेश्वर की झांकी रही प्रथम

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** पुलिस लाइन अल्मोड़ा के मैदान में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर सोमवार देर रात तक रंगारंग कार्यक्रम हुए। थाना धौलछीना और सोमेश्वर की झांकी प्रथम, यातायात पुलिस अल्मोड़ा की झांकी द्वितीय, कोतवाली रानीखेत और थाना भतरौजखान की झांकी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लोकगायक जितेंद्र तोमक्याल के गीतों पर दर्शकों ने ठुमके लगाए। श्रीकृष्ण संग राधा का मोर नृत्य, श्री कृष्ण राधा संग गोपियों की फूलों की होली आकर्षण का केंद्र रही। पुलिसकर्मियों, बाल कलाकारों ने भजन, लोक नृत्य आदि की प्रस्तुति दी। इससे पूर्व जिला न्यायाधीश श्रीकांत पांडे, भाजपा प्रदेश कैलाश शर्मा, जिलाध्यक्ष रमेश बहुगुणा, पूर्व पालिकाध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी, डीएम विनीत तोमर, अपर जिला न्यायाधीश रमेश सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट दया राम, सेवानिवृत अपर पुलिस अधीक्षक प्रेम सिंह सांगा ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पींचा ने सभी का स्वागत किया। निर्णायक उर्मिला सिंह पींचा, मंजू रानी, उपनिरीक्षक कुमकुम धानिक रहीं। वहां विभु कृष्णा, प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष सुशील साह, होटल एसोसिएशन अध्यक्ष अरुण वर्मा, सीएफओ नरेंद्र सिंह कुंवर, मनोज भारद्वाज आदि मौजूद रहे।

# महिला अपराध में बढ़ोतरी को देखते हुए अधिकारियों ने लिया फैसला

**नैनीताल, एजेंसी।**
हल्द्वानी में युवती और नाबालिगों के साथ छेड़छाड़ के बढ़ते मामलों को देखते हुए सीओ सिटी नितिन लोहनी ने महिला पुलिसकर्मियों को ड्यूटी क्षेत्र में सुबह से शाम तक गश्त करने के निर्देश दिए हैं।

हल्द्वानी नगर निगम क्षेत्र में युवती और नाबालिगों के साथ छेड़छाड़ के बढ़ते मामलों को देखते हुए सीओ सिटी नितिन लोहनी ने महिला पुलिसकर्मियों को ड्यूटी क्षेत्र में सुबह से शाम तक गश्त करने के निर्देश दिए हैं।

हल्द्वानी सर्किल में महिला अपराध रोकना पुलिस के लिए चुनौती बना हुआ है। शनिवार को मुखानी थाने में युवती और रविवार को कोतवाली क्षेत्र में नाबालिग से छेड़छाड़ का मामला सामने आया था। सीओ नितिन लोहनी ने बताया कि सभी थाना-चौकी के जिम्मेदारों को आदेश दिए हैं कि वह अपने-अपने



क्षेत्र में महिला पुलिसकर्मियों की गश्त कराएं।

सीओ नितिन लोहनी ने बताया कि महिला पुलिसकर्मियों को अनिवार्य रूप से ड्यूटी करनी होगी। कहा कि महिलाकर्मी अपने-अपने क्षेत्र में स्कूटी से गश्त करेंगी। कहीं भी छेड़छाड़ या महिलाओं से जुड़ा मामला होने पर तुरंत चौकी और थाने को सूचनाएं देंगी। इसके बाद टीम मौके पर जाकर कार्रवाई करेगी। साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों से भी पूछताछ की जाएगी।

## तिकोनिया में सड़क पर गड्ढे से भूधंसाव

**हल्द्वानी, एजेंसी।**
शहर के सबसे व्यस्ततम तिकोनिया चौराहे पर सड़क किनारे बड़ा गड्ढा होने से भू-धंसाव का खतरा बना हुआ है। स्थानीय लोगों ने गड्ढे की घेराबंदी करते हुए सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी को मामले की सूचना दी। सिटी मजिस्ट्रेट के निर्देश पर सिंचाई विभाग की टीम ने मौका मुआयना किया है। जल्द सड़क की मरम्मत की जाएगी।

तिकोनिया में सड़क पर जहां गड्ढा हुआ है, उसके नीचे नहर है। एक माह पूर्व इसी जगह से 30 मीटर दूरी पर बड़ा भूंधसाव हो गया था। इस दौरान कई दिनों तक सड़क पर वाहनों की आवाजाही बाधित रही। तब सिंचाई विभाग ने बड़े ह्यूम पाइप डालने के बाद गड्ढे को भर दिया था, उस जगह पर अब तक डामरीकरण नहीं हुआ है। वहीं एक और गड्ढा दिखने से स्थानीय लोगों में फिर खलबली मच गई। सामाजिक कार्यकर्ता हेमंत साहू ने बताया कि सड़क पर गड्ढा होने से भूधंसाव का खतरा बना हुआ है। सिंचाई विभाग के ईई दिनेश सिंह रावत ने बताया कि तिकोनिया में सड़क के एक कोने पर होल बन गया है। मंगलवार सुबह इसे रिपेयर कराया जाएगा।

## सिक्योरिटी गार्ड भाई की हत्या करने का अंदेशा, परिजनों ने एसएसपी से की शिकायत; जांच की मांग

**ऊधम सिंह नगर, एजेंसी।** सितारगंज की एक फैक्टरी में तैनात सिक्योरिटी गार्ड की मृत्यु को हत्या करार देते हुए परिजनों ने एसएसपी से मामले की जांच की मांग की। सितारगंज की एक फैक्टरी में तैनात सिक्योरिटी गार्ड की मृत्यु को हत्या करार देते हुए परिजनों ने एसएसपी से मामले की जांच की मांग की। एसएसपी ने एसपी सिटी को मामले में कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। मंगलवार को बरेली के शेरगढ़ थाना क्षेत्र के पहाड़पुर मजरा घाटगांव निवासी लाल बहादुर सिंह ने परिजनों के साथ एसएसपी मंजूनाथ टीसी को शिकायती पत्र सौंपा। उन्होंने कहा कि उनका भाई श्याम पाल सितारगंज की एक प्लाईवुड फैक्टरी में दो साल से सिक्योरिटी गार्ड था। भाई ने कंपनी के मैनेजर पर रंजिश रखने की बात कही थी। भाई का कहना था कि मैनेजर उसे परेशान करता था। दबाव में लेकर ड्यूटी से ज्यादा काम करवाता था। 22 अगस्त की रात को उसके भाई ने फोन पर बताया था कि मैनेजर उनके भाई को जान से मारने की धमकी दे रहा था।

# पहली बार दिखा मुर्गे के पंजे के आकार का मशरूम, अब वन विभाग पूरे उत्तराखंड में तलाशेगा यह प्रजाति

**नैनीताल, एजेंसी।**
उत्तराखंड में पहली बार लिसुरस गार्डनेरी मशरूम मिलने पर वन विभाग इसे पूरे राज्य में तलाशेगा। यह प्रजाति भारत सहित एशिया और अफ्रीका में पाई जाती है।

उत्तराखंड में पहली बार लिसुरस गार्डनेरी मशरूम मिलने पर वन विभाग इसे पूरे राज्य में तलाशेगा। यह प्रजाति भारत सहित एशिया और अफ्रीका में पाई जाती है लेकिन दिलचस्प बात यह है कि इसके फोटोग्राफिक साक्ष्य दूसरों के पास नहीं है। विश्व के प्रसिद्ध फोटोग्राफर इस उपलब्धि के बाद बाद आश्चर्यचकित हैं।

वन शिक्षक टीम के सदस्य मनोज सिंह ने चमोली जिले के घने देवदार के जंगल से इसका नमूना एकत्र किया है। विश्व के प्रसिद्ध फोटोग्राफ टेलर लॉकवुड



इससे आश्चर्यचकित हैं। उन्होंने आगे के अध्ययन के लिए उनसे इसका नमूना मांगा है। लॉकवुड ने वर्ष 2013 में चीन में इस आकर्षक स्टिंकहॉर्न की तस्वीर खींची थी। तब से इसे दुनिया के किसी अन्य क्षेत्र में एकत्र नहीं किया गया था। अनुसंधान टीमों के पास इस अनोखे मशरूम के फोटोग्राफिक साक्ष्य और नमूने दोनों हैं जो लोगों को नमूने का अध्ययन करने और इसमें छिपे तथ्यों को जानने की अनुमति दे सकते हैं। फॉरेस्ट रिसर्च विंग उत्तराखंड के मनोज सिंह ने कहा कि वह पांच अगस्त को चमोली जिले के एक गांव के देवदार के जंगल को पार कर रहे थे, यहां उन्हें एल गार्डनरी मिला। इसके बाद उन्होंने एक वयस्क पौधे के नमूने को प्लग किया और अधिकारियों को इसके बारे में सूचित किया। जांच में यह लिसुरसागर्डनेरी मशरूम मिला जो विलुप्त प्रजाति है। लिसुरसगार्डनेरी मशरूम मुर्गे के पंजे के समान होने के कारण काफी आकर्षक दिखता है। मशरूम विशेषज्ञ डॉ. हर्ष ने बताया कि मशरूम में सबसे पहले तीन सेमी तक का एक सफेद अंडा÷ निकलता है जो एक तना और एक सिर बनाता है। तना बेलनाकार होता है। यह 15 सेमी तक लंबा और दो सेमी मोटा खोखला होता है।

THIS IS A PUBLIC ANNOUNCEMENT FOR INFORMATION PURPOSES ONLY AND IS NOT A PROSPECTUS ANNOUNCEMENT. THIS DOES NOT CONSTITUTE AN INVITATION OR OFFER TO ACQUIRE, PURCHASE OR SUBSCRIBE TO SECURITIES. THIS PUBLIC ANNOUNCEMENT IS NOT INTENDED FOR PUBLICATION OR DISTRIBUTION, DIRECTLY OR INDIRECTLY OUTSIDE INDIA.

NAMO eWaste

# NAMO EWASTE MANAGEMENT LIMITED

Our Company was originally incorporated as "Namo eWaste Management Limited" a public limited company under the Companies Act, 1956 at Delhi, pursuant to a certificate of incorporation dated January 13, 2014 issued by the Registrar of Companies, National Capital Territory of Delhi and Haryana. We commenced commercial operations pursuant to a Certificate for Commencement of Business dated January 29, 2014 issued by the Registrar of Companies, National Capital Territory of Delhi and Haryana. Our Company's Corporate Identity Number is U74140DL2014PLC263441.

**Registered Office:** B-91, Private No. A-6, Basement, Main Road, Kalkaji, South Delhi, New Delhi-110019, Delhi, India.

**Corporate Office:** 14/1, Main Mathura Road, Faridabad 121003, Haryana, India.; **Tel No:** +91-129-4315187; **E-mail:** cs@namoewaste.com; **Website:** www.namoewaste.com; **CIN:** U74140DL2014PLC263441; **Contact Person:** Sarita, Company Secretary & Compliance Officer

**OUR PROMOTERS: AKSHAY JAIN & RACHNA JAIN**

**"THE ISSUE IS BEING MADE IN ACCORDANCE WITH CHAPTER IX OF THE SEBI ICDR REGULATIONS (IPO OF SMALL AND MEDIUM ENTERPRISES) AND THE EQUITY SHARES ARE PROPOSED TO BE LISTED ON SME PLATFORM OF NSE."**

We are an E Waste collection, disposal and recycling company that offers comprehensive services for recycling of electrical and electronic equipment (EEE) waste like Air Conditioners, Refrigerator, Laptop, Phones, Washing Machine, Fans etc.

## THE ISSUE

**INITIAL PUBLIC OFFER OF UPTO 60,24,000 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹ 10/- EACH (THE "EQUITY SHARES") OF NAMO EWASTE MANAGEMENT LIMITED ("OUR COMPANY" OR "THE ISSUER") AT AN ISSUE PRICE OF ₹ [●] PER EQUITY SHARE (INCLUDING SHARE PREMIUM OF [●] PER EQUITY SHARE) FOR CASH, AGGREGATING UP TO ₹ [●] LAKHS ("PUBLIC ISSUE") OUT OF WHICH 3,02,400 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹ 10 EACH, AT AN ISSUE PRICE OF ₹ [●] PER EQUITY SHARE FOR CASH, AGGREGATING ₹ [●] LAKHS WILL BE RESERVED FOR SUBSCRIPTION BY THE MARKET MAKER TO THE ISSUE (THE "MARKET MAKER RESERVATION PORTION"). THE PUBLIC ISSUE LESS MARKET MAKER RESERVATION PORTION I.E. ISSUE OF 57,21,600 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹10 EACH, AT AN ISSUE PRICE OF ₹ [●] PER EQUITY SHARE FOR CASH, AGGREGATING UPTO ₹ [●] LAKHS IS HEREIN AFTER REFERRED TO AS THE "NET ISSUE". THE PUBLIC ISSUE AND NET ISSUE WILL CONSTITUTE 26.34% AND 25.02% RESPECTIVELY OF THE POST- ISSUE PAID-UP EQUITY SHARE CAPITAL OF OUR COMPANY.**

- **QIB PORTION:** NOT MORE THAN 50.00% OF THE NET ISSUE
- **NON-INSTITUTIONAL PORTION:** NOT LESS THAN 15.00% OF THE NET ISSUE
- **RETAIL PORTION:** NOT LESS THAN 35.00% OF THE NET ISSUE
- **MARKET MAKER PORTION:** UPTO 3,02,400 EQUITY SHARES OR 5.02% OF THE ISSUE

**PRICE BAND: RS. 80 TO RS. 85 PER EQUITY SHARE OF FACE VALUE RS. 10/- EACH**

**THE FLOOR PRICE IS 8.0 TIMES OF THE FACE VALUE AND THE CAP PRICE IS 8.5 TIMES OF THE FACE VALUE OF THE EQUITY SHARES.**

**BIDS CAN BE MADE FOR A MINIMUM OF 1600 EQUITY SHARES AND IN MULTIPLES OF 1600 EQUITY SHARES THEREAFTER.**

## RISKS TO INVESTORS:

- We are an authorised E-waste recyclers to carry on the business of Ewaste collection, disposal and recycling. Failure to renew it in a timely manner may result in fines, legal penalties, or even business shutdown.
- We are primarily dependent upon few key suppliers within limited geographical location for collection and recycling of electronic waste, with whom we have entered into long term purchase agreements which imposes fixed pricing conditions, stipulating that we must purchase the materials at predetermined prices irrespective of market fluctuations.
- The Merchant Banker associated with the Issue has handled 53 SME public issues in the past three years out of which 1 SME Issue closed below the Issue Price on listing date.
- Average cost of acquisition of Equity Shares held by the Individual Promoters is

| Sr. No. | Name of the Promoters | Average cost of Acquisition (in ₹) |
|---|---|---|
| 1. | Akshay Jain | 2.48 |
| 2. | Rachna Jain | 2.55 |

and the Issue Price at the upper end of the Price Band is Rs. 85 per Equity Share.

- The Price/ Earnings ratio based on Diluted EPS for Fiscal 2024 for the company at the upper end of the Price Band is 19.63.
- Weighted Average Return on Net worth for Fiscals 2024, 2023 and 2022 is 13.72%.
- The Weighted average cost of acquisition of all Equity Shares transacted in the last 1 year, 18 months and 3 years from the date of Red Herring Prospectus is as given below:

| Period | Weighted Average Cost of Acquisition (in Rs.) | Upper end of the Price Band (Rs. 85) is "X" times the weighted Average cost of Acquisition | Range of acquisition price: Lowest Price – Highest Price (in Rs.) |
|---|---|---|---|
| Last 1 year | 0.95 | 89.47 | 0-225 |
| Last 18 months | 2.59 | 32.82 | 0-40 |
| Last 3 years | 11.63 | 7.31 | 0-40 |

- The Weighted average cost of acquisition compared to Floor Price and Cap Price.

| Types of transactions | Weighted average cost of acquisition (₹ per Equity Shares) | Floor price (i.e. ₹ 80) | Cap price (i.e. ₹ 85) |
|---|---|---|---|
| WACA of primary issuance (exceeding 5% of the pre issue capital) | 2.03 | 39.41 times | 41.87 times |
| WACA for secondary sale / acquisition (exceeding 5% of the pre issue capital) | NA^ | NA^ | NA^ |

***Note:***
*^There were no secondary transactions in last 18 months from the date of the Red Herring Prospectus.*

## BID/ISSUE PROGRAM

**BID/ ISSUE OPENS ON(1): WEDNESDAY, SEPTEMBER 04, 2024**

**BID/ ISSUE CLOSES ON: FRIDAY, SEPTEMBER 06, 2024**

*(1) Our Company in consultation with the BRLM may consider participation by Anchor Investors. The Anchor Investor Biding Date shall be one Working Day prior to the Bid/ Issue Opening Date in accordance with the SEBI (ICDR) Regulations, 2018.*

In case of any revisions in the Price Band, the Bid/ Issue Period will be extended by at least three additional Working Days after such revision of the Price Band, subject to the Bid/Issue Period not exceeding 10 Working Days. In cases of force majeure, banking strike or similar circumstances, our Company may, for reasons to be recorded in writing, extend the Bid/Issue Period for a minimum of one Working Day, subject to the Bid/Issue Period not exceeding 10 Working Days. Any revision in the Price Band and the revised Bid/Issue Period, if applicable, will be widely disseminated by notification to the Stock Exchange, by issuing a press release, and also by indicating the change on the website of the Book Running Lead Managers and the terminals of the other members of the Syndicate and by intimation to SCSBs, the Sponsor Bank, Registered Brokers, Collecting Depository Participants and Registrar and Share Transfer Agents.

The Issue is being made through the Book Building Process, in terms of Rule 19(2)(b)(i) of the Securities Contracts (Regulation) Rules, 1957, as amended ("SCRR") read with Regulation 253 of the SEBI (ICDR) Regulations, as amended, wherein not more than 50% of the Net Issue shall be allocated on a proportionate basis to Qualified Institutional Buyers ("QIBs", the "QIB Portion"), provided that our Company may, in consultation with the Book Running Lead Managers, allocate up to 60% of the QIB Portion to Anchor Investors on a discretionary basis in accordance with the SEBI ICDR Regulations ("Anchor Investor Portion"), of which one-third shall be reserved for domestic Mutual Funds, subject to valid Bids being received from domestic Mutual Funds at or above the Anchor Investor Allocation Price. In the event of under-subscription, or non-allocation in the Anchor Investor Portion, the balance Equity Shares shall be added to the Net QIB Portion. Further, 5% of the Net QIB Portion shall be available for allocation on a proportionate basis only to Mutual Funds, and the remainder of the Net QIB Portion shall be available for allocation on a proportionate basis to all QIBs, including Mutual Funds, subject to valid Bids being received at or above the Issue Price. However, if the aggregate demand from Mutual Funds is less than 5% of the Net QIB Portion, the balance Equity Shares available for allocation in the Mutual Fund Portion will be added to the remaining Net QIB Portion for proportionate allocation to QIBs. Further, not less than 15% of the Net Issue shall be available for allocation on a proportionate basis to Non-Institutional Bidders and not less than 35% of the Net Issue shall be available for allocation to Retail Individual Bidders in accordance with the SEBI ICDR Regulations, subject to valid Bids being received at or above the Issue Price. All potential Bidders (except Anchor Investors) are required to mandatorily utilise the Application Supported by Blocked Amount ("ASBA") process providing details of their respective ASBA accounts, and UPI ID in case of RIBs using the UPI Mechanism, if applicable, in which the corresponding Bid Amounts will be blocked by the SCSBs or by the Sponsor Bank under the UPI Mechanism, as the case may be, to the extent of respective Bid Amounts. Anchor Investors are not permitted to participate in the Issue through the ASBA process. For details, see ***"Issue Procedure"*** beginning on page 234 of the Red Herring Prospectus.

**Bidders/ Applicants should note that on the basis of PAN, DP ID and Client ID as provided in the Bid cum Application Form, the Bidders/Applicants may be deemed to have authorized the Depositories to provide to the Registrar to the Issue, any requested Demographic Details of the Bidders/Applicants as available on the records of the depositories. These Demographic Details may be used, among other things, for or unblocking of ASBA Account or for other correspondence(s) related to an Issue. Bidders/Applicants are advised to update any changes to their Demographic Details as available in the records of the Depository Participant to ensure accuracy of records. Any delay resulting from failure to update the Demographic Details would be at the Applicants' sole risk. Bidders/Applicants should ensure that PAN, DP ID and the Client ID are correctly filled in the Bid cum Application Form. The PAN, DP ID and Client ID provided in the Bid cum Application Form should match with the PAN, DP ID and Client ID available in the Depository database, otherwise, the Bid cum Application Form is liable to be rejected. Bidders/Applicants should ensure that the beneficiary account provided in the Bid cum Application Form is active. Investors must ensure that their PAN is linked with AADHAR and are in compliance with CBDT Notification dated February 13, 2020 and press release dated June 25, 2021.**

**CONTENTS OF THE MEMORANDUM OF ASSOCIATION OF THE COMPANY AS REGARDS ITS OBJECTS:** For information on the main objects and other objects of our Company, see ***"History and Corporate Structure"*** on page 121 of the Red Herring Prospectus and Clause III of the Memorandum of Association of our Company. The Memorandum of Association of our Company is a material document for inspection in relation to the Issue. For further details, see the section ***"Material Contracts and Documents for Inspection"*** on page 275 of the Red Herring Prospectus.

**LIABILITY OF MEMBERS AS PER MOA:** The liability of the members is limited and this liability is limited to the amount unpaid, if any, on the shares held by them.

**AMOUNT OF SHARE CAPITAL OF THE COMPANY AND CAPITAL STRUCTURE:** The Authorized share Capital of the Company is Rs.25,00,00,000/- (Rupees Twenty-Five Crores Only) divided into 2,50,00,000 (Two Crore Fifty Lakhs) Equity Shares of Rs.10/- each. The issued, subscribed and paid-up share capital of the Company before the issue Rs. 16,84,35,150/- (Rs. Sixteen Crores Eighty-Four Lakhs Thirty-Five Thousand One Hundred and Fifty Only) divided into 1,68,43,515 (One Crore Sixty-Eight Lakhs Forty-Three Thousand Five Hundred and Fifteen Only) Equity Shares of Rs.10 each. For details of the Capital Structure, see ***"Capital Structure"*** on the page 61 of the Red Herring Prospectus.

**NAMES OF THE SIGNATORIES TO THE MEMORANDUM OF ASSOCIATION OF THE COMPANY AND THE NUMBER OF EQUITY SHARES SUBSCRIBED BY THEM:** Given below are the names of the signatories of the Memorandum of Association of the Company and the number of Equity Shares subscribed for by them at the time of signing of the Memorandum of Association of our Company, Naresh Kumar Jain- 20,100 Equity shares, Neeraj Kumar Jain – 20,100 Equity shares and Akshay Jain – 10,100 Equity Shares, Rachna Jain – 100 Equity Shares, Nikita Jain – 100 Equity Shares, Shobha Jain – 100 Equity Shares and Achal Jain – 100 Equity shares aggregating to 50,700 Equity Shares of Rs.10/- each. Details of the main objects of the Company as contained in the Memorandum of Association, see ***"History and Corporate Structure"*** on page 121 of the Red Herring Prospectus. For details of the share capital and capital structure of the Company see ***"Capital Structure"*** on page 61 of the Red Herring Prospectus.

**LISTING:** The Equity Shares issued through the Red Herring Prospectus are proposed to be listed on the NSE Emerge. Our Company has received an 'in-principle' approval from the National Stock Exchange of India Limited (hereinafter referred to as NSE) for the listing of the Equity Shares pursuant to letter Ref: NSE/LIST/3803 dated July 29, 2024. For the purposes of the Issue, the Designated Stock Exchange shall be NSE. A signed copy of the Red Herring Prospectus dated August 28, 2024 has been delivered for filing to the ROC and Prospectus shall be delivered for filing to the RoC in accordance with Sections 26(4), 32 of the Companies Act, 2013. For details of the material contracts and documents available for inspection from the date of the Red Herring Prospectus up to the Bid/ Issue Closing Date, see ***"Material Contracts and Documents for Inspection"*** on page 275 of the Red Herring Prospectus.

**DISCLAIMER CLAUSE OF SECURITIES AND EXCHANGE BOARD OF INDIA ("SEBI"):** Since the Issue is being made in terms of Chapter IX of the SEBI (ICDR) Regulations, 2018. The Red Herring Prospectus has been filed with SEBI. In terms of the SEBI Regulations, the SEBI shall not issue any observation on the Offer Document. Hence there is no such specific disclaimer clause of SEBI. However, investors may refer to the entire Disclaimer Clause of SEBI beginning on page 215 of the Red Herring Prospectus.

**VAILABILITY OF RED HERRING PROSPECTUS:** Investors are advised to refer to the Red Herring Prospectus and the Risk Factors contained therein before applying in the Issue. Full copy of the Red Herring Prospectus is available on the website of the Company at www.namoewaste.com the website of the BRLM to the Issue a ʼww.hemsecurities.com, the website of NSE Emerge at www.nseindia.com/companies-listing/corporate-filings-offer-documents#sme_offer respectively.

**VAILABILITY OF BID-CUM-APPLICATION FORMS:** Bid-Cum-Application forms can be obtained from the Registered Office of the Company: Namo eWaste Management Limited, Telephone: +91-11-4362 9508; BRLM: Hem Securities Limited, Telephone: +91-22-4906 0000 and the Syndicate Members: Hem Finlease Private Limited, Telephone 91-141-4051000 and at the selected locations of the Sub-Syndicate Members, Registered Brokers, RTAs and CDPs participating in the Issue. Bid-cum-application Forms will also be available on the websites of NSE and the designated branches of SCSBs, the list of which is available at websites of the stock exchanges and SEBI.

**SCROW COLLECTION BANK/ REFUND BANK/ PUBLIC ISSUE ACCOUNT BANK/ SPONSOR BANK:** HDFC Bank Limited

**INK TO DOWNLOAD ABRIDGED PROSPECTUS:** https://namoewaste.com/wp-content/uploads/2024/03/Abridged-Prospectus.pdf **UPI:** Retail Individual Bidders can also Bid through UPI Mechanism.

**ll capitalized terms used herein and not specifically defined shall have the same meaning as ascribed to them in the Red Herring Prospectus.**

**lace:** Delhi
**ate:** August 28, 2024

**On behalf of Board of Director**
**Namo eWaste Management Limite**
**Sd/**
**Sarit**
**Company Secretary and Compliance Office**

**isclaimer:** Namo eWaste Management Limited is proposing, subject to applicable statutory and regulatory requirements, receipt of requisite approvals, market conditions and other considerations, to make an initial public offer of its Equity Shares the Red Herring Prospectus dated August 28, 2024 has been filed with the Registrar c ompanies, Delhi, and thereafter with SEBI and the Stock Exchanges. The RHP is available on the website of NSE Emerge at https://www.nseindia.com/companies-listing/corporate-filings-offer-documents#sme_offer and is available on the websites of the BRLM at www.hemsecurities.com. Any potential investors should note tha ıvestment in equity shares involves a high degree of risk and for details relating to the same, please refer to the Red Herring Prospectus including the section titled ***"Risk Factors"*** beginning on page 25 of the Red Herring Prospectus.

he Equity Shares have not been and will not be registered under the U.S. Securities Act of 1933, as amended (the ***"Securities Act"***) or any state securities laws in the United States, and unless so registered, and may not be issued or sold within the United States, except pursuant to an exemption from, or in a transaction not subject to ıe registration requirements of the Securities Act and in accordance with any applicable U.S. State Securities laws. The Equity Shares are being issued and sold outside the United States in 'offshore transactions' in reliance on Regulation "S" under the Securities Act and the applicable laws of each jurisdiction where such issues an ales are made. There will be no public offering in the United States.

सम्पादकीय

## जम्मू-कश्मीर चुनाव से नये दौर की उम्मीद

जम्मू एवं कश्मीर में तीन चरणों में विधानसभा चुनाव कराने की चुनाव आयोग की घोषणा निश्चित ही लोकतंत्र की जड़ों को मजबूती देने के साथ क्षेत्र के लिए विकास के नए दौर के द्वार खोलने का माध्यम बनेगी। जम्मू-कश्मीर की 90 सीटों पर विधानसभा चुनाव होने वाले हैं, जिसमें 43 जम्मू और 47 कश्मीर की सीटें हैं, इन चुनावों में जम्मू-कश्मीर के लोग सक्रिय रूप से भाग लेकर और बड़ी संख्या में मतदान कर ऐसी सरकार बनाये जो शांति और विकास के नये द्वार उद्घाटित करते हुए युवाओं के लिए उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित करे एवं आतंकमुक्ति का एक नया अध्याय रचे। आज सबकी आंखें एवं कान चुनावी सरगर्मियों एवं भविष्य के गर्भ में ईवीएम से निकलने वाले जनादेश पर लगी हैं। ये चुनाव बहुत महत्वपूर्ण होने के साथ प्रांत में नई उम्मीदों के नये दौर का आगाज है। इस बार के चुनाव अब तक हुए चुनावों से अलग है और खास है।

जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए नामाकंन भरने की आज आखिरी तारीख है, लेकिन तमाम बड़ी पार्टियों के बीच असमंजस और अनिश्चितता जैसे खत्म होने का नाम नहीं ले रही। हालांकि कुछ हद तक इस तरह की अनिश्चितता हर चुनाव में होती है, लेकिन जम्मू-कश्मीर के मामले में हालात सामान्य से ज्यादा जटिल हैं और इस असमंजस के पीछे उसकी भूमिका से इनकार नहीं किया जा सकता। विपक्षी खेमे में माने जाने वाले राज्य के तीनों प्रमुख दलों में सहयोग और संघर्ष दोनों का दिलचस्प घालमेल दिख रहा है। नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस के बीच सभी 90 सीटों पर गठबंधन की घोषणा कर दी गई है, लेकिन आलम यह है कि पहले चरण की 24 सीटों का भी बंटवारा मुश्किल साबित हो रहा। पीडीपी इस गठबंधन से बाहर है। फिर भी मुद्दों की एकरूपता के चलते न सिर्फ उमर अब्दुल्ला उससे अपनी पार्टी के खिलाफ प्रत्याशी न खड़ा करने को कह रहे हैं बल्कि खुद महबूबा भी कह चुकी हैं कि अगर उनके अजेंडे को स्वीकार किया गया तो गठबंधन का समर्थन करेंगी। भाजपा किसी बड़े दल के साथ गठबंधन में नहीं है, इसलिए वहां इस तरह की गफलत नहीं है, लेकिन निर्णय लेना और उसे लागू करना वहां भी जटिल बना हुआ है। जम्मू-कश्मीर में दस वर्ष बाद होने जा रहे विधानसभा चुनावों के लिए भाजपा को अपने प्रत्याशियों की सूची जारी कर उसे जिस तरह वापस लेना पड़ा, उससे उसकी छिछालेदार तो हुई ही है, अनुशासित दल की उसकी छवि को धक्का भी लगा। स्थिति यह है कि पार्टी ने सोमवार को 44 प्रत्याशियों की पहली सूची जारी करने के थोड़ी ही देर बाद व्यापक विरोध के कारण उसे वापस ले लिया। इसके बाद जो सूची जारी की गई, उसमें 15 ही प्रत्याशियों के नाम थे। यह आलम तब है, जब पहली सूची भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में मंजूर की गई थी।

यदि भाजपा औरों से अलग तथा अनुशासित दल की अपनी छवि के प्रति सचेत है तो उसे प्रत्याशी चयन की अपनी प्रक्रिया को लोकतांत्रिक आकार देना ही होगा। पहले जारी सूची का विरोध जिन कारणों से हुआ, उनमें एक तो दूसरे दलों से आए नेताओं को प्रत्याशी बनाना रहा और दूसरे दोनों पूर्व उप मुख्यमंत्रियों का नाम न होना। लगता है भाजपा को अभी भी लोकसभा चुनावों में हुई गलतियों का आभास नहीं है। लोकसभा चुनाव में उसे दूसरे दलों के नेताओं को चुनाव मैदान में उतारने का किस तरह नुकसान उठाना पड़ा था। जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनावों के लिए जारी प्रत्याशियों की सूची का विरोध यह भी बताता है कि भाजपा प्रत्याशी चयन की कोई नीर-क्षीर, पारदर्शी और ऐसी प्रक्रिया का निर्माण नहीं कर सकी है, जिससे असंतोष, विरोध और भितरघात का सामना न करना पड़े। वैसे यह समस्या केवल भाजपा की ही नहीं, सभी दलों की है। कम से कम यह तो होना ही चाहिए कि राजनीतिक दल प्रत्याशियों के चयन में अपने जमीनी कार्यकताओं की राय को महत्व दें। यह कठिन कार्य नहीं, लेकिन हमारे राजनीतिक दल आंतरिक लोकतंत्र विकसित करने से बच रहे हैं।

## बड़ी चुनौती साफ सुथरी सरकार की

जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो गई है। तीन चरण में होने वाले मतदान के पहले चरण की अधिसूचना जारी हो गई है और नामांकन की प्रक्रिया चल रही है। इसके साथ ही आतंकवादियों की ओर से चुनाव प्रक्रिया में बाधा डालने के प्रयास भी चल रहे हैं। चुनाव प्रक्रिया शुरू होने से एक दिन पहले यानी 19 अगस्त को आतंकवादियों ने अपेक्षाकृत शांत और सुरक्षित माने जाने वाले उधमपुर इलाके में सुरक्षा बलों पर हमला कर दिया, जिसमें केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल यानी सीआरपीएफ के एक इंस्पेक्टर शहीद हो गए। असल में इस साल अप्रैल, मई में हुए लोकसभा चुनावों में जम्मू कश्मीर के लोगों के खुल कर शामिल होने और जम कर मतदान करने की परिघटना ने आतंकवादियों और सीमा पार बैठे उनके आकाओं को असहज कर दिया है। वे समझ नहीं पाए कि क्यों इतनी बड़ी संख्या में लोग चुनाव प्रक्रिया में शामिल हो रहे हैं। राज्य की सभी पांच लोकसभा सीटों पर औसतन 50 फीसदी से ज्यादा मतदान हुआ, जो एक रिकॉर्ड है। तभी लोकसभा चुनाव के बाद से ही सुरक्षा बलों पर हमले में तेजी आई, खासतौर से जम्मू के इलाके में, जिसे आमतौर पर शांत और सुरक्षित माना जाता है। अकेले जुलाई के महीने में सुरक्षा बलों पर 10 बड़े हमले हुए हैं, जिनमें कैप्टेन रैंक के अधिकारियों सहित कुल 15 जवान शहीद हुए। अगस्त में भी एक हफ्ते के अंतराल पर दो हमले हुए, जिसमें सेना के एक कैप्टेन और सीआरपीएफ के एक इंस्पेक्टर शहीद हो गए। ये हमले अनायास या अचानक नहीं हो रहे हैं। इनके पीछे किसी बड़ी साजिश की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। तभी आशंका जताई जा रही है कि विधानसभा चुनाव के दौरान सुरक्षा बलों और आम नागरिकों को भी निशाना बनाने वाले हमलों में बढ़ोतरी हो सकती है। इस लिहाज से चुनाव प्रक्रिया में सुरक्षा सबसे बड़ी चुनौती है। चुनाव आयोग, राज्य प्रशासन और सुरक्षा बलों को हर स्थिति में नागरिकों को सुरक्षा मुहैया करानी होगी और उनके मन में सुरक्षा की धारणा पुख्ता करनी होगी ताकि वे खुल कर चुनावी प्रक्रिया में शामिल हों। चुनाव प्रक्रिया में शामिल होने का मतलब है कि बढ़ चढ़ कर चुनाव लडने. वाले सामने आएं और मतदान करने के लिए भी लोग बेखौफ होकर निकलें। लोकसभा चुनाव से ज्यादा मतदान विधानसभा में हो तभी चुनाव आयोग की सफलता मानी जाएगी। साथ ही यह भी सुनिश्चित करना होगा कि मतदान स्वतंत्र और निष्पक्ष हों। इसमें किसी तरह की गड़बड़ी की खबरों से लोगों का भरोसा टूटेगा और सारी कवायद विफल हो जाएगी। जम्मू कश्मीर में चुनाव की दूसरी चुनौती सनातन है। लम्बे समय से वहां स्थिर और पूर्ण बहुमत वाली सरकार नहीं बनी है। हर बार गठबंधन की सरकार बनती है क्योंकि चुनाव हमेशा बहुकोणीय होता है, जिसमें किसी पार्टी को बहुमत नहीं मिलता है। इस बार भी चुनाव से पहले राजनीतिक परिदृश्य पूरी तरह से बंटा हुआ दिख रहा है। पांच साल पहले जम्मू कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा देने वाले संविधान के अनुच्छेद 370 और 35ए को समाप्त करने के केंद्र सरकार के फैसले के बाद पार्टियों में जो राजनीतिक एकता दिखी थी वह पांच साल में समाप्त हो गई है। गुपकर एलांयस नाम की कोई चीज अब मौजूद नहीं है। नेशनल कॉन्फ्रेंस, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी और कांग्रेस तीनों अलग अलग ताल ठोंक रहे हैं, जिन्होंने नवंबर 2018 में साथ मिल कर सरकार बनाने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया था। इनके अलावा सज्जाद लोन की पीपुल्स कॉन्फ्रेंसङ्, गुलाम नबी आजाद की प्रोग्रेसिव डेमोक्रेटिक आजाद पार्टी और अल्ताफ बुखारी की अपनी पार्टीङ् की भी तैयारी है। भाजपा जो पिछली बार दूसरी सबसे बड़ी पार्टी बन कर उभरी थी वह ज्यादा बड़ी तैयारी के साथ चुनाव में उतरेगी। इस बहुकोणीय मुकाबले में किसी पार्टी के लिए बहुमत हासिल करना मुश्किल प्रतीत होता है। त्रिशंकु विधानसभा में कैसी सरकार बनेगी और वह कितनी स्थिर होगा और लोगों का कितना भला कर पाएगी, यह देखने वाली बात होगी। तीसरी चुनौती अलगाववादी ताकतों से है। लोकसभा चुनाव में बारामूला लोकसभा सीट के नतीजे से इस खतरे की आशंका स्पष्ट दिख रही है। निर्दलीय उम्मीदवार इंजीनियर शेख राशिद ने इस सीट पर राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और सबसे लोकप्रिय नेताओं में से एक उमर अब्दुल्ला को हरा दिया। वह भी तब जबकि शेख राशिद दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद हैं। उन्होंने जेल से चुनाव लड़ा और उनके दो बेटों ने चुनाव की कमान संभाली। शेख राशिद उग्र अलगाववादी विचारों के हैं और इसलिए जेल में बंद हैं। बारामूला लोकसभा सीट पर लोगों ने उदार और लोकतांत्रिक उमर अब्दुल्ला की बजाय उग्र और अलगाववादी विचार वाले शेख राशिद को चुना। राशिद को 45.70 फीसदी वोट मिले, जबकि उमर अब्दुल्ला सिर्फ 25 फीसदी वोट हासिल कर पाए।

# असंतुष्ट विधायकों ने तो कोई कसर बाकी नही छोड़ी

**वही बाहरी प्रत्याशियों के चलते स्थानीय संगठन में नाराजगी के साथ ही ब्राह्मण मतदाताओं की अहमियत बढ़ने की बात भी कही थी। हालांकि भंडारी की जीत का अंतर 5000 वोटों से ज्यादा है और यह सिर्फ ब्राह्मण वोटों से नहीं आ सकता, जनता नाराज थी और उसमें सभी वर्गों के लोग शामिल थे जिन्होंने दल-बदल और मनमानी के खिलाफ वोट दिया है, इसके अलावा बीजेपी के कार्यकर्ता भी राजेंद्र भंडारी के साथ नहीं थे। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट भी दावा करते हैं कि ब्राह्मण मतदाता पार्टी के साथ रहे हैं। वह कहते हैं कि भले ही उतने वोट न पड़े हों जितने पहले पड़े थे लेकिन बूथों के विश्लेषण से पता चल रहा है कि ब्राह्मण वोटर भाजपा के साथ हैं।**





**श्रीगोपाल नारसन**
**लेखक राजनीतिक चिंतक वरिष्ठ पत्रकार**

स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में 13 अगस्त को रुड़की में निकाली गई भाजपा युवा मोर्चा की बाईक रैली में भाग लेने पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को स्थानीय ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र की बहनों द्वारा राखी बांधने और उन्हें ईश्वरीय सौगात देने के लिए जब मैंने ब्रह्माकुमारीज संस्था से जुड़ा होने के नाते दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री श्यामवीर सैनी से मुख्यमंत्री का समय दिलाने का अनुरोध किया तो उन्होंने भाजपा जिलाध्यक्ष शोभाराम प्रजापति से उक्त स्वीकृति के लिए बातकर मुझे जानकारी दी कि दोनों ब्रह्माकुमारीज बहनों व मेरा नाम हैलीपैड पर मिलने वालों की सूची में लिखवा दिया है। जिसपर मैं ब्रह्माकुमारीज बहनों को लेकर बीईजी के मुख्य द्वार पर पहुंचा तो हैलीपैड सूची में हमारा नाम ही नही था, जिस कारण राज्य मंत्री श्यामवीर सैनी के प्रयास पर भी हैलीपैड के लिए एंट्री नही मिली। जिस पर हमें सांत्वना का मरहम लगाते हुए हमें बाईक रैली स्थल नेहरू स्टेडियम आने के लिए कहा गया और आश्वस्त किया गया कि वहां मुख्यमंत्री बहनों से सम्मान पूर्वक राखी बन्धवाएँगे व ईश्वरीय सौगात बहनों के हाथों से लेंगे। चिलचिलाती धूप के बावजूद ब्रह्माकुमारीज बहने पूरे समय नेहरू स्टेडियम में मुख्यमंत्री के आगमन का इंतजार करती रही और जब मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आए तो पार्टी पदाधिकारियों व सांसद-विधायको तथा दर्जा धारियों के अलावा किसी से नही मिले और बिना उद्बोधन के ही मात्र 2 मिनट में बाईक पर सवार होकर चले गए। इसके बाद हम मुलाकात न हो पाने के कारण वापस लौटने ही वाले थे कि हमे फिर से हैलीपैड पर पहुंचने और इसके लिए हैलीपैड पर मुलाकातियों की सूची में हमारा नाम अंकित होने के भरोसे के साथ पुनः हैलीपैड बुलाया गया। लेकिन पुनः पहुंचने पर भी सूची से हमारे नाम गायब थे जिसकारण बहने सुरक्षा कर्मियों से मुख्यमंत्री तक पहुंचने के लिए निवेदन करती रही। मुख्यमंत्री का काफिला हैलीपैड पर पहुंचने के काफी देर बाद बीईजी मुख्य द्वार से होकर हैलीपैड तक देर से अनुमति मिलने के कारण एक तरफ हम लोग समय से नही पहुंच पाए, दूसरी तरफ मुख्यमंत्री ब्रह्माकुमारीज बहनों का हैलीपैड पर इंतजार करने के बाद राखी लेने का जिम्मा एसएसपी को सौंपकर हेलीकॉप्टर से टेकऑफ कर गए। सुरक्षा कर्मियों की हठधर्मिता के कारण मुख्यमंत्री की ब्रह्माकुमारीज बहनों से मुलाकात नही हो सकी और स्थानीय विधायक प्रदीप बत्रा ने मुख्यमंत्री की ओर से ब्रह्माकुमारीज बहनों से राखी बंधवाकर ईश्वरीय सौगात प्राप्त की। इतना होने के बाद भी ब्रह्माकुमारीज बहने के चेहरों पर संतोष के भाव थे, वे तो बिना किसी स्वार्थ और बिना किसी प्रतिफल की चाहत के परमात्म सेवा के तहत मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को संस्था की ओर से शुभकामनाएं देना चाहती थी। उनके न मिलने से भी उनके उत्साह व सेवा कार्यो में कोई फर्क नही पड़ा। लेकिन एक सवाल जरूर उठता है कि राज्य का मुख्य सेवक जनता से आखिर इतना दूर क्यो है?जो नागरिक वोट देकर उन्हें मुख्यमंत्री, मंत्री, विधायक, सांसद बनाते है, उन्ही से दूर हो जाना क्या स्वस्थ लोकतंत्र के लिए उचित है?यदि नही तो फिर क्या इसके लिए वे नोकरशाह जिम्मेदार नही है जो जनप्रतिनिधियों व जनता के बीच दीवार बनकर खड़े हो जाते है। मुख्यमंत्री तक को पता नही कि उनसे मिलने के लिए आने वाला उनका शुभचिंतक नोकरशाही द्वारा ही रोक दिया जाता है। हालांकि नेताओं की सुरक्षा भी जरूरी है परंतु कुछ साधु संत, सन्यासियों या फिर विदुषियों को सुरक्षा के नाम पर पीछे पीछे घुमाना कदापि उचित नही है। यह सौभाग्य है मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का कि उन्हें निकाय चुनाव के नाम पर थोड़े समय के लिए ओर स्थिरता मिल गई। वर्ना असंतुष्ट विधायकों ने तो कोई कसर बाकी नही छोड़ी थी, उन्हें कुर्सी से बेदखल करने के लिए। केंद्रीय गृह मंत्री से लेकर कहां कहां नही गए शिकायत करने। उन्ही की सरकार के एक मंत्री का नाम भी नए नेतृत्व के लिए फाइनल हो गया था, पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत को मिली छनती हुई खबरें गलत नही थी। वह दिल्ली धामी खेल बिगड़ने से पहले ही दिल्ली पहुंच गए और सबकुछ मैनेज कर लिया। अन्यथा स्वतंत्रता दिवस ही परिवर्तन दिवस बन जाता। भाजपा हरिद्वार की मंगलौर और चमोली की बद्रीनाथ दोनों सीटें कांग्रेस से हार गई। मंगलौर सीट पर भाजपा अपने प्रदर्शन को ठीक बता रही है लेकिन बद्रीनाथ की हार की समीक्षा की बात कर रही है। लोग इसे अयोध्या की हार से जोड़कर देख रहे हैं और कुछ लोग यह कह रहे हैं कि भगवान ने भाजपा का साथ छोड़ दिया है। जबकि कांग्रेस का कहना है कि पहले भगवान राम ने भाजपा को सजा दी है, फिर बद्रीनाथ में नारायण ने और अब बाबा केदार की बारी है। आवाजें पार्टी के अंदर से भी उठने लगी हैं और एक वरिष्ठ नेता ने इस हार की वजह प्रत्याशियों के गलत चयन को बताया है। बद्रीनाथ उपचुनाव को लेकर हारने के बाद भी भाजपा में खामोशी ही रही केवल पूर्व मुख्यमंत्री रहे तीरथ सिंह रावत ने कहा कि इनमें प्रत्याशियों का चयन ठीक नहीं हुआ। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य में पार्टी कार्यकताओं को पूरा सम्मान नहीं मिल रहा है। वे बोले, केदारनाथ में होने वाले उपचुनाव में प्रत्याशी चयन में समझदारी दिखानी होगी। साथ ही कहा कि सबसे राय मशविरा करके प्रत्याशी का चयन करना होगा, थोपना नहीं है। बीते इन उपचुनावों मे भाजपा ने दोनों ही प्रत्याशी बाहरी उतारे थे।

करतार सिंह भड़ाना तो हरियाणा से लाए गए थे लेकिन बद्रीनाथ से भाजपा ने राजेंद्र भंडारी को प्रत्याशी बनाया था, जो लोकसभा चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए थे। राजेंद्र भंडारी उस समय इसलिए भी चर्चा में आए थे क्योंकि 17 मार्च को भाजपा में शामिल होने से 24 घंटे पहले ही उन्होंने दावा किया था कि वह कभी कांग्रेस छोड़कर नहीं जाएंगे लेकिन 16 जून को जिन कपड़ों में उन्होंने यह बयान दिया था उन्हीं में वह दिल्ली में भाजपा में शामिल हो गए थे। उनके इस्तीफा देने के बाद ही बद्रीनाथ सीट खाली हुई थी और भाजपा ने वादे के अनुसार राजेंद्र भंडारी को अपने टिकट से मैदान में उतारा था लेकिन यह दांव उलटा पड़ गया। हालांकि सन 2022 के विधानसभा चुनावों में उन्होंने न सिर्फ. भाजपा अध्यक्ष महेंद्र भट्ट को हराया था बल्कि गढ़वाल संसदीय क्षेत्र में कांग्रेस का परचम लहराने वाले वे अकेले विधायक भी बने थे। लेकिन दल बदलकर बद्रीनाथ में दोबारा चुनाव करवाना उनके लिए भारी पड़ गया। वे जिस सीट से वे कांग्रेस के विधायक थे, उसी सीट पर भाजपा उम्मीदवार के तौर पर हार गए। भंडारी के खिलाफ बीजेपी कार्यकताओं में भी असंतोष था हालांकि वह इसे खुलकर व्यक्त नहीं कर पा रहे थे, दरअसल बीजेपी कार्यकर्ता खुद भंडारी को हरवाना चाहते थे और जो कार्यकर्ता उनके साथ प्रचार में दिख भी रहे थे उन्होंने खुद ही भंडारी को वोट नहीं दिया। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट भी यह मानते हैं कि भाजपा के वोटर्स ने इस बार पार्टी का साथ नहीं दिया। इन उपचुनावों में 14 प्रतिशत मतदाम कम हुआ है। हालांकि इसके लिए भाजपाई कांग्रेस के कुप्रचार को ज़िम्मेदार बताते हैं। वह कहते हैं कि अगर हमारा वोटर साथ आता तो हम इस सीट को आठ से दस हजार वोट से जीतते। भाजपा के अनुसार इस बार कांग्रेस ने बीजेपी का मुकाबला अकेले नहीं किया, बल्कि वामपंथी दल, उत्तराखंड क्रांति दल सब साथ मिलकर बीजेपी से लड़ रहे थे और इसका भी असर परिणाम पर हुआ है।

# खतरनाक हैं मानसून में रुकावट की घटनाएं

**वैज्ञानिकों के अनुसार जलवायु परिवर्तन ने इसे बढ़ाने में खासा योगदान दिया है। इसे यदि मानसून में रुकावट कहें, तो गलत नहीं होगा। यह कम दबाव के क्षेत्र में मानसून गर्त के खिसकने के कारण होता है। जब यह गर्त उत्तर की ओर खिसककर हिमालय की तलहटी से जाकर संरेखित होती है, तब बारिश रुक जाती है। इसे यूं कहें कि मानसून के मौसम में जब झमाझम बारिश हो रही हो और वह अचानक बंद हो जाए, तो उसे मानसून ब्रेक कहते हैं। ऐसे में प्रभावित क्षेत्र में तीव्र गर्मी वाली स्थिति पैदा हो जाती है। जिस इलाके में बारिश के चलते तापमान कम हो जाता है, वहां वह यकायक बढ़ जाता है। नतीजतन वहां अत्याधिक गर्मी पड़ती है और उसके बाद तेज वर्षा शुरू हो जाती है। यह अक्सर अगस्त के माह में होता है . इसका समय लगभग तीन से पांच दिन तक का रहता है।**





**ज्ञानेंद्र रावत**
**लेखक**

स्पष्ट है कि जलवायु परिवर्तन समूची दुनिया के लिए सबसे बड़ा खतरा बन चुका है। सबसे अधिक चिंतित करने वाली बात यह है कि इससे जीवन का कोई भी क्षेत्र अछूता नहीं रहा है। इसमें भी कोई संदेह नहीं है कि जलवायु परिवर्तन से जहां समुद्र का जलस्तर बढ़ने से कई द्वीपों और तटीय महानगरों के डूबने का खतरा पैदा हो गया है, वहीं सूखे, जमी मिट्टी के ढीली होने के चलते तेजी से बिखरने, मिट्टी में कार्बन सोखने की क्षमता कम होते जाने, खारापन बढ़ने, बेमौसम बारिश के कारण बाढ़ आने, चक्रवात आने, कम समय में ज्यादा बारिश आने, शुष्क भूमि पर निर्भर लोगों के लिए भोजन का संकट बढ़ने, दुनिया के पचास फीसदी चारागाह नष्ट होने, फसल की पैदावार दर में तीन से बारह फीसदी के बीच गिरावट होने, लोगों के मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं होने, 30 फीसदी प्रजातियों के अस्तित्व पर संकट मंडराने, सुपर बग का खतरा बढ़ने, अंटार्कटिका में उल्का पिंडों के गायब होने, बच्चों के उच्च जोखिम की स्थिति में पहुंचने और जीवन का अधिकार प्रभावित होने के साथ-साथ अब मानसून ब्रेक की घटनाओं का खतरा भी पैदा हो गया है। जलवायु परिवर्तन के संकट से जूझ रही दुनिया इसकी भारी आर्थिक कीमत चुका रही है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुटेरेस का कहना एकदम सही है कि जलवायु आपदा टालने में दुनिया पिछड़ रही है। समय की मांग है कि विश्व समुदाय सरकारों पर दबाव बनाये। यदि वैश्विक प्रयास तापमान वृद्धि को डेढ़ डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने में कामयाब रहे, तब भी 96.1 करोड़ लोगों के लिए यह खतरा बरकरार रहेगा। जलवायु परिवर्तन का सबसे बड़ा दुष्परिणाम जनसमूहों के पलायन के रूप में सामने आया है। यह प्रवृति गरीब देशों से विकसित देशों की ओर बढ़ती देखी जा रही है, जो दिन-ब-दिन और भयावह हो रही है। यह स्थिति भारी असमानता को बढ़ावा देगी, जिसके परिणाम काफी खतरनाक होंगे। आजकल मानसून ब्रेक के बारे में चिंताएं ज्यादा हैं। वैज्ञानिकों के अनुसार जलवायु परिवर्तन ने इसे बढ़ाने में खासा योगदान दिया है। इसे यदि मानसून में रुकावट कहें, तो गलत नहीं होगा। यह कम दबाव के क्षेत्र में मानसून गर्त के खिसकने के कारण होता है। जब यह गर्त उत्तर की ओर खिसककर हिमालय की तलहटी से जाकर संरेखित होती है, तब बारिश रुक जाती है। इसे यूं कहें कि मानसून के मौसम में जब झमाझम बारिश हो रही हो और वह अचानक बंद हो जाए, तो उसे मानसून ब्रेक कहते हैं। ऐसे में प्रभावित क्षेत्र में तीव्र गर्मी वाली स्थिति पैदा हो जाती है। जिस इलाके में बारिश के चलते तापमान कम हो जाता है, वहां वह यकायक बढ़ जाता है। नतीजतन वहां अत्याधिक गर्मी पड़ती है और उसके बाद तेज वर्षा शुरू हो जाती है। यह अक्सर अगस्त के माह में होता है. इसका समय लगभग तीन से पांच दिन तक का रहता है। इसके बाद फिर बारिश शुरू हो जाती है। साल 1976 के बाद से सबसे अधिक लंबा मानसून ब्रेक पिछले साल अगस्त में देखने को मिला। सच तो यह है कि मानसून ब्रेक के बाद उमस बहुत तेजी से बढ़ती है। उस दशा में लोग बेचैनी महसूस करते हैं। उस समय तापमान 26-27 डिग्री सेल्सियस से लेकर 32-33 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है. तापमान में आयी यह बढ़ोतरी अनेक स्वास्थ्य संबंधी विकृतियों-बीमारियों का सबब बनती है। यह मौसमी बदलाव स्वास्थ्य के लिए तो हानिकारक है ही, कृषि भी इससे काफी हद तक प्रभावित होती है। फसलों के उत्पादन पर पड़े असर की वजह से बाजार में कीमतें आसमान छूने लग जाती हैं। होता यह है कि इस दौरान ट्रफ रेखाएं हिमालय की तलहटी में चली जाती हैं।

सामान्यतः ये ट्रफ रेखाएं हमारे मरु प्रदेश राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले से होकर कोलकाता तक चलती हैं। मानसून में ठहराव या ब्रेक अस्थिरता का कारण बनता है, जो सूखे की लंबी अवधि और छोटे वषार्काल का सबब बनता है। मानसून प्रणालियों में बदलाव कम दबाव और गर्त की स्थिति दक्षिण की ओर चले जाने और अत्याधिक बाढ़ जैसी घटनाओं के जन्म का कारण बनती हैं। परिणामस्वरूप गर्मियों में यह उत्तरी हिंद महासागर और बंगाल की खाड़ी को प्रभावित करता है। इसका प्रभाव क्षेत्र अपेक्षाकृत मध्य प्रदेश, गुजरात, राजस्थान, महाराष्ट्र, झारखंड, बिहार और पश्चिम बंगाल का करीब 1, 000 किलोमीटर की परिधि के क्षेत्र के बराबर हो सकता है। इसमें ला नीना की भयावह स्थिति का बना रहना, पूर्वी हिंद महासागर का असामान्य रूप से गर्म होना, हिमालयी क्षेत्रों की पूर्व मानसूनी गर्मी और ग्लेशियरों के पिघलने की अहम भूमिका रहती है. इस दौरान 35 डिग्री सेल्सियस तक का तापमान ऊष्मा को और बढ़ाता है. इससे कृषि प्रक्रियाएं तो प्रभावित होती ही हैं, इसके परिणामस्वरूप बौनापन, उर्वरता में कमी, गैर व्यवहारी पराग और अनाज की गुणवत्ता गहरे तक प्रभावित होकर कम हो जाती है। निष्कर्ष यह कि ऐसी स्थिति से निपटने के लिए विश्वसनीयता और स्थिरता की दृष्टि से देश के मानसून पूवार्नुमान की बेहतर प्रणाली स्थापित करने की बेहद जरूरत है, तभी इस दिशा में कुछ सार्थक बदलाव की उम्मीद की जा सकती है।

# कश्मीर में राजनीति की सीरत व सूरत दोनों बदली !

**मनु श्रीवत्स**

जम्मू-कश्मीर का स्वरूप व भूगोल बदलने के साथ-साथ प्रदेश की पूरी राजनीति भी बदल गई है। नए परिवेश और नए राजनीतिक माहौल के बीच होने जा रहे विधानसभा चुनाव अपने आप में बहुत ही दिलचस्प और अलग होने वाले हैं। यहां एक तरफ प्रदेश का आकार बदल गया है वहीं प्रदेश विधानसभा के स्वरूप में भी बड़ा बदलाव आया है। 90 सीटों में से कश्मीर संभाग में 47 विधानसभा क्षेत्र हो गए हैं वही जम्मू संभाग को छह नए विधानसभा क्षेत्र मिले हैं। अब कश्मीरी पंड़ित समुदाय में से दो लोगों को मनोनीत किया जाने का प्रावधान है, इन दो मनोनीत सदस्यों में से एक महिला होनी चाहिए। जम्मू-कश्मीर में लगभग दस वर्षों के बाद विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं। पिछले चुनाव 2014 में हुए थे। इन दस वर्षों में बहुत कुछ बदल गया है। बहुचर्चित अनुच्छेद-370 की समाप्ति हो चुकी है और जम्मू-कश्मीर अब एक पूर्ण राज्य की जगह एक केंद्र शासित प्रदेश बन चुका है। जबकि प्रदेश के एक हिस्से, लद्दाख को जम्मू-कश्मीर से अलग करके एक अलग केंद्र शासित प्रदेश का दर्जा दिया जा चुका है। जम्मू-कश्मीर का स्वरूप व भूगोल बदलने के साथ-साथ प्रदेश की पूरी राजनीति भी बदल गई है। नए परिवेश और नए राजनीतिक माहौल के बीच होने जा रहे विधानसभा चुनाव अपने आप में बहुत ही दिलचस्प और अलग होने वाले हैं। यहां एक तरफ प्रदेश का आकार बदल गया है वहीं प्रदेश विधानसभा के स्वरूप में भी बड़ा बदलाव आया है। पहले प्रदेश विधानसभा का संख्या बल तकनीकी रूप से 107 था। लेकिन चुनाव 87 विधानसभा क्षेत्रों पर ही हुआ करता था। ऐसा इसलिए क्योंकि, 24 विधानसभा क्षेत्र पाक अधिकृत कश्मीर के लिए रिक्त छोड़े जाते रहे हैं। कुछ पाठकों के लिए यह जानकारी नई हो सकती है, तो उनको बताते चलें कि भारत पाक अधिकृत कश्मीर को अपना हिस्सा मानता है, इसलिए तकनीकी रूप से पाक अधिकृत कश्मीर के 24 इलाकों की सीटों का जम्मू-कश्मीर की विधानसभा में प्रवधान रखा गया है। पहले विधानसभा में पहुंचने वाले 87 विधायकों में से जम्मू संभाग के 37 क्षेत्रों से विधायक चुने जाते थे जबकि कश्मीर संभाग से चुने गए 46 विधायक विधानसभा पहुंचते थे। लद्दाख संभाग से चार विधायक विधानसभा पहुंचा करते थे। दो सीटों पर दो महिलाओं को मनोनीत किया जाता था। ऐसा पूरे देश में जम्मू-कश्मीर में ही एक प्रावधान था। दो महिला मनोनीत विधायकों को मिला कर विधानसभा का कुल संख्या बल 89 रहता था। 2022 में हुआ ताजा परिसीमन साल 2022 में हुए ताजा परिसीमन के बाद जम्मू-कश्मीर विधानसभा की कुल सीटे अब बढ़ कर 114 हो गई हैं जोकि पहले 107 थीं। पहले की तरह इन 114 में से अब भी पाक अधिकृत कश्मीर के 24 क्षेत्रों को रिक्त रखा गया है। लेकिन चुनाव अब 90 विधानसभा क्षेत्रों के लिए होगा। इन 90 सीटों में से कश्मीर संभाग की सीटों की संख्या में एक सीट की बढ़ोतरी हुई है। अब घाटी में 47 विधानसभा क्षेत्र हो गए हैं जबकि जम्मू संभाग को छह नए विधानसभा क्षेत्र मिले हैं जिससे संभाग के विधानसभा क्षेत्रों की संख्या 43 हो गई है। दो महिलाओं को मनोनीत किए जाने के प्रावधान को बदला गया है। अब कश्मीरी पंड़ित समुदाय में से दो लोगों को मनोनीत किया जाने का प्रावधान रखा गया है, इन दो मनोनीत सदस्यों में से एक महिला होनी चाहिए। इसी तरह से यह पहली बार होगा कि जम्मू-कश्मीर से अलग कर दिए जाने के कारण अब विधानसभा में लद्दाख का कोई भी प्रतिनिधि नजर नही आएगा। नए परिसीमन में एक बड़ा निर्णय लेते हुए अनुसूचित जनजातियों के लिए नौ विधानसभा क्षेत्र आरक्षित कर दिए गए हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### माँझी में राष्ट्रगान से शुरू हुआ वार्षिकोत्सव



माँझी। परवरिश एडुकेयर स्कूल माँझी में राष्ट्रगान व सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ बड़े धूम धाम से मना वार्षिकोत्सव। जिसमें मुख्य अतिथि मृत्युंजय कुमार गुप्ता उर्फ सुरेंद्र कुमार गुप्ता व मैनेजिंग डायरेक्टर नेहाल ने कार्यक्रम को संबोधित किया। मुख्य अतिथि सुरेंद्र गुप्ता ने संबोधन में कहा कि वर्तमान माहौल में बच्चों में अनुशासन की कमी है। इसको दूर करके ही राष्ट्र का निर्माण किया जा सकता है। जबकि नेहाल खान ने कहा कि आजकल के माहौल में पढ़ाई के लिए स्वच्छ वातावरण की आवश्यकता है। इसके अलावा सभी विद्यार्थी शिक्षक व शिक्षिकाओं को पुरस्कृत किया गया मंच का संचालन वशीर अहमद बबलू ने किया।

### भाजपा का एक दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न

रिविलगंज। रिविलगंज नगर भाजपा का एक दिवसीय सदस्यता कार्यशाला पूर्व चेयरमैन के परिसर में नगर अध्यक्ष सत्येन्द्र शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।कार्यशाला का प्रारम्भ पंडित दीन दयाल उपाध्याय एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित कर नमन करते हुए ,वन्दे मातरम शुरू से हुआ। सदस्यता कार्यशाला में बोलते हुए छपरा विधायक डॉ सी एन गुप्ता ने कहा कि आगामी 02 सितम्बर से पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ सदस्यता का शुभारंभ किया जाएगा उसके साथ ही पूरे देश मे सदस्यता बनना शुरू हो जाएगा । हम सभी कार्यकर्ता मिलकर प्रदेश द्वारा दिये हुए लक्ष्य को पूरा किया जाएगा। रिविलगंज के कार्यकताओं से विधायक ने कहा कि हमको इस सदस्यता अभियान में जहाँ भी जरूरत होगी पूरा सहयोग देंगे। छपरा विधानसभा के संयोजक एवं जिला मुख्य प्रवक्ता धर्मेन्द्र सिंह चौहान ने कहा कि पार्टी द्वारा आन लाइन सदस्य बनाया जाएगा जिसका नम्बर 8800002024 है इसपर कॉल करनी है। विश्व की सबसे बड़ी पार्टी होने ने नाते इस बार हम प्रत्येक बूथ पर टोली बनाकर सभी को सदस्य बनाया जाएगा , खासकर महिलाओं ,दबे समाज को जोड़ने की जरूरत है। भाजपा एक मात्र पार्टी संगठन वाली पार्टी है। हम कार्यकर्ता के बदौलत ही देश मे लगातार सरकार बनाने में सफल हुए। प्रत्येक बूथ से 200 सौ से ज्यादा सदस्य बनाया जाएगा।

### मेला के दौरान असामाजिक तत्वों पर रहेगी पुलिस की पैनी नजर.

लहलादपुर। महावीरी अखाड़ा एवं झंडा मेला को मद्देनजर रखते हुए जनता बाजार थाना परिसर में एक शांति समिति की बैठक हुई. जिसकी अध्यक्षता थानाध्यक्ष निर्मला सुमन ने की. बैठक में लायसेंसधारियों को रुट एवं समय का अमल करने पर विशेष बल दिया गया. अधिक उत्साहित होकर किसी की क्षत्ति पहुंचाने से मना किया गया. मेला के जुलुस के दरम्यान डीजे एवं १ि२ पर पूर्ण पाबंदी लगायी गयी तथा आपसी भाईचारे के साथ शांति बनाये रखने को कही गयी. थानाध्यक्ष निर्मला सुमन कही कि मेला के दौरान असामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी. अफवाहों से बचने तथा गड़बड़ी की सूचना पुलिस को तुरंत देने की सलाह दी गयी. बैठक में बीडीओ निलेश कुमार, सीओ शम्मी कुमार, प्रमुख मनोज साह, पूर्व प्रमुख अनिल सिंह, अरुण पांडेय एवं रामाशीष यादव के अलावे स्थानीय जनप्रतिनिधियों, गणमान्य व्यक्तियों, लायसेंसधारियों आदि ने भाग लिया.

# 4 वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम में स्पॉट नामांकन के लिए हजारों की संख्या में पहुंचे छात्र




प्रातः किरण, संवाददाता

छपरा सदर जयप्रकाश विश्वविद्यालय में सत्र 2024 - 28 में चार वर्षीय स्नातक कोर्स के लिए नामांकन की प्रक्रिया समाप्त हो गई थी । लेकिन जयप्रकाश विश्वविद्यालय के अंतर्गत सारण सिवान एवं गोपालगंज जिले में आने वाले करीब तीन दर्जन के आसपास स्नातक पाठ्यक्रम वाले महाविद्यालय में सीटों की संख्या बची रह गई थी। इन सीटों को भरने के लिए जयप्रकाश विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो परमेंद्र कुमार बाजपेई के निदेर्शानुसार विश्वविद्यालय प्रशासन के द्वारा 28 अगस्त को स्पॉट नामांकन के लिए आवेदन की तिथि निर्धारित की गई है तथा 30 अगस्त तक नामांकन कर लेने का वादा विश्वविद्यालय प्रशासन के द्वारा किया गया है। चूकि मात्र एक ही दिन के लिए स्पॉट नामांकन के आवेदन की तिथि निर्धारित की गई थी इसलिए छात्र-छात्राओं का सैलाब विश्वविद्यालय के नवनिर्मित बहुउद्देशीय परीक्षा भवन उमर पाड़ा। छात्रों की संख्या बहुत ज्यादा तथा साइंस, आर्ट और कॉमर्स मिलकर मात्र तीन ही काउंटर पर आवेदन जमा कराया जा रहा था। जिसके चलते छात्रों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

### विश्वविद्यालय के टॉप कॉलेज में भी रिक्त पड़े हैं सीट

यहां बताते चले कि करीब 17 हजार सीटों अभी भी विभिन्न महाविद्यालय में खाली पड़े हैं। विश्वविद्यालय के कॉलेज में रिक्त पड़े सीटों की संख्या जारी की गई है। इसको देखने से यही पता चलता है कि कई प्रमुख कॉलेज में भी अभी 40 से 50% तक सीट विभिन्न विषयों में रिक्त पड़े हुए हैं। विश्वविद्यालय के सबसे महत्वपूर्ण महाविद्यालय राजेंद्र कॉलेज छपरा में 1100 के आसपास सीट आर्ट एवं साइंस में उपलब्ध है ।वही छपरा शहर के राम जयपाल कॉलेज, गंगा सिंह कॉलेज, पीसी विज्ञान कॉलेज, दाउदपुर के नंदलाल सिंह कॉलेज, जगदम महाविद्यालय छपरा, पी एन कॉलेज परसा तथा गंगा सिंह आदि महाविद्यालयो में हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, गणित, रसायन शास्त्र, संगीत, दर्शन शास्त्र, भोजपुरी, सोशियोलॉजी आदि विषय में सीट खाली पड़े हैं। फिजिक्स, ज्योग्राफी, हिस्ट्री और साइकोलॉजी में सीट कम है तथा इन्हीं विषयों पर छात्र ज्यादा फोकस किए हुए हैं।

# बिहार प्रदेश मुखिया संघ के महासचिव बनने पर मनोज कुमार का हुआ भव्य स्वागत

प्रातः किरण, संवाददाता



रिविलगंज। स्वामी विवेकानंद ताईक्वांडो क्लब द्वारा क्लब के अध्यक्ष व मुकरेरा पंचायत के मुखिया मनोज कुमार को बिहार प्रदेश मुखिया संघ के महासचिव बनने पर स्वामी विवेकानन्द ताईक्वांडो क्लब महम्मदपुर रिविलगंज के खिलाड़ियों और ग्रामीणों द्वारा फूल माला और अंग वस्त्र से भव्य स्वागत किया गया ।

स्वागत के बाद बिहार प्रदेश मुखिया संघ के महासचिव मनोज कुमार ने कहा कि मैं स्वामी विवेकानंद ताईक्वांडो क्लब आभारी हूं जो मुझे यह सम्मान दिया गया मैं हमेशा क्लब के साथ हूं जहा मेरा जरूरत होगा मैं खरा रहूंगा वही उन्होंने बिहार प्रदेश मुखिया संघ के अध्यक्ष मिथिलेश कुमार राय को भी धन्यवाद दिया और कहा कि मुझे महासचिव जैसे महत्पूर्ण दायित्व देने के लिए आभार मैं इस दायित्व का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करूंगा स्वामी विवेकानंद ताईक्वांडो क्लब के कोच विवेक कुमार और अभिषेक शर्मा ने कहा कि बहुत ही गर्व का बात है की हमारे क्लब के अध्यक्ष मनोज कुमार को बिहार प्रदेश मुखिया संघ के महासचिव बनाया गया है यह उपलब्धि उनके अच्छे कार्यों के लिया मिला है वह हमेशा से युवाओं को आगे बढ़ने का राह दिखाते है और हर काम को ईमानदारी से करते है इनके मार्गदर्शन में ही स्वामी विवेकानंद ताईक्वांडो क्लब चलता है। मुखिया संघ के महासचिव बनने पर मनोज कुमार का स्वागत करने वाले में छपरा सिविल कोर्ट के पूर्व पेशकर कैलासपति मांझी,शिक्षक संतोष कुमार, धर्मेंद्र सिंह,दीपक कुमार, गुड्डू शर्मा,अमन कुमार,सन्नी कुमार,विजय मांझी, आदित्य कुमार,शिवम कुमार,नीतीश कुमार,रोशनी कुमारी,कुसुम कुमारी,स्नेहा कुमारी,भारती कुमारी,पलक कुमारी,संजू कुमारी इत्यादि ने स्वागत किया ।

# खनन एवं मद्यनिषेध के तहत जब्त वाहनों का ऑनलाइन रिकॉर्ड रखें, प्रतिदिन अपडेट करें:डीएम



प्रातः किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। खनन एवं मद्यनिषेध के तहत जब्त वाहनों को सूचीबद्ध करने के लिए डीएम ने दोनों विभागों को एक्सेल शीट में रिकार्ड रखने का निर्देश दिया। खनन एवं मद्यनिषेध विभाग के साथ मंगलवार को आहुत बैठक में पाया गया कि पुलिस सहित अन्य विभागों द्वारा जब्त वाहनों का रिकार्ड मैन्युअली रखा जाता है। डीएम ने इस व्यवस्था को और पारदर्शी बनाने के निर्देश दिए। खनन विभाग लगातार अवैध बालू ले जाने वाले वाहनों को जब्त कर रहा है, जिसके बाद एफआईआर दर्ज की जाती है। जब्त किए गए वाहनों को पुलिस की हिरासत में रखा गया है।

कुछ प्रक्रियागत देरी को देखते हुए, यह संज्ञान में लिया गया है कि अपील, जुमार्ना और पहली सुनवाई के बीच लगभग एक माह और पैंतालीस दिन का समय व्यतीत हो गया है। इस प्रक्रियागत देरी से बचने के लिए, डीएम ने पुलिस सहित तीनों विभागों को जब्त वाहनों के विवरण के साथ एक ऑनलाइन एक्सेल फाइल साझा करने का निर्देश दिया है जिसमें वाहन पंजीकरण संख्या, वाहन चेसिस नंबर, जब्ती तिथि, एफआईआर संख्या और तारीख तथा माल खाना नंबर आदि दर्ज हो। इसके अतिरिक्त जुमार्ना लगाया गया, जुमार्ना भरा गया, रिहाई हुई और उसके बाद पहली सुनवाई हुई का उल्लेख भी किया जाय।

खनन विभाग को इस वर्ष तक जब्त वाहनों का बकाया निपटान करने के निर्देश दिए गए हैं। मद्यनिषेध के पास कुल 532 जप्त वाहन हैं जो विभिन्न चरणों के प्रक्रियाधीन हैं।डीएम ने विभाग को अपील दायर करने और निर्धारित समय के भीतर मामलों का निपटारा करने के निर्देश दिए हैं। जप्त वाहनों की नीलामी प्रत्येक माह सुनिश्चित करने का स्पष्ट निदेश भी दिया गया। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक, अधीक्षक मद्य निषेध, विधि शाखा प्रभारी,जिला खनिज विकास पदाधिकारी मौजूद थे।

# माड़ीपुर गाँव में चोरों ने एक बंद घर की खिड़की तोड़कर एक लाख मूल्य की संपत्ति की चोरी



प्रातः किरण, संवाददाता

माँझी। माँझी थाना क्षेत्र के माड़ीपुर गाँव में चोरों ने एक बंद घर को निशाना बनाते हुए खिड़की तोड़कर घर में घुसे चोरों ने लगभग एक लाख मूल्य की संपत्ति चोरी कर ली है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुँच कर जांच में जुट गई है। गृहस्वामी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि इण्डियन एयर फोर्स से रिटायर होने के बाद से उनका परिवार गोरखपुर में रहता है और यहाँ पर घर बंद रहता है। पड़ोसियों द्वारा चोरी की घटना की सूचना मिलने पर जब वे घर पहुँचे तो खिड़की टूटा देखकर सन्न रह गए।

अंदर पहुंचे तो घर का नजारा ही कुछ और था। कमरे में सारा सामान बिखरा पड़ा था। चोर इत्मीनान से एक-एक बक्सा का ताला तोड़कर पूरे घर को खंगाल चुके थे। जिसमें जेवर,कीमती कपड़े बर्तन आदि सामान था उसे लेकर चोर रफ्फूचक्कर हो गए। घर के पीछे उनकी साइकिल फेंका पड़ा मिला। बताते चलें कि कुछ ही दिन पहले इसी गाँव के अधिवक्ता गोरख सिंह एवं अजय साह के बंद घर में चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया था। थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि पुलिस मामले को गंभीरता से लेते हुए अगली कार्रवाई में जुट गई है। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही मामले का उदभेदन कर लिया जाएगा। इधर एक के बाद एक चोरी की घट रही घटना के बाद गाँव के लोगों में दहशत व्याप्त है।

# शिव कुमारी सिंह आईटीआई के 50 छात्रों का गुजरात की सुजुकी कम्पनी हेतु हुआ कैंपस सेलेक्शन



प्रातः किरण, संवाददाता

माँझी। मंगलवार को माँझी प्रखंड के चकिया स्थित शिव कुमारी सिंह आई टी आई परिसर में गुजरात की सुजुकी कम्पनी हेतु 50 छात्रों का कैम्पस सलेक्शन हुआ। शिव कुमारी सिंह आईटीआई के दो वर्षीय कोर्स की अंतिम परीक्षा में सम्मिलित होने वाले प्रशिक्षणार्थियों ने कैम्पस प्लेसमेंट में भाग लिया। आईटीआई के मेधावी छात्रों को गुजरात की सुजुकी कंपनी ने सलेक्ट किया। कम्पनी द्वारा आयोजित लिखित परीक्षा एवम साक्षात्कार के आधार पर कुल 50 छात्रों में से 30 फिटर एवं 20 छात्रों को इलेक्ट्रिशियन के पद पर चयनित किया गया। इस दौरान कॉलेज के प्रबंधक पृथ्वीराज सिंह ने अंतिम रूप से सभी सफल छात्रों को कंपनी द्वारा प्राप्त ऑफर लेटर प्रदान किया। कंपनी के एचआर द्वारा छात्रों को कंपनी की नियमावली से अवगत कराया साथ ही सभी छात्रों को जॉब रॉल, सैलरी, खाने-पीने व रहने के बारे में बताया गया। इस अवसर पर आईटीआई के प्रबंधक पृथ्वीराज सिंह ने कहा कि कॉलेज के प्रशिक्षणार्थियों को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए संस्थान कृत संकल्पित हैं। प्रतिष्ठित कंपनियों में संस्थान के सभी प्रशिक्षणार्थियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए संस्थान कृतसंकल्पित है। संस्थान का प्रयास है कि शत-प्रतिशत प्रशिक्षणार्थियों का प्लेसमेंट सुनिश्चित किया जाए। मौके पर अनेक गणमान्य तथा आईटीआई के कर्मी आदि मौजूद थे।

# डीएम द्वारा बाल संरक्षण इकाई की बैठक का किया गया आयोजन



प्रातः किरण, संवाददाता

मोतिहारी। जिलाधिकारी पूर्वी चंपारण, सौरभ जोरवाल की अध्यक्षता में बीते दिन उनके कार्यालय कक्ष में जिला बाल संरक्षण इकाई के कार्यों की समीक्षा की गई ।समीक्षा के दौरान मिशन वात्सल्य अंतर्गत स्पॉन्सरशिप योजना के तहत 122 नए लाभार्थियों को स्वीकृति दी गई। जिला प्रशासन और जिला बाल की संरक्षण ईकाई के संयुक्त प्रयासों के परिणामस्वरूप अब तक कुल 490 बच्चों को इस योजना से जोड़ा जा चुका है को प्राप्त लक्ष्य से 60 अधिक है। उक्त के तहत पूर्व से 368 बच्चों को लाभावित किया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत 3 वर्ष तक या 18 वर्ष पूर्ण होने तक( जो पहले हो) प्रत्येक लाभार्थी को 4000 रुपया मासिक 3 वर्ष तक देय है।

जिलाधिकारी द्वारा बताया गया की मिशन वात्सल्य योजना का उद्देश्य बच्चों को उनकी सामाजिक एवम सांस्कृतिक परिवेश में रहने और बढ़ने का अवसर प्रदान करता है, ताकि उनका विस्थापन रोका जा सके तथा सभी को समान अवसर प्रदान हो सके। स्पॉन्सरशिप योजना के अंतर्गत कमजोर परिवारों को सहायता प्रदान की जायेगी। राज्य सरकार एवम जिला प्रशासन इस स्पॉन्सरशिप कार्यक्रम के तहत इच्छुक बच्चों की संख्या अधिकतम करने के लिए जोर शोर से प्रयास कर रही है ताकि बच्चे परिवार और समुदाय के साथ सुरक्षित और सशक्त महसूस कर सके। इस अवसर पर सहायक निदेशक बाल संरक्षण इकाई,बाल संरक्षण पदाधिकारी, विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान समन्वयक,बाल कल्याण समिति के सदस्य इत्यादि मौजूद थे।

### सिपाही भर्ती परीक्षा में मोतिहारी से पकड़ा गया एक मुन्ना भाई

रक्सौल। केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) बिहार, पटना द्वारा आयोजित सिपाही के पद पर नियुक्ति के लिए लिखित प्रतियोगिता परीक्षा का जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल एवं पुलिस अधीक्षक कांतेश कुमार मिश्रा के द्वारा एम. जे. के. बालिका इंटर कॉलेज मोतिहारी परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया गया एवं परीक्षा संचालन की जानकारी प्राप्त की गई। इस परीक्षा केंद्र पर एक मुन्ना भाई को पकड़ा गया जो दूसरे की जगह पर बैठकर परीक्षा दे रहा था। पकड़ा गया व्यक्ति अपना नाम रॉबिन बताया है जो पटना जिला के पंडारक का रहने वाला बता रहा है। उसको पकड़ कर थाने ले जाया गया है, जहां प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। वह व्यक्ति अखिलेश कुमार की जगह पर परीक्षा में शामिल हुआ था।

# मनाई गई पुण्य तिथि



छपरा सदर। भगवान बाजार के नया क्षितिज कार्यालय में स्वतंत्रता सेनानी स्वर्णलता देवी की 51वीं पुण्यतिथि का आयोजन प्रो० के० के द्विवेदी की अध्यक्षता में मनाई गई। कार्यक्रम में स्वर्णलता देवी के चित्र पर उपस्थित गण्यमान लोगों ने माल्यार्पण किया। इसके बाद उनके पुत्र दिवगंत अमियनाथ चटर्जी की समृति में 2 मिनट का मौन रखा गया। । कार्यक्रम का प्रारम्भ वन्देमातरम से और समापन जनगणमन से किया गया। कार्यक्रम में प्रो. डॉ. केके द्विवेदी, ब्रजेन्द्र कुमार सिन्हा, शंभू कमलाकर मिश्र, प्रो० डॉ० विजय कुमार, प्राचार्य अरुण कुमार सिंह, प्रो. - पृथ्वीराज सिंह, प्रो-डॉ सुधाबाला, डॉ. उषा श्रीवास्तव, प्राचार्या सीमा सिंह, गौतम बंसल, प्रियंका कुमारी आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कश्मीरा सिंह ने किया। वक्ताओं ने स्वर्णलता देवी के साथ उनके पुत्र अभिमनाच चटर्जी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला । एम शम्भुकमलाक कि जी के कहा कि वे एक साथ कवयित्री, समाज सुधारक और क्रांतिकारी थी। पुलीराज ने अपने पूर्वजों एवं संस्कृति को सुरक्षित रखने के लिए पुस्तक प्रकाशन के महत्व पर बाल दिया। कार्यक्रम का संचालन कश्मीरा सिंह ने किया। अध्यक्षीय भाषण में के के द्विवेदी ने कहा अभियनाथ सा पुत्र हो, स्वर्गलता जैसी मां।

# ऑपरेशन के बाद मरीज की मौत, परिजनों ने किया हंगामा, डॉक्टर निकला फर्जी



रक्सौल। नीम हकीम खतरे जान वाली कहानी तो आपने सुनी होगी, जिसको पूरी तरह से रक्सौल में कुछ फर्जी डॉक्टर इसको चरितार्थ करते हुए लोगों की जान ले रहे हैं और कुछ लोगों के जान से खिलवाड़ कर रहे हैं। एक नए मामले में शहर के कौड़ीहार चौक सैनिक रोड स्थित एक निजी अस्पताल सिटी हेल्थ केयर ने ट्यूमर के नाम पर एक व्यक्ति की ऑपरेशन कर दिया और टांका काटने के लिए 15 दिन का समय दिया था, परन्तु इसके पहले 13 वें दिन ही उसकी मृत्यु हो गई। मिली जानकारी के मुताबिक मरीज के पेट में परेशानी थी, इसके बाद डॉक्टर ने सस्ते में ईलाज बताकर ऑपरेशन कर दिया। जिसके 13 वें दिन उसकी मृत्यु हो गई, जिसके बाद चिकित्सक और कर्मी फरार हो गए। घटना के बाद परिजनों ने हंगामा शुरू कर दिया। परिजनों का आरोप है कि डॉक्टर की लापरवाही के कारण उनकी मृत्यु हो गई। इस संबंध में मृतक के बेटे सुमन ने बताया कि उसके पिता के पेट में दर्द था, जिसके बाद दलाल के माध्यम से डॉक्टर से मिले और 40 हजार से तय होकर 1 लाख 50 हजार तक राशि वसूल ली गई, उसके बाद भी जान नही बची। वही बाद में जानकारी के अनुसार पता चला कि वह डॉक्टर फर्जी है और दूसरे डॉक्टर के नाम पर हॉस्पिटल चलाता है, जिसकी पहचान रामगढ़वा के सिंहासिनी वार्ड नंबर 11 निवासी मुकेश पटेल के रूप में हुई, जबकि मृतक की पहचान लखौरा चैनपुर के निवासी नवल किशोर बैठा के रूप में हुई है। उक्त बाबत इंस्पेफ्टर राजनंदन सिन्हा ने बताया कि घटनास्थल पर पुलिस भेज दी गई है, आवेदन प्राप्त होने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# आरोग्य चैरिटेबल ट्रस्ट एंड हॉस्पिटल द्वारा नि:शुल्क चिकत्सा शिविर का आयोजन

प्रातः किरण, संवाददाता



रक्सौल। बुधवार को रक्सौल स्थित आरोग्य चैरिटेबल ट्रस्ट हॉस्पिटल, शुक्ला कॉलोनी लक्ष्मीपुर द्वारा गौनाहा चैनपुर में हरिशंकर प्रसाद चौरसिया के दरवाजे पर फ्री हेल्थ चेकअप, फ्री बीपी जांच, फ्री सुगर जाँच फ्री ईसीजी जांच किया गया और यथा संभव परामर्श दिया गया। इस कैम्प में डॉ. कुमार मनीष, रोहन, दुर्गा, सूरज कन्हैया, एकता भारती, संदीप चौरसिया आदि उपस्थित थे। साथ ही आरोग्य चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा फ्री हेल्थ कार्ड गरीब, असहाय मरीजों के लिए बनाया गया, जिसमें पूरे एक साल ओपीडी फीस निःशुल्क किया गया। साथ ही परिवार हेल्थ डेटा और फैमिली डॉक्टर सलाह भी शामिल है। इस हेल्थ कार्ड से इच्छुक परिवार सदस्य के सभी लोगो का एक हेल्थ डाटा तैयार करके उनको जागरूक करेंगे कि किस-किस बीमारी का खतरा अभी और भविष्य में उनके परिवार के सदस्यों को हैं, बहुत से बिमारियाँ जैसे बीपी, हृदय रोग, डाइबटीज, कैंसर, मोटापा, दम्मा, गठिया आदि जेनेटिक खानदानी होती हैं, उनसे कैसे बचना हैं और अपने परिवार को कैसे स्वास्थ्य रहना हैं। साथ ही हृदय रोग, ब्लड प्रेसर, सुगर, एनिमिया, संचारी रोग, फीमेल सेनिटेशन, सीपीआर ट्रेनिंग, सेक्सुअल बीमारी आदि पर जागरूक अभियान भी आरोग्य चरिटेबल ट्रस्ट से चलाया जाता हैं।

# साप्ताहिक विशेष ट्रेन का संचलन का हुआ अवधि विस्तार

प्रातः किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय।ः रेलवे प्रशासन द्वारा पूर्व से चलायी जा रही 05193/05194 छपरा-शहीद कैप्टन तुषार महाजन (उधमपुर)-छपरा वाया मशरख,कप्तानगंज साप्ताहिक विशेष गाड़ी के संचलन अवधि का विस्तार छपरा से 28 सितम्बर, तक प्रत्येक शनिवार को तथा शहीद कैप्टन तुषार महाजन (उधमपुर) से 30 सितम्बर, तक प्रत्येक सोमवार को 04 फेरों के लिये बढ़ाया जा रहा है।

05193 छपरा-शहीद कैप्टन तुषार महाजन (उधमपुर) विशेष गाड़ी 28 सितम्बर, तक छपरा से प्रत्येक शनिवार को छपरा 14.00 बजे प्रस्थान कर छपरा कचहरी से 14.12 बजे, मशरख से 15.02 बजे, दिधवादुबौली से 15.34 बजे, थावे से 17.05 बजे, तमकुही रोड से 17.37 बजे, पडरौना से 18.10 बजे, कप्तानगंज से 19.35 बजे, गोरखपुर से 20.55 बजे, खलीलाबाद से 21.31 बजे, बस्ती से 21.59 बजे, गोंडा से 23.25 बजे, दूसरे दिन बुढ़वल से 01.18 बजे, सीतापुर से 03.10 बजे, शाहजहांपुर 05.42 बजे, बरेली से 06.48 बजे, मुरादाबाद से 09.05 बजे, लक्सर जं. से 11.10 बजे, रूड़की से 11.37 बजे, सहारनपुर से 12.25 बजे, यमुनानगर जगाधरी से 12.57 बजे, अम्बाला कैंट से 14.20 बजे, ढंडारी कलां से 15.56 बजे, जलंधर कैंट से 17.05 बजे, पठानकोट कैंट से 19.00 बजे, कठुआ से 19.32 बजे तथा जम्मूतवी से 20.45 बजे छूटकर शहीद कैप्टन तुषार महाजन (उधमपुर) 22.10 बजे पहुंचेगी।

05194 शहीद कैप्टन तुषार महाजन (उधमपुर)-छपरा साप्ताहिक विशेष गाड़ी 30 सितम्बर, 2024 तक शहीद कैप्टन तुषार महाजन (उधमपुर) से प्रत्येक सोमवार को 00.05 बजे प्रस्थान कर जम्मूतवी से 01.15 बजे, कठुआ से 02.22 बजे, पठानकोट कैंट से 03.00 बजे, जलंधर कैंट से 04.50 बजे, ढंडारी कलां से 06.20 बजे, अम्बाला कैंट से 08.25 बजे, यमुनानगर जगाधरी से 09.20 बजे, सहारनपुर से 10.50 बजे, रूड़की से 11.40 बजे, लक्सर जं. से 12.07 बजे, मुरादाबाद से 14.30 बजे, बरेली से 15.46 बजे, शाहजहांपुर 16.58 बजे, सीतापुर से 19.10 बजे, बुढ़वल से 21.17 बजे, गोंडा से 22.20 बजे, बस्ती से 23.50 बजे, दूसरे दिन खलीलाबाद से 00.27 बजे, गोरखपुर से 01.20 बजे, कप्तानगंज से 02.17 बजे, पडरौना से 02.57 बजे, तमकुही रोड से 03.32 बजे, थावे से 04.45 बजे, दिधवादुबौली से 05.42 बजे, मशरख से 06.15 बजे तथा छपरा कचहरी से 07.20 बजे छूटकर छपरा 08.00 बजे पहुंचेगी। इस गाड़ी में जनरेटर सह लगेज यान का 01, एल.एस.एल.आर.डी. का 01, साधारण द्वितीय श्रेणी के 03, शयनयान के 08, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी इकोनामी के 08 तथा वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 01 कोचों सहित कुल 22 कोच लगाये जायेंगे।

# परिवार नियोजन पर कार्यशाला का हुआ आयोजन

प्रातः किरण, संवाददाता



- मिशन परिवार विकास अभियान की सफलता को लेकर गंभीर हों स्वास्थ्य कर्मी
- परिवार नियोजन को लेकर जागरूकता फैलानी जरूरी : डीसीएम राजेश कुमार

बेतिया। जिला स्वास्थ्य समिति के सभागार में अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रमेश चंद्रा की अध्यक्षता में परिवार नियोजन कार्यक्रम पर एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में बीसीएम, आरएमएनसीएचए कॉउंसलर, सीएचओ, आशा फैसिलिटेटर आदि को परिवार नियोजन पर विस्तृत जानकारी दी गयी तथा सभी सूचनाओं को पोर्टल पर अपलोड करने का निर्देश दिया गया। परिवार नियोजन के लक्ष्य निर्धारित करते हुए जागरूकता फैलाने का निर्देश दिया गया। डीसीएम राजेश कुमार ने कहा कि परिवार नियोजन के स्थायी साधनों की पहुंच समुदाय तक हो, इस बात का ख्याल रखना बहुत जरुरी है। परिवार को छोटा रखने के लिए महिलाओं का बंध्याकरण एवं पुरुषों की नसबंदी के लिए आशा घर घर जाकर जागरूक करें। पीएसआई इंडिया के जिला प्रतिनिधि राकेश कुमार एवं प्रताप कोश्यारी ने एचएमआईएस के परिवार नियोजन के आंकड़ों पर चर्चा की।

**मिशन परिवार विकास अभियान की सफलता को लेकर गंभीर हों स्वास्थ्य कर्मी:**

एसीएमओ डॉ चंद्रा ने मिशन परिवार विकास अभियान की सफलता को लेकर स्वास्थ्य कर्मियों को एलर्ट मोड में रहने व पूर्ण जागरूकता फैलाने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि जिले में 02 सितम्बर से 30 सितम्बर तक मिशन परिवार विकास एवं 02 सितम्बर से 14 सितम्बर 2024 तक दम्पति सम्पर्क पखवाड़ा चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिले में जनसंख्या स्थिरीकरण के प्रति जन समुदाय में जागरूकता करना, परिवार नियोजन कार्यक्रम अंतर्गत उपलब्ध सेवाओं की जानकारी पहुंचाना तथा योग्य दम्पतियों को इच्छित सेवा प्रदान करना आवश्यक है तभी जिले की बढ़ती जनसंख्या को नियंत्रित किया जा सकता है। दम्पतियों से सम्पर्क करने में आशा, आंगनबाड़ी सेविका, जीविका दीदी पूरे जोर शोर से लग जाएं। सास-बहु सम्मेलन आयोजित करें और गर्भ निरोधक दवाओं के उपयोग की जानकारी दें। मौके पर अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रमेश चंद्रा, जिला आशा समन्वयक राजेश कुमार, डॉ अरशद मुन्ना, डीपीसी अमित कुमार, पीएसआई के जिला प्रतिनिधि राकेश कुमार, प्रताप कोश्यारी, जिले के सभी बीसीएम, आरएमएनसीएचए काउंसलर व अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

# शिक्षा एवं समाज कल्याण विभाग के जिला स्तरीय पदाधिकारियों का उन्मुखीकरण सह समंवय बैठक का हुआ आयोजन

प्रातः किरण, संवाददाता

पटना- स्वास्थ्य विभाग की ओर से संचालित किये जा रहे कार्यक्रमों का उन्मुखीकरण, समन्वय, आपेक्षित सहयोग प्राप्त करना एवं अद्यतन स्थिति से अवगत कराने के लिए राज्य के 19 जिलों यथा पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, वैशाली, मुजफ्फरपुर, शिवहर, सीतामढ़ी, गोपालगंज, सिवान, सारण, समस्तीपुर, दरभंगा, मधुबनी, सहरसा, सुपौल, मधेपुरा, पुर्णिया, अररिया, कटिहार एवं किशनगंज के शिक्षा विभाग के 19 जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, मध्यान भोजन एवं समाज कल्याण विभाग से 19 जिला प्रोग्राम पदाधिकारी का राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, बाल हृदय योजना, बाल श्रवण योजना, एनीमिया मुक्त भारत एवं स्कूल हेल्थ प्रोग्राम पर उन्मुखीकरण किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया. इस अवसर पर निदेशक, मध्यान भोजन, मिथिलेश मिश्रा, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, शिशु स्वास्थ्य, डॉ. विजय प्रकाश राय, डॉ. विजेता सिन्हा, राज्य आरबीएसके सलाहकार मोहम्मद इम्तियाजउद्दीन सहित वरिष्ट पदाधिकारी उपस्थित रहे. कार्यक्रम की शुरूआत डॉ. विजय प्रकाश राय द्वारा प्रतिभागियों का स्वागत कर किया गया. उन्होंने कार्यशाला के उद्देश्य के बारे में प्रतिभागियों को जानकारी दी. निदेशक, मध्यान भोजन, मिथिलेश मिश्रा ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी जिलों में स्कूलों में कवरेज बढ़ाने की जरुरत है. उन्होंने कहा कि हर महीने सभी जिलों के साथ वर्चुअल माध्यम से समंवय बैठक होनी चाहिए जिससे की जा रहे कार्यों की नियमित समीक्षा हो सके एवं कार्यक्रम की प्रगति का अनुश्रवण किया जा सके. राज्य आरबीएसके सलाहकार मोहम्मद इम्तियाजउद्दीन ने राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, बाल हृदय योजना, बाल श्रवण योजना, एनीमिया मुक्त भारत एवं स्कूल हेल्थ प्रोग्राम के बारे में विस्तार से जानकारी दी. उन्होंने प्रेजेंटेशन के माध्यम से उक्त कार्यक्रमों की की जानकारी दी एवं जिलावार विवरण प्रस्तुत किया.

# भोजपुरी फिल्मों में वापस जाना थोड़ा मुश्किल, फैमिली बढ़ाना चाहती हूं



टीवी शो नजर में डायन के किरदार में नजर आ रहीं भोजपुरी एक्ट्रेस मोनालिसा ने कहा कि वह एक ऐसा सुपरपावर रियल लाइफ में चाहती हैं कि वो जहां भी रहें, मगर पति पर नजर रख सकें। उन्होंने बताया कि भोजपुरी फिल्मों में वापस जाना क्यों मुश्किल हो जाता है। भोजपुरी फिल्मों की जानी-मानी ऐक्ट्रेस मोनालिसा धारावाहिक नजर के बाद सीरियल श्मशान चंपा में एक बार फिर हसीन डायन की भूमिका निभा रही हैं।

टीवी शो नजर में हसीन डायन के किरदार में अपनी छाप छोड़ने वाली ऐक्ट्रेस मोनालिसा अब धारावाहिक शमशान चंपा में एक बार फिर डायन के रोल में जलवा दिखा रही हैं। ऐसे में, फिर से डायन के रोल के लिए हां कहने की वजह पूछने पर मोनालिसा कहती हैं, इस शो में मेरे किरदार मोहिनी का लुक, अंदाज, शक्तियां सब अलग हैं। इसमें मुझे पिछले शो से काफी अलग लुक दिया गया है। लोगों को अपने वश में करने की शक्ति है। मैं खूबसूरत भी लग रही हूं। वैसे भी, हमारी प्रड्यूसर गुल खान ने हमेशा अपने कलाकारों को अलग तरह से प्रेजेंट किया है तो मुझे हां कहने के लिए सोचना नहीं पड़ा। आपको ये नहीं लगा कि नजर के बाद आप फिर खुद को नेगेटिव रोल में दोहरा रही हैं? इस पर उनका कहना है, नहीं, मुझे ऐसा नहीं लगता कि मैं खुद को रिपीट कर रही हूं। ऐसे तो मैंने 125 भोजपुरी फिल्में की हैं, जिसमें कई बार पॉजिटिव किया है। उसमें अलग-अलग शेड्स किए हैं। जबकि, नेगेटिव में तो यह अभी दूसरा-तीसरा ही है। 50 करने के बाद आप रिपीट बोल सकते हैं। वहीं, मोनालिसा से यह पूछने पर कि अगर असल जिंदगी में उन्हें कोई सुपर पावर मिले तो वह कौन सी ताकत चाहेंगी? वह कहती हैं, मैं ऐसी पावर चाहूंगी कि मेरे पति विक्रांत जब भी किसी शूट पर जाते हैं, मैं यह देख सकूं कि वह अपनी हीरोइनों के साथ क्या कर रहे हैं। मतलब, मैं कहीं भी रहूं, मगर उन पर नजर रख सकूं।

### भोजपुरी फिल्मों के लिए वक्त नहीं

मोनालिसा भोजपुरी सिनेमा की टॉप अदाकारा रही हैं, लेकिन कुछ सालों से वह भोजपुरी फिल्मों से दूर हैं। इसकी वजह पूछने पर उन्होंने बताया, मुझे भोजपुरी फिल्मों के ऑफर अब भी आते हैं। मगर टीवी शो नजर करने के बाद से मेरे पास वक्त ही नहीं है कि मैं फिल्में कर सकूं। बिग बॉस 10 के बाद से मैं लगातार टीवी शोज में व्यस्त हूं। मुझे काफी अच्छे रोल भी मिल रहे हैं। इसलिए, अभी भोजपुरी फिल्मों में वापस जाना थोड़ा मुश्किल हो जाता है।

### जल्द गुड न्यूज मिलेगी

निजी जिंदगी में मोनालिसा और उनके पति विक्रांत सिंह राजपूत दोनों ही काम में व्यस्त रहते हैं। ऐसे में, एक-दूसरे लिए वक्त और परिवार को आगे बढ़ाने को लेकर क्या प्लान है? इस पर मोनालिसा ने बताया, इसका प्लान बिल्कुल है। अभी हम इसे लेकर बहुत ही ज्यादा सीरियस हैं। उम्मीद करते हैं कि बहुत जल्द कुछ अच्छा न्यूज मिलेगा।

# बॉलीवुड में जगह बनाने और बराबरी के लिए करना पड़ता है संघर्ष



कार्तिक आर्यन हिंदी सिनेमा के जाने-पहचाने अभिनेता हैं। उन्होंने पिछली कुछ फिल्मों से अपनी बहुमुखी अभिनय क्षमता का प्रदर्शन किया है। उनकी पिछली रिलीज फिल्म चंदू चैंपियन के लिए काफी सराहना मिली है। बॉलीवुड में अंदरुनी और बाहरी की चर्चा काफी ज्यादा होती रहती है। अब कार्तिक ने फिल्म इंडस्ट्री में एक बाहरी व्यक्ति के तौर पर अपने अनुभवों को साझा किया है। भूल भुलैया 3 अभिनेता ने इंडस्ट्री में बाहरी के तौर पर अपने अनुभवों को लेकर बात करते हुए कहा कि जब आप इंडस्ट्री से नहीं होते हो, तो पहचान और अवसर पाना चुनौतीपूर्ण होता है। अभिनेता ने कहा, जब आप इंडस्ट्री से नहीं होते हैं, तो अवसर मिलना या आपके काम को पहचान मिलना मुश्किल होता है। इसका असर भी आप पर ही पड़ता। आपको सब कुछ शुरू से सीखना होता है, अपनी जगह खुद बनानी होती है और बराबरी का व्यवहार पाने के लिए संघर्ष करना पड़ता है।

एक इंटरव्यू में अभिनता ने इंडस्ट्री में बाहरी के तौर पर अपने मानसिक स्वास्थ्य को लेकर भी बात की। अभिनेता ने अवसर मिलने और पहचान बनाने के दौरान आने वाली चुनौतियों को स्वीकार किया। उन्होंने कहा कि इंडस्ट्री से जुड़े न होने से नुकसान भी हो सकता है। इस दौरान अभिनेता ने कहा कि उन्हें अक्सर आश्चर्य होता है कि अगर उन्हें भी वही फायदे मिलते, जो इंडस्ट्री से जुड़े लोगों को मिलते हैं, तो उनका करियर कितना अलग होता। कार्तिक ने कहा, यह महसूस करने के लिए बहुत आत्मनिरीक्षण करना पड़ा कि बाहरी व्यक्ति होना कोई कमजोरी नहीं है। मैंने अब तक जो कुछ भी किया है, वह मेरी अपनी मेहनत का फल है। बताते चलें कि कार्तिक आर्यन की पिछली फिल्म चंदू चैंपियन को काफी सराहना मिली थी। फिल्म में कार्तिक आर्यन की बहुमुखी अभिनय क्षमता देखने को मिली थी। बात करें कार्तिक आर्यन के वर्क फंट की, तो इन दिनों वह अपनी आगामी फिल्म भूल भुलैया 3 को लेकर व्यस्त हैं। अनीस बज्मी द्वारा निर्देशित यह फिल्म एक हॉरर कॉमेडी होगी, जो भूल भुलैया सीरीज की तीसरी किस्त है। फिल्म में उनके साथ तृप्ति डिमरी भी नजर आने वाली हैं।

# युद्धरा में सिद्धांत चतुर्वेदी के साथ नजर आने वाली हैं मालविका मोहनन





सिद्धांत चतुर्वेदी की आने वाली फिल्म युधरा इस वक्त सुर्खियों में बनी हुई है। फिल्म में अभिनेता के साथ मालविका मोहनन नजर आने वाली हैं। इस फिल्म के जरिए लगातार स्टार कास्ट के पोस्टर शेयर किए जा रहे हैं और आज भी मेकर्स ने इस फिल्म के दो पोस्टर शेयर किए हैं, जो कि काफी धांसू हैं। इसी बीच फिल्म की लीड एक्ट्रेस मालविका मोहनन ने युधरा फिल्म के साथ-साथ सिद्धार्थ चतुर्वेदी संग काम करने को लेकर भी बातचीत की है। मालविका ने कहा, 'मैंने सिद्धांत चतुर्वेदी के साथ जो फिल्म की है, उसे एक्सेल एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनाया गया है और यह अगले महीने रिलीज हो रही है। हम कुछ ही दिनों में इसका ट्रेलर रिलीज कर देंगे। 'थंगलान' के मुकाबले ये एक पूरी तरह से अलग दुनिया है और ये मेरे लिए भी काफी दिलचस्प है। ये सभी रोल एक-दूसरे से इतने अलग हैं कि एक एक्टर के लिए इतनी सारी अलग-अलग फिल्मों का हिस्सा बनना अच्छा है।' मालविका ने आगे कहा, मुझे उम्मीद है कि ज्यादा से ज्यादा मेकर्स मुझे देखेंगे, ताकि वे देख सकें कि मैं अलग-अलग भूमिकाओं में कैसे फिट बैठती हूं। हाल ही में इस फिल्म की रिलीज डेट का खुलासा किया गया है। फिल्म 20 सितंबर को थिएटर्स में रिलीज होने वाली है। फिल्म का निर्देशन रवि उदयवार ने किया है और इसकी कहानी श्रीधर राघवन ने लिखी है। इस फिल्म के गाने मशहूर गीतकार जावेद अख्तर ने लिखे हैं। मालविका के वर्कफ्रंट की बात करें तो उन्होंने 2013 में दुलकर सलमान के साथ फिल्म 'पट्टम पोले' से अपने करियर की शुरुआत की थी। उन्होंने 'निर्णयम', 'द ग्रेट फादर' और 'क्रिस्टी' जैसी मलयालम फिल्मों में काम किया है। मालविका मोहनन ने ईशान खट्टर के साथ माजिद मजीदी की 'बियॉन्ड द क्लाउड्स' में भी काम किया है।

# स्त्री 2 हिट होते ही चमक गई अभिषेक बनर्जी की किस्मत



15 अगस्त के दिन अभिनेता अभिषेक बनर्जी की दो-दो फिल्में रिलीज हुई। इनमें एक थी- स्त्री 2 और दूसरी थी- वेदा। स्त्री 2 बॉक्स ऑफिस की रेस में तेजी से दौड़ती जा रही है और वेदा सुस्त पड़ चुकी है। स्त्री 2 के सफल होने के बाद अभिषेक बनर्जी के सितारे भी बुलंद हो गए हैं और उन्हें मुख्य किरदार के ऑफर आना शुरु हो गए हैं। अभिषेक बनर्जी ने एक हालिया साक्षात्कार में बताया कि उन्हें बीते हफ्ते तीन-तीन लीड रोल का ऑफर आया। अभिषेक ने करियर में आए इस बदलाव पर बात करते हुए कहा कि पहले इस तरह के किरदार का ऑफर नहीं आता था, लेकिन अब एकदम से ऐसा होने लगा है। पहले कम बजट वाले ऑफर मिला करते थे। अभिषेक बनर्जी ने कहा कि उन्हें जिन-जिन रोल का ऑफर मिला है, पहले वो उन्हें पढ़ेंगे और उसके बाद ही फैसला लेंगे कि उन्हें क्या करना है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस बात से करियर पर काफी फर्क पड़ता है। उन्होंने कहा कि वो ऐसी फिल्मों में काम करना चाहते हैं, जो लोगों का मनोरंजन करती हों।

एक फिल्म के अच्छे प्रदर्शन और दूसरी से दर्शकों की दूरी होने के मामले पर बात करते हुए अभिषेक ने कहा कि स्त्री 2 के किरदारों के बारे में लोग पहले से ही जानते थे, क्योंकि पहले भाग में वे उन्हें देख चुके थे और यह एक बड़ी फिल्म भी है। वहीं, वेदा पर बोलते हुए अभिषेक ने कहा कि निखिल ने एक बढ़िया फिल्म बनाई है और उन्होंने लोगों को फिल्म के आखिर में ताली बजाते हुए भी देखा है। अभिषेक ने दोनों फिल्मों के टिकट खिड़की पर प्रदर्शन को लेकर कहा कि ये कुल मिलाकर एक खट्टा-मीठा अनुभव है।

# कोहरा सीज़न 2 के कलाकारों में शामिल हुईं मोना सिंह



मोना सिंह, जो अपने असाधारण अभिनय और जादुई प्रेरणा के रूप में अपनी प्रतिष्ठा के लिए जानी जाती हैं, निस्संदेह सीज़न 2 के लिए जादुई औषधि हैं। चाहे वह मेड इन हेवन सीज़न 2 हो या अब कोहरा सीज़न 2, उनकी उपस्थिति सीरीज़ में एक आकर्षक आकर्षण जोड़ने का वादा करती है। बुलबुल जौहरी के अपने किरदार के लिए जानी जाने वाली सिंह की भागीदारी निश्चित रूप से चमक की एक अतिरिक्त परत जोड़ेगी। सुदीप शर्मा द्वारा निर्मित, क्राइम ड्रामा 'कोहरा' ने अपने पहले सीज़न में देश भर में तहलका मचा दिया, आलोचकों की अपार प्रशंसा प्राप्त की और कई पुरस्कार जीते। इस सीरीज़ ने दर्शकों को अपने अपेक्षाकृत कम चर्चित कलाकारों की उल्लेखनीय प्रतिभाओं से परिचित कराया, अब मोना सिंह के रूप में एक सच्चे आइकन का स्वागत कर रही है, जो अपने द्वारा बनाई गई परियोजनाओं को ध्यान और प्रशंसा दिलाने में जादुई तत्व रही हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, मोना दूसरे सीज़न में नवीनतम जोड़ी हैं, जिसकी शूटिंग पंजाब में की जा रही है। टीम उनके जैसी क्षमता वाली अभिनेत्री को शामिल करने के लिए उत्साहित है, और पंजाबी में उनकी धाराप्रवाहता उन्हें इसके लिए एकदम उपयुक्त बनाती है। मोना भी सुदीप के साथ काम करने के लिए रोमांचित हैं, जो समृद्ध और जटिल चरित्र बनाने के लिए जाने जाते हैं। जबकि सिंह के चरित्र का विवरण अभी भी गुप्त रखा गया है, उनके शामिल होने की चर्चा ने नए सीज़न के लिए प्रत्याशा को और बढ़ा दिया है। यह स्पष्ट नहीं है कि कोहरा के ब्रेकआउट स्टार सुविंदर भी दूसरे सीज़न का हिस्सा हैं या नहीं। निर्माता कहानी को नए सिरे से आगे बढ़ा रहे हैं। मोना सिंह की हालिया उपस्थिति मुंज्या में थी जहाँ उन्होंने पम्मी के रूप में दर्शकों का दिल जीत लिया। लेकिन सीरीज़ में, मोना को मेड इन हेवन सीज़न 2 में बुलबुल जौहरी की भूमिका में देखा गया था। उनका निर्विवाद आकर्षण कोहरा सीज़न 2 में भी वही आकर्षक ऊर्जा लाने का वादा करता है, जो प्रशंसकों के लिए एक रोमांचक और अविस्मरणीय अनुभव सुनिश्चित करता है।

# अब कोई फिल्ममेकर नहीं सोचेगा कि बड़ा एक्टर नहीं तो पैसा क्यों लगाएं



अभय वर्मा...इस नाम से अब हर कोई वाकिफ है, खासकर मुंज्या के बाद से। इस फिल्म ने अभय वर्मा को मशहूर कर दिया। अब वह जहां भी जाते हैं, तो लोग पहचान लेते हैं। अभय वर्मा बॉलीवुड के सबसे यंग एक्टर हैं, जिनकी फिल्म ने 100 करोड़ से अधिक की कमाई की थी। बहुत ही कम लोग जानते होंगे कि अभय वर्मा इससे पहले वेब सीरीज द फैमिली मैन के दूसरे सीजन में नजर आए थे। पर उन्हें स्टारडम मुंज्या से मिला।

मुंज्या ने 132 करोड रुपए की कमाई की थी। अभय वर्मा का मानना है कि उनकी इस फिल्म के हिट होने से इंडस्ट्री का स्टीरियोटाइप टूटेगा। वह कहते हैं, मुझे लगता है कि मैं इतनी कम उम्र में 100 करोड़ क्लब में शामिल होने वाला पहला कलाकार हूं। यह इस नजरिए से भी अच्छा है कि डायरेक्टर और प्रोड्यूसर अब किसी प्रोजेक्ट से पहले यह नहीं सोचेंगे कि ए लिस्टर कलाकार नहीं है तो इसमें पैसा क्यों लगाएं। शायद यह स्टीरियोटाइप अब टूटेगा।

### लोगों को सपने पूरा करने की जल्दी

अभय ने आगे कहा, एक बात यह भी है कि लोग सपने तो देख लेते हैं, लेकिन उन्हें पूरा करने की उन्हें बहुत जल्दी होती है। पर इसके प्रोसेस का मजा भी कमाल का होता है। जैसे मेरा प्रोसेस पानीपत से शुरू हुआ और जब मुंबई मैं आया तो स्ट्रगल पूरा हो गया। युद्ध लड़ने के लिए आप युद्धभूमि में आ गए तो आपका स्ट्रगल खत्म हो जाता है। अब आपको बस तैयारी करनी है और खुद को सामने वाले के सामने प्रेजेंट करना है। तो हर इंसान को अपनी जर्नी एंजॉय करनी चाहिए। लोगों को सफलता की जल्दी रहती है जबकि उन्हें वह प्रोसेस एंजॉय करना चाहिए।

### इंसान बच्चों को दिल जीत सकता है, तो भगवान का भी

पिछले दिनों अभय ने अपना जन्मदिन अंडर प्रिविलेज बच्चों के साथ मनाया था। इस बारे में वह बताते हैं, मुझे लगता है कि अगर इंसान बच्चों का दिल जीत सकता है, तो भगवान का भी जीत सकता है। तो वह जगह मेरे लिए बहुत स्पेशल है। मैं वहां अक्सर जाता हूं। और उस दिन बस मैंने उसे सोशल मीडिया पर डाल दिया क्योंकि मैं उस दिन बहुत खुश था। फिर ये भी बात है कि मैं समाज के लिए भी कुछ करना चाहता हूं।

अभय वर्मा की फिल्म मुंज्या स्टार गोल्ड पर आ गई है। इस पर अपनी उत्सुकता जताते हुए वह कहते हैं, टीवी अपने देश में बहुत खूबसूरत माध्यम है, जो सबसे ज्यादा देखा जाता है। क्योंकि लोग अपने काम से आते हैं तो टीवी देखते हैं। फिर मुंज्या जैसी फिल्म तो आप अपने पूरे परिवार के साथ देख सकते हो। सबसे अच्छी बात है कि लोग घर पर पूरे परिवार के साथ पॉपकॉर्न खाते हुए फिल्म को एंजॉय कर सकते हैं।

# अभिनेत्री बनने से पहले जर्नलिस्ट रह चुकीं डोनल बिष्ट



टीवी अभिनेत्री डोनल बिष्ट अपना जन्मदिन मना रही हैं। डोनल ने अपने करियर की शुरुआत 2015 में सीरियल एयरलाइंस से की थी। वह ट्विस्ट वाला लव, एक दीवाना था और रूप- मर्द का नया स्वरूप जैसे सीरीयल में दिखाई दे चुकी हैं। एक्ट्रेस बनने से पहले वह जर्नलिस्ट थीं, एक टीवी न्यूज चैनल में डोनल ने जर्नलिस्ट के तौर पर काम किया है। डोनल बिष्ट रियलिटी शो बिग बॉस 15 में भी नजर आ चुकी हैं। वह डीडी नेशनल के चित्रहार को भी होस्ट कर चुकी हैं।




# सरकारी टेलीकॉम कंपनी बीएसएनएल ने एक नया रिचार्ज प्लान किया है लॉन्च

## 397 रुपये वाले इस प्लान की वैलिडिटी 150 दिनों की, 4जी डेटा और मुफ्त कॉलिंग

### मुकेश अंबानी की रिलायंस जियो के लिए बड़ी चुनौती के तौर पर देखा जा रहा है

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकारी टेलीकॉम कंपनी बीएसएनएल ने एक नया रिचार्ज प्लान लॉन्च किया है। इसकी कीमत सिर्फ 397 रुपये है। इसकी वैलिडिटी 150 दिनों की है। यह प्लान 4त्न डेटा और मुफ्त कॉलिंग के साथ आता है। इस प्लान को मुकेश अंबानी की रिलायंस जियो के लिए बड़ी चुनौती के तौर पर देखा जा रहा है। बीएसएनएल का यह कदम निजी दूरसंचार कंपनियों की ओर से टैरिफ बढ़ोतरी के बाद आया है। इसके कारण बड़ी संख्या में यूजर बीएसएनएल का रुख कर रहे हैं। बीएसएनएल देशभर में अपनी 4जी सेवाओं को शुरू करने की तैयारी में है। कंपनी ने प्रमुख शहरों और टेलीकॉम सर्किलों में 25,000 से ज्यादा नए 4जी टावर स्थापित किए हैं। सरकार ने बीएसएनएल को मजबूत बनाने के लिए इस साल के बजट में 83,000 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। यह इसके नेटवर्क के विस्तार और आधुनिकीकरण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।




बीएसएनएल के इस नए प्लान को उन लोगों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है जो अपना दूसरा सिम इस्तेमाल करते हैं। यह प्लान न केवल लंबी वैधता प्रदान करता है बल्कि काफी डेटा और मुफ्त कॉल भी देता है। इस प्लान में पहले 30 दिनों के लिए किसी भी नंबर पर असीमित मुफ्त कॉलिंग की सुविधा है। इसके बाद यूजरों को बाकी 150 दिनों के लिए मुफ्त इनकमिंग कॉल का आनंद मिल सकता है। इसके अलावा इसमें पहले महीने के लिए प्रतिदिन 2त्नक्च डेटा का अलाउंस शामिल है। इसके बाद 40 द्मड्ढश्चह्य की स्पीड से असीमित डेटा मिलता है। यह प्लान रिलायंस जियो जैसी दिग्गज कंपनियों को चुनौती दे सकता है।

बीएसएनएल का मानना है कि यह प्लान उन लोगों को आकर्षित करेगा जो एक किफायती और भरोसेमंद प्लान की तलाश में हैं। बीएसएनएल के इस कदम से टेलीकॉम बाजार में प्रतिस्पर्धा बढ़ने की उम्मीद है। सरकारी टेलीकॉम कंपनी की ओर से उठाया गया यह कदम टेलीकॉम बाजार की गतिशीलता में बड़ा बदलाव ला सकता है। यह प्लान बीएसएनएल के बड़े 4जी रोलआउट में एक रणनीतिक कदम माना जा रहा है।

### एमटीएनएल के साथ डील को दिया अंतमि रूप

इसी बीच, बीएसएनएल के रणनीतिक साझेदार महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड ने दिल्ली और मुंबई में 4जी सेवाओं को शुरू करने के लिए बीएसएनएल के साथ एक दशक लंबी डील को अंतिम रूप दे दिया है। इस समझौते का उद्देश्य एमटीएनएल की नेटवर्क सेवाओं को बढ़ावा देना है, जो अपने यूजरों को बेहतर 4जी कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। दोनों ऑपरेटरों की ओर से 4जी क्षेत्र में प्रवेश करने में देरी के बाद यह बड़ी प्रगति है।

बीएसएनएल जैसे-जैसे इस किफायती और मजबूत प्लान के साथ आगे बढ़ रही है, यह न केवल जियो, एयरटेल और वीआइ जैसी दिग्गज कंपनियों को टक्कर दे रही है, बल्कि संभावित रूप से टेलीकॉम बाजार की गतिशीलता को भी नया रूप दे रही है।

## रामा स्टील ट्यूब्स लिमिटेड में एफआईआई निवेशकों ने ली हिस्सेदारी

**इंदौर, एजेंसी।** रामा स्टील ट्यूब्स लिमिटेड (आरएसटीएल) (बीएसई- 539309, एनएसई-रामस्टील) लगभग पांच दशकों के अनुभव के साथ भारत में स्टील ट्यूब्स और पाइप्स और जी.आई.पाइप्स के क्षेत्र में अग्रणी और अग्रणी निर्माता है। एनएसई पर उपलब्ध थोक सौदा डेटा के अनुसार, एबिसु ग्लोबल ओपर्च्युनिटीज फंड लिमिटेड और मिनर्वा वेंचर्स फंड ने रामा स्टील ट्यूब्स लिमिटेड में हिस्सेदारी ली है। दोनों फंड अन्य उल्लेखनीय कंपनियों में हिस्सेदारी रखते हैं। हाल ही में, कंपनी ने घोषणा की कि उसके बोर्ड ने प्रस्तावित नाम रामा डिफेंस प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक रक्षा संबंधी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी के निगमन को मंजूरी दी। भारत में शामिल होने वाली प्रस्तावित पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी रक्षा क्षेत्र के क्षेत्र में कारोबार करेगी। इससे पहले कंपनी ने घोषणा की थी कि वह अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी लेपाक्षी ट्यूब्स प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से अनंतपुर, आंध्र प्रदेश में विनिर्माण क्षमता बढ़ाकर घरेलू स्टील की मजबूत मांग का लाभ उठाने के लिए रणनीतिक रूप से अच्छी स्थिति में है। कंपनी रियल एस्टेट, इंफ्रास्ट्रक्चर और ऑटोमोबाइल जैसे प्रमुख स्टील उपभोग क्षेत्रों से मजबूत घरेलू स्टील की मांग का लाभ उठाने के लिए रणनीतिक रूप से अच्छी स्थिति में है। बढ़ी हुई घरेलू मांग और कम सामग्री की कीमतों से उद्योग को सकारात्मक बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। हमारे आसपास बहुत सारे पुल, बिल्डिंग और पाइपलाइन होते हैं। इन सबको बनाने के लिए स्टील के पाइप का इस्तेमाल किया जाता है। ये पाइप बहुत मजबूत होते हैं और इनकी मदद से ही बड़ी-बड़ी इमारतें खड़ी हो पाती हैं।हमारा देश बहुत तेजी से विकसित हो रहा है। नए-नए शहर बन रहे हैं, सड़कें बन रही हैं, और बहुत सारे निर्माण कार्य हो रहे हैं। इन सबके लिए स्टील के पाइप की जरूरत होती है।अब स्टील के पाइप पहले से ज्यादा मजबूत और टिकाऊ बनने लगे हैं। इनमें नई तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है, जिससे ये जंग भी नहीं लगते।सरकार भी देश में विकास के लिए बहुत काम कर रही है।

## ऑयल ऑफ मालाबार रायगढ़ में भी उपलब्ध

**रायगढ़ ।** उत्तरी केरल का मालाबार क्षेत्र नारियल की खेती के लिए जाना जाता है, क्योंकि अनुकूल जलवायु के चलते यहां गर्मी नमी और अच्छी बारिश होती है, जिससे नारियल की खेती के लिए यह स्थान एकदम सही है। आपको बता दें कि बेहतर नारियल तेल के लिए अच्छे नारियल बहुत ज़रूरी हैं और उत्तरी मालाबार प्रीमियम ग्रेड के नारियल के उत्पादन के लिए जाना जाता है, यही वजह है कि ऑयल ऑफ मालाबार ब्रांड अपने उत्पाद के लिए लगभग 10 प्रतिशत नारियल तेल मालाबार से लेता है, ताकि अच्छे नारियल तेल का निर्माण किया जा सके। ऑयल ऑफ मालाबार रायगढ़ सहित मध्य प्रदेश में भी उपलब्ध हैं। कम ही लोगों को पता होगा कि मालाबार तट पर सदियों से नारियल के पेड़ों की खेती की जा रही है, ऐतिहासिक प्रमाण बताते हैं कि हज़ारों सालों से नारियल के पेड़ इस क्षेत्र की मुख्य फसल थे और यह नारियल के व्यापार का भी प्रमुख केंद्र था। ऑयल अरब सागर के साथ मालाबार तट की महत्वपूर्ण स्थिति के कारण यहां अरब और यूरोपीय व्यापारियों के साथ नारियल का व्यापार किया जाता था। उत्तरी मालाबार में नारियल की अच्छी किस्में उगाई जाती हैंए यहां की जलवायु, भरपूर बारिश और अच्छी जल निकासी वाली मिट्टी के कारण नारियल में तेल की मात्रा भी अधिक होती है और उनका स्वाद भी बेहतर होता है।

## 206 रुपये आईपीओ में शेयर का दाम, पहले ही दिन 300 रुपये के पार पहुंच गए शेयर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आइटी सॉल्यूशंस उपलब्ध कराने वाली कंपनी ओरिएंट टेक्नोलॉजीज की शेयर बाजार में जबरदस्त शुरुआत हुई है। ओरिएंट टेक्नोलॉजीज के शेयर दमदार लिस्टिंग के बाद 300 रुपये के पार पहुंच गए हैं। आईपीओ में ओरिएंट टेक्नोलॉजीज के शेयर का दाम 206 रुपये था। कंपनी के शेयर बीएसई और एनएसई दोनों एक्सचेंज में लिस्ट हुए हैं। ओरिएंट टेक्नोलॉजीज का आईपीओ 21 अगस्त 2024 को दांव लगाने के लिए खुला था और यह 23 अगस्त तक ओपन रहा।

आईपीओ में ओरिएंट टेक्नोलॉजीज के शेयर का दाम 206 रुपये था। ओरिएंट टेक्नोलॉजीज के शेयर बुधवार को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में 40.7 पर्सेंट के प्रीमियम के साथ 290 रुपये पर लिस्ट हुए हैं। लिस्टिंग के ठीक बाद कंपनी के शेयर बीएसई में 5 पर्सेंट की तेजी के साथ 304.45 रुपये पर पहुंच गए हैं। वहीं, एनएसई में ओरिएंट टेक्नोलॉजीज के शेयर 39.81 पर्सेंट के प्रीमियम के साथ 288 रुपये पर लिस्ट हुए हैं। बेहतरीन लिस्टिंग के बाद कंपनी के शेयर एनएसई में 5 पर्सेंट की तेजी के साथ 302.40 रुपये पर पहुंच गए हैं।

# सस्ता हुआ सोना-चांदी

### सर्राफा बाजार में सोना 550 रुपए मजबूत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सोने-चांदी की कीमतों में गिरावट देखने को मिल रही है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर आज सोना 0.16 फीसदी गिरकर 72,010 रुपए प्रति 10 ग्राम पर और चांदी भी 0.36 फीसदी फिसली है, ये 85,349 रुपए प्रति किलोग्राम पर कारोबार कर कर रही है। स्थानीय आभूषण विक्रेताओं की ताजा मांग के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोने का भाव 550 रुपए की तेजी के साथ 74,350 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। इससे पिछले कारोबारी सत्र में शुक्रवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोने का भाव 73,800 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने कहा कि चांदी की कीमत भी 1,200 रुपए के उछाल के साथ 88,200 रुपए प्रति किलोग्राम पर बंद हुई, जबकि इसका पिछला बंद भाव 87,000 रुपए प्रति किलोग्राम था। इस बीच, राष्ट्रीय राजधानी में 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 550 रुपए के उछाल के साथ 74,000 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया। व्यापारियों ने बताया कि घरेलू बाजार में स्थानीय आभूषण विक्रेताओं और खुदरा विक्रेताओं की मांग में तेजी के कारण सोने की कीमतों में तेजी आई है। 'कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर सोमवार को दिल्ली में सर्राफा बाजार बंद रहे थे। एशियाई कारोबारी घंटों में सोना 11.30 डॉलर प्रति औंस की गिरावट के साथ 2,543.90 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''अमेरिकी वृहद आर्थिक आंकड़ों के अपेक्षा से बेहतर रहने और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में तेजी के कारण मंगलवार को सोने में मामूली गिरावट आई।



# भारत में सिटी बसाने की तैयारी में ताइवान की कंपनी फॉक्सकॉन

### तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक की सरकार ने ऑफर की जमीन

### दक्षिणी राज्य फॉक्सकॉन से अलग-अलग मॉडल की मांग कर रहे हैं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** फॉक्सकॉन ठेके पर इलेक्ट्रॉनिक सामान बनाने वाली दुनिया की सबसे बड़ी कंपनियों में से एक है। ऐपल के लिए आईफोन बनाने वाली ताइवान की इस कंपनी ने अपनी होम कंट्री और चीन में फॉक्सकॉन सिटी बनाई है। अब वह भारत में भी इसी तरह का शहर बनाना चाहती है। उसे जमीन देने के लिए दक्षिण के तीन राज्यों आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और कर्नाटक में होड़ मची है। तेलंगाना सरकार ने कंपनी को 2,000 एकड़ जमीन की पेशकश की है। सूत्रों के मुताबिक कम से कम दो और राज्यों ने भी फॉक्सकॉन को जमीन ऑफर की है। आंध्र प्रदेश ने कंपनी को औद्योगिक पार्क बनाने के लिए 2,500 एकड़ और कर्नाटक ने तीन सौ एकड़ जमीन की पेशकश की गई है।

हालांकि अभी यह साफ नहीं है कि राज्य सरकारों ने कंपनी को किस जगह जमीन की पेशकश की है। तेलंगाना के आईटी और उद्योग मंत्री डी श्रीधर बाबू ने ईटी को बताया कि हाल ही में राज्या के मुख्यमंत्री ने फॉक्सकॉन के चेयरमैन से मुलाकात की थी। उन्होंने फॉक्सकॉन सिटी स्थापित करने में गहरी रुचि दिखाई। इसके जवाब में हमारी सरकार ने करीब 2,000 एकड़ जमीन की पेशकश की है। प्रस्ताव के मुताबिक कंपनी अपनी जरूरत के मुताबिक जमीन का विकास करेंगे। मुमकिन है कि कंपनी अपने सप्लायर्स को भी जमीन का कुछ हिस्सा दे सकती है। इसमें ताइवान, चीन या अमेरिका की कंपनियां शामिल हो सकती हैं।




### कई राज्य होड़ में

बाबू ने कहा कि फॉक्सकॉन ने संकेत दिया है कि उनकी एक टीम भूमि का आकलन करने के लिए इस सप्ताह तेलंगाना का दौरा करेगी। तमिलनाडु में चेन्नई के करीब श्रीपेरंबदूर में कंपनी की इंडस्ट्रियल हाउसिंग फैसिलिटी के उद्घाटन के अवसर पर 17 अगस्त को फॉक्सकॉन के प्रेसिडेंट यंग लियू ने बताया कि उनकी कंपनी चेन्नई के पास एक औद्योगिक टाउनशिप बनाने की सोच रही है। अब अन्य दक्षिणी राज्य भी ताइवान की प्रमुख कंपनी से इसी तरह की पहल की मांग कर रहे हैं। बाबू ने कहा कि हमने फॉक्सकॉन को टियर 2 और टियर 3 शहरों में भी विकल्प तलाशने के लिए प्रोत्साहित किया है। उन्होंने कहा कि अगर कंपनी हैदराबाद के पास किसी टियर 2 शहर में जमीन का चयन करने का फैसला करती है, तो हम इस प्रक्रिया को आसानी से पूरा कर सकेंगे। फॉक्सकॉन ने इस बारे में पूछे गए सवालों का जवाब नहीं दिया। सूत्रों ने बताया कि दक्षिण के दूसरे राज्यों और फॉक्सकॉन के बीच बातचीत चल रही है। उन्होंने कहा कि कर्नाटक फॉक्सकॉन को एक सप्लायर पार्क बनाने के लिए लगभग 300 एकड़ जमीन की पेशकश कर रहा है। अभी तक इसे अंतिम रूप नहीं दिया गया है। लेकिन इस फैसिलिटी को बनाने के लिए कंपनी के साथ बातचीत चल रही है। चेयरमैन लियू की भारत यात्रा के दौरान भी इस पर चर्चा हुई थी।

दक्षिणी राज्य फॉक्सकॉन से अलग-अलग मॉडल की मांग कर रहे हैं। तमिलनाडु में लियू ने स्पष्ट किया था कि कंपनी की योजना एक टाउनशिप या औद्योगिक पार्क बनाने की है जहां मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी और कामगारों के लिए आवास एक ही परिसर में होंगे। अभी कंपनी की फैसिलिटी श्रीपेरंबदूर में है जहां वह आईफोन बनाती है। लियू ने संकेत दिया कि कंपनी भारत में स्मार्टफोन असेंबली से आगे बढ़कर आईसीटी, इलेक्ट्रिक वाहन और बैटरी जैसे क्षेत्रों के लिए प्रॉडक्ट्स बनाएगी। कंपनी की श्री सिटी, आंध्र प्रदेश में एक यूनिट है। साथ ही कंपनी कर्नाटक में भी एक फैसिलिटी बना रही है जिसमें मुख्य रूप से आईफोन बनाया जाएगा।

# एप्पल के भारत में विस्तार से पैदा होंगे 6 लाख रोजगार, 70 फीसद महिलाओं को फायदा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एप्पल के चीन से हाथ खींचकर भारत में प्रोडक्शन और बिजनेस बढ़ाने से यहां बड़ी संख्या में रोजगार सृजन होने की उम्मीद है। एक हालिया रिपोर्ट के मुताबिक भारत में अपने प्रोडक्ट्स का दायरा बढ़ाने से एप्पल छह लाख से ज्यादा रोजगारों का सृजन कर सकती है, जिसमें से करीब 70 फीसदी रोजगार महिलाओं को मिलने का अनुमान है। रिपोर्ट के मुताबिक चालू वित्त वर्ष के अंत तक, एप्पल लगभग दो लाख प्रत्यक्ष रोजगार पैदा करेगी। रिपोर्ट में दिए गए सरकारी अनुमानों के अनुसार हर एक प्रत्यक्ष रोजगार से आमतौर पर कम से कम तीन अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होते हैं। इस गणना से कुल पांच से छह लाख नए रोजगारों के अवसर पैदा होने की संभावना है।

ऐसे संकेत हैं कि एप्पल अपनी आगामी आईफोन 16 सीरीज के हाई-एंड प्रो और प्रो मैक्स मॉडल को पहली बार भारत में असेंबल करने की योजना बना रही है। यह उत्पादन कथित तौर पर एप्पल के साझेदार, फॉक्सकॉन टेक्नोलॉजी ग्रुप के माध्यम से तमिलनाडु में उनके श्रीपेरंबुदूर संयंत्र में किया जाएगा। ब्लूमबर्ग न्यूज के अनुसार कंपनी ने तमिलनाडु स्थित अपने कारखाने में हजारों कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया है। गौरतलब है कि कैलिफोर्निया स्थित एप्पल एप्पल ने आधिकारिक तौर पर इट्स ग्लोटाइम टैगलाइन के साथ नौ सितंबर को एक आयोजन की घोषणा की है। उद्योग पर्यवेक्षकों को उम्मीद है कि इस आयोजन के दौरान चार नए आईफोन 16 मॉडल को लॉन्च किया जाएगा। ब्लूमबर्ग के मार्क गुरमन ने हाल ही में शेयर किया कि ऐप्पल एम 4 चिप से लैस अपने पहले मैक के डेवलपमेंट में तेजी ला रहा है, जिसे शुरू में लेटेस्ट आईपैड प्रो के साथ पेश किया गया था। आगामी लाइनअप में मैकबुक प्रो, मैक मिनी और आईमैक के लेटेस्ट वर्जन शामिल होने की उम्मीद है, ये सभी एम 4 चिप से लैस रहेंगे।

# क्रिस्टल क्रॉप प्रोटेक्शन लिमिटेड ने मक्का एवं सोयाबीन के लिए उन्नत कीटनाशक प्रोक्लेम एक्स्ट्रा लॉन्च किया

**भोपाल।** अग्रणी एग्रोकेमिकल कंपनी क्रिस्टल क्रॉप प्रोटेक्शन लिमिटेड ने विशेष रूप से मक्का एवं सोयाबीन के लिए तैयार अपना नवीनतम कीटनाशक प्रोक्लेम एक्स्ट्रा लॉन्च किया है। प्रोक्लेम एक्स्ट्रा को इस तरह से तैयार किया गया है, जिससे यह सभी तरह के सुंडी से सुरक्षा प्रदान करता है, विशेष रूप से स्पोडोप्टेरा ह्यश्चश्च. जैसे फॉल आर्मी कीटो। इससे लंबी अवधि तक फसलों की सुरक्षा सुनिश्चित होती है और किसानों को फसल चक्र के दौरान अपनी उपज को बढ़ाने में मदद मिलती है। इस इनोवेटिव समाधान से फसलों की अच्छी सेहत एवं उनकी बेहतर उत्पादकता सुनिश्चित की जाती है, जिससे किसानों की सफलता एवं सतत समृद्धि में योगदान मिलता है।

प्रोक्लेम एक्स्ट्रा एक स्पर्श , अंतर्प्रवाही एवं ट्रांसलेमिनार क्रियाशील कीटनाशक है। यह ईसी फॉर्मूलेशन है, जो फसलों पर लगने वाले सुंडी कीटों की बड़ी रेंज से बचाता है। इसे प्रयोग करते हुए सुंडी से फसलों को होने वाला नुकसान रुक जाता है। यह तेजी से एवं लंबी अवधि तक सुरक्षा प्रदान करता है। यह कीटों में होने वाले विकास रूपांतरण




(मेटामॉर्फोसिस) को रोकता है, और कीट की विकास शैली को बाधित कर नुक्सान की रोकथाम करता है । किसानों को सोयाबीन की फसल लगाने के 30 से 60 दिन और 60 से 90 दिन के चरण में प्रोक्लेम एक्स्ट्रा का प्रयोग करना चाहिए। मक्का की फसल में बुआई के 11 से 25 दिन और 26 से 60 दिन के चरण में इसका छिड़काव करना चाहिए। दो छिड़काव के बीच 15 दिन का अंतर सुनिश्चित करना चाहिए। इसके प्रभाव को और बढ़ाने के लिए हम लगातार किसानों को प्रशिक्षित करेंगे, जिससे वे इसका सही एवं सुरक्षित प्रयोग कर सकें।

इस लॉन्चिंग के मौके पर क्रिस्टल क्रॉप प्रोटेक्शन लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री अंकुर अग्रवाल ने कहा, 'क्रिस्टल का मिशन किसानों के साथ मिलकर काम करना और उनके लाभ को बढ़ाना है। फसलों की सुरक्षा की प्रक्रिया में पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता देना हमारी रणनीति के केंद्र में है और प्रोक्लेम एक्स्ट्रा इसी के अनुरूप है। इस कीटनाशक से न केवल कई तरह के कैटरपिलर्स नियंत्रित होते हैं, बल्कि इससे सोयाबीन एवं मक्का किसानों को उपज बढ़ाने में भी मदद मिलेगी। प्रोक्लेम एक्स्ट्रा खेती को सभी के लिए लाभकारी बनाने के हमारे प्रयासों का परिणाम है। क्रिस्टल की इनोवेटिव आरएंडडी के साथ हम भारतीय किसानों के लिए सतत कृषि समाधान उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं और प्रोक्लेम एक्स्ट्रा हमारे इसी प्रयास का सफल परिणाम है।

क्रिस्टल उत्पाद श्रंखला में प्रोक्लेम एक्स्ट्रा को शामिल करते हुए हम रोमांचित हैं, जो फसल सुरक्षा के मामले में गेम चेंजर है। इसे कृषि के लाभ एवं पर्यावरण अनुकूलता को बढ़ाने के लक्ष्य के साथ तैयार किया गया है। यह अनूठा फॉर्मूलेशन प्रभावी तरीके से कैटरपिलर्स को निशाना बनाता है और सोयाबीन एवं मक्का किसानों के लिए बेहतर उपज सुनिश्चित करता है। प्रोक्लेम एक्स्ट्रा भारतीय किसानों को सशक्त करने वाले इनोवेटिव सॉल्यूशन प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है।'

इस उत्पाद के प्रभाव के बारे में समझाते हुए क्रिस्टल क्रॉप प्रोटेक्शन लिमिटेड के पोर्टफोलियो हेड इंसेक्टिसाइड श्री प्रवीण गौर ने कहा, 'हम प्रोक्लेम एक्स्ट्रा को पेश करते हुए उत्साहित हैं। यह ऐसा कीटनाशक है, जो कृषि में पेस्ट मैनेजमेंट को नए सिरे से परिभाषित करेगा। एक ईसी फॉर्मूलेशन के रूप में तैयार प्रोक्लेम एक्स्ट्रा की अनूठी कॉन्टैक्ट, सिस्टमिक एवं ट्रांसलेमिनार कार्यशैली की मदद से कैटरपिलर्स के विरुद्ध व्यापक सुरक्षा मिलती है। कीटों के विकास को रोकते हुए प्रोक्लेम एक्स्ट्रा न केवल फसलों को होने वाला नुकसान रोकता है, बल्कि स्थायी प्रभाव भी सुनिश्चित होता है। यह कीट के तीन बेहद नुक्सानदेह अवस्थाएं ,अंडा, लार्वा और वयस्क, पर नियंत्रण करता है

# उदयपुर जिंक सिटी में होने वाली वेदांता जिंक सिटी हाफ मैराथन के लिए रजिस्टेअ्शन शुरू

### 29 सितंबर को पहली वेदांता जिंक सिटी हाफ मैराथन की हिंदुस्तान जिंक करेगा मेजबानी

**उदयपुर एजेंसी।** कुपोषण से बचाव के संदेश के साथ हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड वेदांता जिंक सिटी हाफ मैराथन उदयपुर में 29 सितंबर को आयोजित करेगा। एसोसिएशन ऑफ इंटरनेशनल मैराथन और डिस्टेंस रेस के आधिकारिक सदस्य के रूप मेंए इस आयोजन को एआईएमएस प्रमाणन प्राप्त हुआ है। यह वैश्विक स्तर पर सूचीबद्ध मैराथन हैए जो वैश्विक मंच पर इसके महत्व को बढ़ाता है।

वेदांता जिंक सिटी हाफ मैराथन का मुख्य आकर्षण इसका लुभावना मार्ग होगा जो अरावली पर्वतमाला के मध्य स्थित फतेह सागर झील के चारों ओर है। प्रतिभागी उदयपुर की समृद्ध विरासत के साथ रूबरू होगें जिसमें महाराणा प्रताप स्मारक जैसे प्रतिष्ठित स्मारकोंए सहेलियों की बाड़ी और नीमच माता मंदिर पहाड़ी से गुजरेगा। हाफ मैराथन 21 किलोमीटरए कूल रन 10 किलोमीटरए और ड्रीम रन 5 किलोमीटर की होगी। यह आयोजन दुनिया भर के पेशेवर और शौकिया धावकों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव होगा।




जिंक सिटी उदयपुर अपनी पहली मैराथन की मेजबानी कर रहा है। यह कार्यक्रम शरद ऋतु के आगमन के साथ पोषण माह में होगा जो कि सरकार के कुपोषण मिटाने के अभियान में हिन्दुस्तान ज़िंक की महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगाए साथ ही यह सुनिश्चित करता है कि कोई भी बच्चा भूखा न सोए।

इसमें भाग लेने वाले धावक न केवल उदयपुर के इतिहास का हिस्सा बनेंगेए बल्कि जरूरतमंद लोगों को पौष्टिकए जिंक युक्त भोजन उपलब्ध कराने में भी सीधे योगदान देंगे। वेदांता जिंक सिटी हाफ मैराथन शारीरिक और मानसिक कल्याण दोनों पर जोर देते हुए स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रेरित करता है। यह आयोजन सामाजिक और सामुदायिक नेटवर्किंग के लिए उत्प्रेरक के रूप में तैयार किया गया हैए जो कल्याण के लिए साझा प्रतिबद्धता में विविध पृष्ठभूमि के लोगों को एकजुट करता है। निवारक स्वास्थ्य देखभाल के महत्व के बारे में तेजी से जागरूक दुनिया मेंए विशेष रूप से महामारी के बाद के युग मेंए यह मैराथन एक स्वस्थए फिट और जिंक युक्त जीवन शैली को बढ़ावा देने वाला अग्रणी मंच होगा।

# प्रवासी कार्यकर्ताओं का अनुभव हरियाणा में भाजपा की तीसरी बार सरकार बनाने में करेगा मदद: नायब सैनी

**चंडीगढ़, एजेंसी।** रोहतक के भाजपा प्रदेश कार्यालय ''मंगल कमल'' में पड़ौसी राज्यों से आए प्रवासी कार्यकर्ताओं की बैठक में बोलते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कार्यकर्ता हमारी सबसे बड़ी ताकत है और कार्यकर्ताओं की मेहनत से भाजपा हरियाणा में हैट्रिक लगाने जा रही है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता विधानसभा चुनाव में तीसरी बार कांग्रेस का सफाया करेंगे। दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश से आए प्रवासी कार्यकर्ताओं का स्वागत करते हुए सीएम सैनी ने कहा कि आप सभी लोग अनुभवी हैं, चुनाव लड़ने और चुनाव लड़ाने का अनुभव हैं। उन्होंने कहा आप सभी समर्पित कार्यकर्ताओं की मेहनत और अनुभव से तीसरी बार हरियाणा में भाजपा की सरकार बनेगी। प्रवासी कार्यकर्ताओं की इस बैठक में केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया, प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल कौशिक, संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, प्रदेश महामंत्री डा. अर्चना गुप्ता आदि मौजूद रहे।



नायब सैनी ने कहा कि पहले भी चुनाव के दौरान भाजपा के सभी चुनाव में सहयोग करने आए प्रवासी कार्यकर्ताओं, नेताओं, पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों का कार्य सराहनीय और प्रशंसनीय रहा है। हरियाणा के इस चुनावी समर में आप लोगों का योगदान भी काफी महत्वपूर्ण रहने वाला है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के अंदर दूसरे राज्यों से आए प्रवासी काफी संख्या में रहते हैं। हरियाणा ऐसा राज्य है जहां प्रवासी भाईयों का पूरा मान और सम्मान होता है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों से आह्वान करते हुए कहा कि यहां के कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर आप लोग प्रवासी लोगों से मिलें और उन्हें पार्टी की नीतियों से अवगत कराएं तथा चुनाव में भाजपा के पक्ष में मतदान करने के लिए प्रेरित करें। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता, साल के हर दिन, चौबीसों घंटे देश की सेवा करता है। अब चुनाव में समय कम बचा है, इसलिए सभी लोगों को नई ऊर्जा, नए जोश के साथ काम करना है। मुख्यमंत्री ने सभी प्रवासी कार्यकर्ताओं को सरकार की उपलब्धियों के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि हरियाणा में भाजपा सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन कर सुशासन स्थापित किया है। हरियाणा में युवाओं को बिना पर्ची और बिना खर्ची के योग्यता के आधार पर नौकरियां दी है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा देश का पहला ऐसा राज्य है जहां किसानों की 100 प्रतिशत फसल को एमएसपी पर खरीदने की गारंटी भाजपा सरकार ने दी है। हरियाणा की भाजपा सरकार ने युवाओं, गरीबों, महिलाओं और किसानों के हित में अनेकों योजना बनाकर उनका मजबूती से विकास किया है और सशक्त बनाया हैं। श्री सैनी ने सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह करते हुए कहा कि आप लोग चुनाव के दौरान अलग-अलग स्थानों पर जाएंगे, इसलिए पार्टी की नीतियों से भी लोगों को जोड़ने का काम करें। केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले 10 वर्षों में देशभर में ऐतिहासिक कार्य किए हैं। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भी कम समय में अनेकों जनहित के निर्णय लिए हैं। मुख्यमंत्री नायब सैनी ऐसे सीएम हैं जिनके घर के दरवाजें लोगों के लिए 24 घंटे खुले रहते हैं। मुख्यमंत्री की कार्यशैली से लोग प्रभावित हैं। उन्होंने कहा कि आप सभी प्रवासी कार्यकर्ता और पदाधिकारी तीसरी बार भाजपा सरकार बनाने का सामूहिक प्रयास करते हुए भाजपा के पक्ष में मतदान कराएं। प्रवासी कार्यकर्ताओं का चुनाव प्रचार का अनुभव अवश्य ही भाजपा की तीसरी बार सरकार बनाने में काम आएगा। भाजपा के प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया ने कहा कि प्रवासी कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रवाद की भावना के साथ चुनाव के दौरान कार्य किया है।

## संक्षिप्त समाचार



### पत्नी से माफी मांगी, पासवर्ड और बैंक डिटेल भी बताए, फिर नोएडा में 15वीं मंजिल से नीचे कूद गया इंजीनियर

**नोएडा, एजेंसी।** नोएडा सेक्टर-75 स्थित पंचशील प्रतिष्ठा सोसाइटी के 15वीं मंजिल पर बने फ्लैट की बालकनी से कूदकर आईटी इंजीनियर ने मंगलवार को जान दे दी। पुलिस को मृतक के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। आत्महत्या का कारण जानने के लिए सेक्टर-113 थाने की पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। मृतक के परिजनों को भी घटना की जानकारी दे दी गई है। एसीपी शैव्या गोयल ने बताया कि पंचशील प्रतिष्ठा सोसाइटी के टावर संख्या आठ के फ्लैट नंबर 1508 में 36 वर्षीय पंकज पत्नी और बच्चे के साथ रहते थे। मंगलवार शाम 3 बजे के करीब 15वीं मंजिल से कूदकर पंकज ने आत्महत्या कर ली। किसी के गिरने की आवाज सुनकर सोसाइटी के सिक्योरिटी गार्ड भागकर घटनास्थल पर पहुंचे, लेकिन तब तक पंकज की मौत हो चुकी थी। पंकज सेक्टर-126 स्थित एक कंपनी में आईटी इंजीनियर थे। पुलिस सोसाइटी के अंदर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को खंगाल रही है। जिस समय हादसा हुआ पंकज की पत्नी जालंधर गई हुई थीं। पत्नी को भी घटना की जानकारी दे दी गई है। वह नोएडा के लिए निकल चुकी हैं। बताया जा रहा है कि मैसेज और मेल के माध्यम से पंकज ने घटना के पहले पत्नी से संवाद भी किया था। मेल में पंकज ने अपने लैपटॉप समेत पासवर्ड और बैंक संबंधी जानकारी पत्नी को दी है। आत्महत्या के लिए इंजीनियर ने पत्नी से माफी भी मांगी है। जिस स्थान पर आईटी इंजीनियर ऊंचाई से गिरा वहां चारों तरफ खून फैला हुआ था। इस मामले में मृतक पक्ष की ओर से अब तक संबंधित थाने में कोई शिकायत भी नहीं दी गई है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, पंकज बीते कुछ दिनों से डिप्रेशन की दवा भी ले रहे थे। वह मूलरूप से पंजाब जालंधर के रहने वाले थे।

### इन्फ्लुएंसर्स पर मेहरबान योगी सरकार; योजनाओं के प्रचार वाले ट्वीट, रील



**लखनऊ, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार ने यूपी डिजिटल मीडिया नीति 2024 का ऐलान कर दिया। योगी सरकार की नीति एक्स, इंस्टाग्राम, फेसबुक, यू-ट्यूब जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अच्छा-खासा फॉलोअर रखने वाले इन्फ्लुएंसर्स पर मेहरबान है। सोशल मीडिया के इन्फ्लुएंसर यूपी सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों का गुणगान और बखान करके हर महीने 2 से 8 लाख रुपए तक की कमाई कर सकते हैं। सरकार ने इसके लिए फॉलोअर या सब्सक्राइबर संख्या के आधार पर इन्फ्लुएंसर्स की चार श्रेणियां (कैटेगरी) बनाई है। इन्हें सरकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार करने पर प्रति माह अलग-अलग निर्धारित रेट पर भुगतान की व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव संजय प्रसाद ने एक बयान में कहा है कि यूपी डिजिटल मीडिया पॉलिसी 2024 के जारी होने से देश-विदेश में रह रहे यूपी के लोगों को बड़ी संख्या में रोजगार का मौका भी मिलेगा। इस नीति का फायदा उठाने के लिए एजेंसी या इन्फ्लुएंसर्स को सरकार के पास रजिस्टर करना होगा जिसके बाद उन्हें विज्ञापन जारी होंगे। सरकार का मकसद है कि डिजिटल मीडिया के जरिए विकास और जन कल्याण की योजनाओं के साथ-साथ उपलब्धियों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। यूपी डिजिटल मीडिया नीति 2024 के तहत एजेंसी या इन्फ्लुएंसर्स को सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों पर कंटेंट, वीडियो, ट्वीट, पोस्ट और रील्स बनाने हैं जिसके लिए उन्हें नकद भुगतान के जरिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

## आनंद मोहन ने दी राजस्थान बीजेपी में गुटबाजी को हवा



**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान बीजेपी में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़ का कथित अपमान का मुद्दा गर्माया हुआ है। अब बिहार के नेता आनंद मोहन ने राजेंद्र राठौड़ की उपेक्षा का मुद्दा उठाकर गुटूबाजी को हवा दे दी है। बता दें हाल ही में प्रदेश प्रभारी राधा मोहन दास अग्रवाल ने राठौड़ के प्रति नाराजगी जाहिर की थी। उसके बाद से ही राठौड़ समर्थकों में गुस्सा है। अब बिहार के नेता आनंद मोहन ने राजेंद्र राठौड़ की उपेक्षा का उल्लेख कर गुटबाजी को हवा दे दी है।

दरअसल, राजधानी जयपुर के बिड़ला सभागार में आयोजित राजपूत करणी सेना के संस्थापक लोकेंद्र सिंह कालवी की जयंती समारोह को संबोधित करते हुए आनंद मोहन ने कहा कि राजेंद्र राठौड़ को राज्यसभा भेजना चाहिए। कहां- ऐरे-गैरे को राज्यसभा भेजने के बजाए.. सही आदमी को सम्मान मिले। आनंद मोहन ने इशारों में केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू को राज्यसभा बनाने का किया विरोध किया है। खास बात यह है कि जब आनंद मोहन की बात का राजेंद्र राठौड़ ने मुस्कराकर सहमति जता दी। उसी समय राजेंद्र राठौड़ के बगल में डिप्टी सीएम दिया कुमारी भी मौजूद थी। उल्लेखनीय है कि राजस्थान में राज्यसभा की एक मात्र सीट के लिए बीजेपी ने रवनीत सिंह बिट्ट को उम्मीदवार बनाया है। बिट्टू राज्यसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित हुए है।

हालांकि बिहार के दिग्गज नेता आनंद मोहन ने इसका विरोध किया है। उन्होंने आयोजन में राजस्थान में बीजेपी के हालातों पर चर्चा करते हुए कहा कि राजेंद्र राठौड़ की उपेक्षा ठीक नहीं है। आनंद मोहन का अब इस बयान का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

उल्लेखनीय है कि हाल ही में हुई बीजेपी के सदस्यता अभियान की बैठक में कई सीनियर नेता, मंत्री और विधायक गायब रहे तो राजस्थान बीजेपी के प्रभारी राधा मोहनदास अग्रवाल ने क्लास ले ली। अग्रवाल ने सबसे अधिक क्लास वरिष्ठ नेता राजेंद्र राठौड़ की लगाई। राठौड़ बैठक में आए लेकिन बीच में ही चले गए। अग्रवाल ने प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ से कहा कि वो पूछे राठौड़ बैठक छोड़कर क्यों गए। चेतावनी भी दी कि उनकी नजर सब पर है किसी को बख्शेंगे नहीं। अग्रवाल का चेतावनी वाला वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ। अग्रवाल के बयान से राजेंद्र राठौड़ के समर्थक भड़क गए।

## गुरुग्राम में रहने वालों के लिए राहत की खबर, 34 कॉलोनियों में घरों के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइनें हटेंगी

**गुरुग्राम एजेंसी।**
गुरुग्राम के सोहना, बादशाहपुर, पटौदी और फर्रुखनगर में विकसित 34 कॉलोनियों में घरों के ऊपर या पास से निकल रही 11केवीए क्षमता की हाईटेंशन केबल को हटाया जाएगा। इनमें से 16 कॉलोनियों में हाईटेंशन केबल को स्थानांतरित करने का काम आवंटित किया जा चुका है, जो कार्य अक्टूबर माह तक पूरा कर लिया जाएगा।

चुनाव आचार संहिता हटने के बाद 18 कॉलोनियों में हाईटेंशन केबल को स्थानांतरित करने की मंजूरी लेने के बाद उन्हें हटाया जाएगा। यह फैसला हाईटेंशन केबल के चलते हो रहे हादसों के मद्देनजर लिया है। डीएचबीवीएन से मिली जानकारी के मुताबिक खोरी खुर्द के सरकारी स्कूल के पास से 750 मीटर, गांव जौरासी में 700 मीटर, गांव सराय में 700 मीटर, मोहम्मदपुर में 500 मीटर, राधे नगर में 100 मीटर, पथरेड़ी फीडर में भगवाना के घर के पास 300 मीटर, सोहना बाईपास के जावेद कॉलोनी के पास 1400 मीटर केबल को स्थानांतरित करने का काम आवंटित किया जा चुका है। इन केबल को 31 अक्टूबर तक हटा दिया जाएगा।



इस तरह शेखपुर में तावडू से नट मोहल्ला तक 2200 मीटर, जलालपुर फीडर से डिंगरहेड़ी स्थित बीपीएल कॉलोनी तक 400 मीटर, राठीवास फीडर में कलवाड़ी गांव से 600 मीटर, फतेहपुर से 800 मीटर, झामूवास से 550 मीटर की हाईटेंशन केबल को स्थानांतरित किया जाएगा। दादू गांव में हरिजन बस्ती 520 मीटर, धुलावट गांव में 700 मीटर, खरखड़ी गांव में एक किलोमीटर, धलावट गांव में धूलावाला के समीप 1050 मीटर, सोहना शहर में एचएफडीसी बैंक से पलवल रोड पर ढाई किलोमीटर, सोहना से तावडू रोड पर तीन किलोमीटर, दमदमा रोड पर डेढ़ किलोमीटर, भोगपुर में 650 मीटर, रायपुर में 1970 मीटर की हाईटेंशन केबल को स्थानांतरित करने की योजना है। चुनाव आचार संहिता के बाद उच्चाधिकारियों को घरों के पास से निकल रही हाईटेंशन केबल के बारे में अवगत करवाया जाएगा। मंजूरी लेने के बाद इन केबल को स्थानांतरित करने का इस्टीमेट बनाया जाएगा। अगले साल में इन केबल को हटा दिया जाएगा। इसके अलावा पटौदी और फर्रुखनगर क्षेत्र की छह कॉलोनियों से केबल को स्थानांतरित किया जाएगा।

गत 12 जुलाई को भवानी इंकलेव कॉलोनी में छत की सफाई करने के दौरान एक महिला छज्जे के पास से निकल रही 11 केवीए हाईटेंशन केबल की चपेट में आ गई थी। इससे महिला की मौके पर मौत हो गई थी। महिला को बचाने गए उसका बेटा और भाभी भी झुलस गए थे, जिन्हें इलाज के लिए दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में दाखिल करवाया गया था। पिछले सप्ताह प्रेमपुरी झाड़सा गांव में छत पर पतंग उड़ा रहे तीन बच्चे 66 केवीए हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर झुलस गए थे। ये लाइन इनके घर के ऊपर से निकल रही है।

## ऑस्ट्रेलियाई शोधकर्ता का 2014 में लापता एचएच370 विमान का पता लगाने का दावा

**मेलबर्न, एजेंसी।** एक ऑस्ट्रेलियाई वैज्ञानिक ने दावा किया कि उन्होंने कई साल पहले लापता हुए एचएच370 विमान का पता लगा लिया है। 2014 में कुआला लंपुर से 239 यात्रियों के साथ उड़ान भरने के बाद ही मलयेशियाई एयरलाइंस की उड़ान रडार से बाहर हो गई थी। इस विमान को ढूंढने के लिए विमानन इतिहास में सबसे बड़ा खोज अभियान चलाया गया, लेकिन आज भी इस विमान का पता नहीं चल पाया। अब तस्मानिया के शोधकर्ता विंसेंट लाइन ने कहा कि उन्हें भरोसा है कि उन्होंने इस विमान को खोज निकाला। उन्होंने दावा किया कि विमान को विमान को जान बूझकर हिंद महासागर के 20,000 फीट गहरे ब्रोकन रिज में गिराया गया है। शोधकर्ता विंसेंट लाइन ने कहा, एचएच370 के गायब होने की कहानी, बिना किसी संदेह के 7वें आर्क पर ईंधन की कमी, हाई स्पीड डाइव से लेकर हिंद महासागर में विमान को गायब करने को अंजाम देने का मास्टरमाइंड पायलट की तरफ इशारा करता है। यह मिशन कामयाब हो गया होता अगर विमान का दाहिना पंख लहरों के बीच से नहीं निकला होता। विंसेंट लाइन यूनिवर्सिटी ऑफ तस्मानिया के इंस्टीट्यूट फॉर मरीन एंड अंटार्कटिक स्टडीज में काम करते हैं। उन्होंने आगे बताया कि विमान के पंखों, फ्लैपों और फ्लैपरॉन को हुए नुकसान से पता चलता है कि यह घटना जान बूझकर किया गया है। लाइन ने आगे कहा कि पूर्व-मुख्य कनाडाई एयर-दुर्घटना जांचकर्ता लैरी वेंस के विश्लेषण के आधार पर एमएच 370 जब खाई के ऊपर से गुजरा तब इसमें ईंधन और चलने वाले इंजन थे। तस्मानिया के शोधकर्ता ने कहा, इसकी खोज की जाएगी या नहीं, यह अधिकारियों और कंपनियों पर निर्भर है। जहां तक विज्ञान का सवाल है।

## सूडान में पैरा मिलिटरी रैपिड सपोर्ट फोर्सेज के हमले में 25 लोगों की मौत, 30 घायल

**खार्तूम , एजेंसी।** पश्चिमी सूडान के उत्तर दारफूर राज्य की राजधानी एल फाशेर में पैरामिलिटरी रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) द्वारा किए गए एक हमले में कम से कम 25 लोग मारे गए और 30 अन्य घायल हो गए। उत्तर दारफूर राज्य के स्वास्थ्य प्रमुख इब्राहीम खतीर ने मंगलवार को सिन्हुआ समाचार एजेंसी को बताया, आरएसएफ ने सोमवार को अबू शौक कैंप मार्केट पर चार शेल दागे, जिसमें 25 लोग मारे गए और लगभग 30 अन्य लोग घायल हो गए। खतीर के मुताबिक, यह घटना सोमवार को हुई और घायलों को अबू शौक क्षेत्र के स्वास्थ्य केंद्रों, सऊदी अस्पताल और सेना के मेडिकल कॉर्प्स अस्पताल में उपचार के लिए भेजा गया है।



एल फाशेर में एक गैर-सरकारी समूह ने मंगलवार को अपने फेसबुक पेज पर एक बयान में कहा कि आरएसएफ ने सोमवार को एल फाशेर में निजी सब-सहारा कॉलेज पर बमबारी की, जिससे इस कॉलेज के मुख्य हॉल, प्रयोगशाला, शवगृह और अन्य इमारतें नष्ट हो गईं। हालांकि आरएसएफ ने इन घटनाओं पर अभी तक कोई टिप्पणी नहीं की है। बता दें कि 10 मई से, एल फाशेर में सूडानी सशस्त्र बलों (एसएएफ) और आरएसएफ के बीच भीषण संघर्ष जारी है। सूडान में 15 अप्रैल, 2023 से आरएसएफ और आरएसएफ के बीच गंभीर संघर्ष हो रहा है, जिससे कम से कम 16,650 लोगों की मौत हो चुकी है। हालिया यूएन आंकड़ों के अनुसार, सूडान में अनुमानित 10.7 मिलियन लोग आंतरिक रूप से विस्थापित हो चुके हैं, जबकि लगभग 2.2 मिलियन अन्य पड़ोसी देशों में शरण ले रहे हैं। इससे पहले पश्चिमी सूडान में उत्तरी डारफुर राज्य की राजधानी एल फशर पर ही 12 अगस्त को अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) के हमले में कम से कम 28 नागरिक मारे गए और 46 अन्य घायल हो गए थे। वहां के कार्यवाहक गवर्नर अल-हाफिज बखेत के अनुसार, सूडानी सशस्त्र बल (एसएएफ) और डारफुर क्षेत्र में सशस्त्र आंदोलन के संयुक्त बल ने शनिवार को अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्सेज के हमले को विफल करने में कामयाबी हासिल की थी और उन्हें भारी नुकसान पहुंचाया था।

## सबसे पहले संसद में घुसने के दोषी को चार साल की जेल

**वॉशिंगटन, एजेंसी।**
साल 2021 में अमेरिकी संसद (यूएस कैपिटल) में हुई हिंसा के मामले में एक व्यक्ति को हिंसा का दोषी ठहराते हुए अदालत ने चार साल से ज्यादा की जेल की सजा सुनाई है। दोषी व्यक्ति की पहचान 46 साल के फैक्ट्री सुपरवाइजर माइकल स्पार्क्स के रूप में हुई है। स्पार्क्स केंटकी का निवासी है। आरोप है कि 6 जनवरी 2021 को जब अमेरिकी संसद में दंगाइयों की भीड़ घुसी थी तो सबसे पहले अमेरिकी संसद में घुसने वाला व्यक्ति माइकल स्पार्क्स ही था। अब अदालत ने उसे 53 महीने की सजा सुनाई है।



माइकल स्पार्क्स को प्रतिबंधित इमारत में जबरन घुसने, नागरिक अव्यवस्था फैलाने और विघटनकारी आचरण का दोषी पाया गया था। अभियोजकों ने अदालत से स्पार्क्स के लिए 57 महीने की सजा की मांग की थी, जबकि स्पार्क्स के बचाव पक्ष के वकीलों ने कहा कि उसे 12 महीने के लिए घर पर नजरबंद रखा जाए। जिला न्यायाधीश टिमोथी केली ने स्पार्क्स को 53 महीने की जेल और 2,000 डॉलर के जुर्माने की सजा सुनाई। अभियोजकों ने कहा कि स्पार्क्स यूनाइटेड स्टेट्स कैपिटल बिल्डिंग में प्रवेश करने वाला पहला दंगाई था और स्पार्क्स ही अमेरिकी संसद में आग लगाने की घटना में शामिल था। उन्होंने कहा कि स्पार्क्स टूटी हुई खिड़की से संसद में घुसा।

### पुलिस का आरोप- बाकी लोगों को रास्ता दिखाया

अभियोजकों के अनुसार, पुलिस ने स्पार्क्स को रोकने की कोशिश की और उसके चेहरे पर मिर्च का स्प्रे भी किया था। साथ ही पुलिस ने चेतावनी भी दी थी, लेकिन स्पार्क्स ने चेतावनी को अनसुना करते हुए अमेरिकी संसद में घुसपैठ की। पुलिस के अधिकारियों ने स्पार्क्स के खिलाफ अदालत में गवाही दी। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि स्पार्क्स जिस तरह से संसद में घुसा उससे बाकी प्रदर्शनकारियों को भी हौसला मिला और सभी लोग उसके पीछे संसद में घुस गए।

अमेरिका में हुए साल 2020 के राष्ट्रपति चुनाव में ट्रंप की हार के बाद उनके समर्थकों ने यूएस कांग्रेस पर धावा बोल दिया था। इस मामले में 1500 लोगों को आरोपी बनाया गया है। कैलिफोर्निया के सांता एना के 37 वर्षीय डेविड डेम्पसी, जिन्हें अभियोजकों ने भीड़ के सबसे हिंसक सदस्यों में से एक बताया था, को इस महीने 20 साल की जेल की सजा सुनाई गई थी। यह सजा अब तक सुनाई गई दूसरी सबसे लंबी सजा थी। वहीं संसद में घुसने वाले धुर दक्षिणपंथी समूह प्राउड बॉयज के पूर्व नेता एनरिक टैरियो को देशद्रोही साजिश का दोषी ठहराया गया और 22 साल की जेल की सजा सुनाई गई थी। अमेरिकी संसद (यूएस कैपिटल) पर हमले में कम से कम पांच लोग मारे गए और 140 पुलिस अधिकारी घायल हो गए थे।

## यूक्रेन ने रूस में 100 बस्तियों पर कब्जा करने का किया दावा

**कीव/मास्को, एजेंसी।** यूक्रेनी सशस्त्र बलों के कमांडर-इन-चीफ ओलेक्सांद्र सिरस्की ने कहा कि 6 अगस्त को रूस के कुर्स्क क्षेत्र में घुसने के बाद से यूक्रेनी सैनिकों ने 100 बस्तियों पर कब्जा कर लिया है। मंगलवार को इंटरफैक्स-यूक्रेन समाचार एजेंसी ने सिरस्की के हवाले से कहा, हम आगे बढ़ रहे हैं, रूसी सैनिकों को महत्वपूर्ण नुकसान हो रहा है। सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने बताया कि रूस ने अन्य क्षेत्रों से लगभग 30,000 सैनिकों को कुर्स्क में फिर से तैनात किया है और यूक्रेनी बलों को चारों ओर से घेरने की कोशिश कर रहा है। इस बीच, रूस के रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि उसके विशेष बलों ने कुर्स्क क्षेत्र के सुदझा जिले में एक ऊंचाई वाली जगह को सुरक्षित करने के लिए एक अभियान चलाया है। यह क्षेत्र पहले यूक्रेन के कब्जे में था। यह ऊंचाई वाली जगह यूक्रेनी ठिकानों से 400-500 मीटर दूर स्थित है। रूसी सैनिक अब यूक्रेनी सैन्य गतिविधियों पर नजर रख सकते हैं। सिरस्की ने कहा कि यूक्रेन ने अपने सुमी क्षेत्र में गोलीबारी को रोकने के लिए एक बफर ज़ोन बनाने के उद्देश्य से कुर्स्क में अभियान शुरू किया। उन्होंने कहा कि उनके सैनिक आगे बढ़ रहे हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादक: रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोट: प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129